आज ३.००
तीन रुपये मात्र

आज

अखण्ड सौभाग्य प्रदाता

गौरवशाली परम्परा

करवाचौथ व्रत

वाराणसी, गुरुवार २९ अक्तूबर, २०२६ सौर १२, कार्तिक कृष्ण ४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

केन्द्रीय कर्मचारियोंको दिवालीसे पहले तोहफा

डीए-डीआरमें तीन प्रतिशतका इजाफा,केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार 28 अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई

भत्ते और महंगाई राहत में बढोतरी पर मुहर लगा दी. सरकार ने डीए और डीआर में 3प्रतिशत का इजाफा कर दिया है. अब डीए 60 फीसदी से बढकर 63 फीसदी हो हो गया है.महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के लिए 10,016 करोड़ की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में आर्थिक गतिविधियों को गति देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल 29,267 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी. घरेलू लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग प्रमोशन स्कीम हेतु 10,000 करोड़ की राशि मंजूर की गई है. खेल उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग (शेष पृष्ठ ९ पर)

वाहनकी चपेटमें आनेसे मां, बेटे और पोते की मौत

नरायनपुर, मीरजापुर (ह.स.)। अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर में खराब सड़क और पटरी विहीन मार्ग पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। आलूमिल के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मां, बेटे और तीन वर्षीय पोते की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं खराब सड़क को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नरायनपुर चौकी इंचार्ज आशीष सिंह के अनुसार, पट्टी कलां, थाना अहरौरा निवासी मनोज चौहान (२५) पुत्र रमेश चंद्र चौहान अपनी मां मुन्नी (४५) पत्नी रमेश चंद्र चौहान और तीन वर्षीय भतीजे श्रेयांस पुत्र विकास चौहान के साथ बाइक से रामनगर, वाराणसी स्थित अपनी बुआ के घर से वापस लौट रहा था। (शेष पृष्ठ ९ पर)



दो बच्चों संग ट्रेनके आगे कूदी महिला, तीनों की मौत

आजमगढ़ (ह.स.)। रानी की सराय थाना क्षेत्र के स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर पौने एक बजे महिला ने अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। हादसे में महिला और दोनों बच्चों की मौत हो गयी। ट्रेन के गुजरने के बाद घटना की जानकारी हुई तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना थाना क्षेत्र में हुई, लेकिन सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी भी पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद भी तीनों की पहचान नहीं हो सकी। आसपास के लोगों के अनुसार महिला अपने दो बच्चों के साथ काफी देर से रेलवे प्लेटफार्म के दूसरी ओर बैठी थी। दोपहर (शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहारमें भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

छपरा (आससे.)। सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भैंसमारा के समीप बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छपरा से सवारी लेकर गड़खा की ओर जा रहा टेंपो भैंसमारा के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायलों को डायल-112 की टीम में तैनात एसआई अंकित कुमार सिंह ने तत्काल उठाकर श्रीनिवास अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उपचार के दौरान दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई। मृतकों में छपरा गांव निवासी विशाल कुमार राम की 26 वर्षीय पत्नी अनुकुमारी, भगवान बाजार थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी भोला प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार तथा रतनपुरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार शामिल हैं।

इन्वेस्टमेंट और इंडस्ट्री का हब बन रहा यूपी-योगी

बनेगी वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी, सरकारने बताया अपना विजन

लखनऊ (आससे.)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर बड़ा बदलाव आया है। सीएम ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेशवासियों को सरकार की उपलब्धियों और निवेश को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए न तो स्पष्ट दृष्टि थी और न ही कोई ठोस कार्ययोजना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला है। सरकार ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की नई कार्यसंस्कृति विकसित की है। सीएम ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल माहौल के कारण उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसी विश्वास को और मजबूत करने के लिए बुधवार को सिंगापुर के (शेष पृष्ठ ९ पर)

एमएलसी शिक्षक-स्नातक चुनाव

छहपर भाजपा, तीनपर सपा विजयी

वाराणसीमें शिक्षक सीटसे लालबिहारी यादव जीते, आशुतोष सिनहाने बनायी बढ़त

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश की 11 विधान परिषद सीटों के लिए मतगणना चल रही है। लखनऊ शिक्षक खंड में भाजपा के उमेश द्विवेदी लगातार तीसरी बार जीते गए हैं। यहां पर नंबर दो सपा के सुशील कुमार रहे। वाराणसी में सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है, मेरठ में दोनों सीटों पर कमल खिला है। बरेली में भी भाजपा का परचम रहा। आगरा में भी सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। झांसी-इलाहाबाद सीट पर भी सपा ने जीत दर्ज कर ली है। गोरखपुर में भी भाजपा ने जीत दर्ज की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन- 2026 में विजयी सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। विश्वास है कि आप सभी शिक्षकों एवं स्नातकों की आकांक्षाओं को सशक्त स्वर देते हुए उनके हितों के संरक्षण, शिक्षा के उन्नयन और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मुख्यमंत्रीने विजयी प्रत्याशियोंको दी बधाई

आप सभी के यशस्वी कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में कांटे की टक्कर के बीच भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी जीत गए। लगातार चौथी बार एमएलसी बने ध्रुव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय राजीव यादव को 2,210 मतों से पराजित किया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव की मतगणना में दूसरी वरीयता के मतों की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी व एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी 307 वोट से चुनाव जीत गए हैं।

निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव कड़ी टक्कर के बाद भी पीछे रह गए। वहीं सपा के डॉ. संजयन त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के नतीजों पर सपा नेता सनातन पांडे ने कहा, अगर धांधली नहीं होती तो 100 प्रतिशत सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत होती। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर उन्होंने कहा, कम से कम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वीकार किया कि उनका वोट कम हो रहा है और सपा का वोट बढ़ रहा है। पीएम मोदी के ट्वीट पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी कहते हैं, आप शायद पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो एमएलसी (एमएलसी) के सीमित चुनावों पर बात कर रहे हैं।

पीलीभीत : जिला उद्योग केंद्र का वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

पीलीभीत (एजेंसी)। पीलीभीत में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में जिला उद्योग केंद्र के वरिष्ठ सहायक हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) बरेली की टीम ने बुधवार को उन्हें पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में दोपहर करीब 12:20 बजे की गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। एंटी करप्शन टीम के अनुसार, बरखेड़ा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर हुक्मी निवासी सुरेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। सुरेंद्र कुमार ने वाटर प्लांट लगाने के लिए ऋण स्वीकृत कराने के संबंध में रिश्वत मांगे जाने की बात कही थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए संगठन की बरेली इकाई ने मामले की जांच की।

पंजाबकी जेलमें गैंगस्टर की मौत

होशियारपुर (एजेंसी)। होशियारपुर जिला जेल में बंद नामी गैंगस्टर भुवनेश चोपड़ा उर्फ आशीष चोपड़ा की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल होशियारपुर लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। सिविल अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार, जब आशीष चोपड़ा को अस्पताल लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल उसकी मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम और संबंधित जांच के बाद ही चल सकेगा। फिरोजपुर निवासी भुवनेश चोपड़ा उर्फ आशीष चोपड़ा पंजाब के चर्चित गैंगस्टरों में शामिल था।

महिलाओं के अधिकार बनाम ट्रांसजेंडर कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। यह याचिका महिला संगठन विमेंस डिक्लेरेशन इंटरनेशनल इंडिया की ओर से दाखिल की गई है। संगठन का कहना है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा (शेष पृष्ठ ९ पर)

मोदी-शाहका खिलौना नहीं है भारतीय उद्योग जगत-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने टाटा समूह में चल रहे नेतृत्व विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि टाटा

टाटा समूह विवादपर साधा केन्द्र सरकारपर निशाना

समूह को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, लेकिन बड़े उद्योगपति इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उद्योगपति आखिर कब तक खामोश रहेंगे? क्या वे तब तक चुप रहेंगे, जब तक उन पर कब्जा नहीं कर लिया जाता? उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग जगत मोदी और शाह का 'खिलौना' नहीं है। राहुल ने उद्योगपतियों से साहस दिखाने की अपील करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इन कथित अपराधों के खिलाफ इंसाफ दिलाने के लिए

संघर्ष करेगी। दरअसल, टाटा समूह में विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को लेकर है। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन को फिर से चेयरमैन नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव को चुनौती देते हुए बोर्ड बैठक में लिए गए फैसले को कथित तौर पर 'अवैध' करार दिया है। बता दें कि यह प्रस्ताव टाटा संस के बोर्ड की 17 सितंबर को हुई बैठक में मंजूर किया गया था। इस विवाद के कारण टाटा ट्रस्ट्स के न्यासियों के बीच मतभेद सामने आए हैं और मामला समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बोर्ड तक पहुंच गया है। टाटा समूह देश के प्रमुख कारोबारी समूहों में शामिल है।

सीजेपीने किया रैली का समर्थन, कहा-'ज्ञानेश कुमारको जाना होगा'

नयी दिल्ली (आससे.)। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को समर्थन देने का एलान किया है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारा देते हुए कहा, 'ज्ञानेश कुमार को जाना होगा।' पार्टी ने अपने बयान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चिंता जताई और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। उसका कहना है कि लोकतंत्र में सरकार चुनने का अधिकार जनता के पास होना चाहिए, न कि सरकार को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि कौन वोट दे सकता है। पार्टी ने अपने संदेश के अंत में 'राष्ट्र सबसे ऊपर' का नारा भी दिया है। यह समर्थन ऐसे समय में सामने आया (शेष पृष्ठ ९ पर)

हरदीप सिंह पुरी को भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को एक बार फिर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पुरी को मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। इससे उनके मोदी कैबिनेट में बने (शेष पृष्ठ ९ पर)

पीएनबीमें ३५ करोड़का घोटाला, पांच निलंबित

ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा के ऐच्छर गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच में करीब 35 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है. आरोप है कि कई खाताधारकों की एफडी समय से पहले तोड़कर रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दी गई। शिकायतें मिलने के बाद बैंक मैनेजर समेत पांच कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। अब तक 16 लोगों ने पुलिस से शिकायत की है, जबकि एंटी करप्शन टीम भी जांच में जुटी है. बैंक ने खाताधारकों को भरोसा दिलाया है कि उनका पैसा वापस खातों में पहुंचा दिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा के पंजाब नेशनल बैंक का मामला सामने आने के बाद पीएनबी क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से बैंक मैनेजर सहित पांच बैंक कर्मचारियों को निलंबित कर नए स्टाफ की तैनाती की गई है।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com

मौसम

सूर्योदय : ०६.०३
सूर्यास्त : ०५.२०

तापमान
अधि. : ३१.१
न्यून. : २२.०

दिल्ली एसआईआर : सुप्रीम कोर्टने चुनाव आयोगसे पूछे कई सवाल

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कई अहम सवाल पूछे हैं। अदालत ने पूछा कि जब किसी व्यक्ति का नाम 2026 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज था, तो ड्राफ्ट सूची से नाम छूटने के बाद उसे नए मतदाता के तौर पर पंजीकरण

मतदाता सूचीमें नाम था, फिर फार्म-६ भरनेको क्यों कहा

कराने वाला फॉर्म-6 भरने के लिए क्यों कहा जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जिन मतदाताओं को गणना फॉर्म नहीं मिला या जो समय पर इसे जमा नहीं कर सके, उनके मामले में भी रास्ता होना चाहिए। चुनाव आयोग ने देर से फॉर्म स्वीकार करने और 30 अक्तूबर की समयसीमा जरूरत पड़ने पर बढ़ाने पर विचार करने की बात कही है। उसे दो सप्ताह में अदालत को जवाब देना है।सुनवाई के दौरान अदालत ने मतदाताओं के अधिकार, फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आयोग की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए। याचिका में बताया गया कि दिल्ली की

ड्राफ्ट मतदाता सूची से करीब 47 लाख नाम गायब हैं। इनमें लगभग 43 लाख लोगों को स्थायी रूप से स्थानांतरित या अनुपस्थित और करीब दो लाख को मृतक बताया गया है। अदालत ने कहा कि केवल तय (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रदेशके बिजली उपभोक्ताओंको नवंबर में मिलेगी ९.१७ प्रतिशत की छूट

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर के बिजली बिल में राहत मिलने जा रही है। फ्यूल सरचार्ज में कमी के चलते उपभोक्ताओं का बिल 9.17 प्रतिशत तक कम होकर

फ्यूल सरचार्ज घटनेसे बिलपर पड़ेगा असर

आएगा। इस साल अब तक की यह सर्वाधिक गिरावट बताई जा रही है। फ्यूल सरचार्ज घटने का सीधा असर बिजली बिल पर पड़ेगा, जिससे उपभोक्ताओं को भुगतान में राहत मिलेगी। बढ़ते खर्चों के बीच बिजली बिल में होने वाली यह कमी आम उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई में बड़ी राहत मिली थी। जुलाई में बिजली 4.43 प्रतिशत सस्ती (शेष पृष्ठ ९ पर)

जौहर यूनिवर्सिटी की ४२६ करोड़से अधिक की संपत्ति कुर्क

लखनऊ(आससे.)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी लखनऊ जोन ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की जमीन और इमारतों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अस्थायी रूप से अटैच कुर्क कर लिया है। संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपये है, जबकि इसकी मौजूदा बाज़ार कीमत लगभग 1170 करोड़ रुपये है। इस संबंध में ईडी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रामपुर जिले के गाँव सिंघानखेड़ा, जौहर नगर में स्थित यह यूनिवर्सिटी कैंपस

ईडीकी बड़ी काररवाई

मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के पास है। इस ट्रस्ट की स्थापना मोहम्मद आज़म खान ने की थी और वही इसे नियंत्रित करते हैं। साथ ही, वे इस यूनिवर्सिटी के मानद चांसलर भी हैं। ईडी का कहना है कि रामपुर के अजीमनगर थाना में दर्ज 26 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू हुई थी। इन मामलों में आरोप था कि विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए किसानों की कृषि जमीन को जबरन कब्जे में ली गई। जब जिला प्रशासन ने जांच की तो उनकी रिपोर्ट के मुताबकि, सिंहानखेड़ा गांव में करीब 34 एकड़ में फैले शत्रु संपत्ति के 45 भूखंडों पर भी कथित तौर पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। ईडी की कार्रवाई के बाद शत्रु संपत्ति अभिरक्षक ने जिला प्रशासन के जरिए इस जमीन का कब्जा वापस ले लिया है।

दिल्लीमें अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में पुलिस ने अवैध पटाखे बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिनके कब्जे से 880 तैयार पटाखे, 600 अधबने पटाखे, 34 किलो संदिग्ध विस्फोटक पाउडर और पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया रिहायशी इलाके में अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनका भंडारण करने का काम किया जा रहा था, जिससे लोगों की जान-माल को गंभीर खतरा हो सकता था. थाना गोकलपुरी पुलिस को एक मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गोकलपुर गांव की एक मकान की दूसरी मंजिल पर छापेमारी की।

चक्रवात अर्नबसे आंध्रमें भारी तबाही, पांचकी मौत

चक्रवाती तूफान अर्नब ने बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के काकीनाडा और पुडुचेरी के यानम के बीच तट पर दस्तक दी। इसके कारण तटीय इलाकों में तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। ओडिशा में भी चक्रवाती तूफान के चलते कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। अर्नब से हुए नुकसान का आकलन करने केंद्रीय टीम भेजने की मांग, अमित शाह को नायडू ने लिखा पत्र आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चक्रवात अर्नब से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की मदद आगे भी जारी रखने की मांग की। नायडू ने कहा कि शुरुआती आकलन के अनुसार करीब 80 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें

सैकड़ों मकान ध्वस्त, २०० से अधिक पेड़ गिरे, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

अधिकतर कोनसीमा जिले में हैं। राज्य की सड़कों पर 220 से अधिक पेड़ गिरे, जिनमें से 170 से ज्यादा हटाए जा चुके हैं। तटीय जिलों के कुछ हिस्सों में सड़कों को नुकसान और बिजली आपूर्ति बाधित होने की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि बहाली के लिए टीमें काम कर रही हैं और आने वाले दिनों में बारिश तथा बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। चक्रवात अर्नब के कारण हुई भारी से बेहद भारी बारिश ने दक्षिणी ओडिशा को प्रभावित किया है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बुधवार को बताया कि 30 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकार को आशंका है कि चक्रवात से दक्षिणी जिलों में असर पड़ेगा और मलकानगिरी सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकता है। गंजाम, गजपति, रायगड़ा, (शेष पृष्ठ ९ पर)

दक्षिण मैड्रिडमें दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर, ६४ की मौत

मैड्रिड (एजेंसी)। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो तेज रफ्तार ट्रेनें टकरा गईं। इस हादसे में कम से कम ६४ लोगों की मौत होने की खबर है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसे में रेनफे एवीई सेवा की एक ट्रेन और निजी कंपनी इर्यो की एक ट्रेन शामिल थीं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।हादसा उरडा में रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुबह 8.54 बजे (स्थानीय समय) आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया।कास्तिया-ला मांचा की 112 आपातकालीन सेवा ने बताया कि अल्काजार दे सान हुआन और ऑर्गाज से दमकलकर्मियों को भेजा गया है। आसपास की नगरपालिकाओं से नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, तीन चिकित्सा हेलीकॉप्टर भी घटनास्थल पर भेजे गए हैं। ये दल हादसे में बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

१६ दोपहिया वाहन बरामद

गाजीपुर। जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वाट टीम और जंगीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने 27 और 28 अक्टूबर की मध्यरात्रि में कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर 15 दोपहिया वाहन, एक कटा हुआ इंजन तथा बाइक के अन्य पुर्जे बरामद किए हैं। इसके अलावा चोरी के तीन मोबाइल फोन और 450 रुपये भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सादात थाना क्षेत्र के कटया गांव निवासी प्रवेश राजभर उम्र 25 वर्ष, अतुल सिंह उम्र 29 वर्ष और नीरज राजभर उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर स्वाट टीम और जंगीपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग और कार्रवाई कर गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि वाहन चोरी के खिलाफ जिले में हाल के वर्षों की यह बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। बरामद वाहनों को कब्जे में लेकर नियमानुसार सील किया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी ई-साक्ष्य के माध्यम से कराई गई।इस कार्रवाई में स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित बालियान, जंगीपुर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक ओमप्रकाश और मंडी समिति चौकी प्रभारी पन्नेलाल यादव सहित स्वाट टीम, सर्विलांस सेल तथा जंगीपुर थाने के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

करेण्ट से कर्मचारी की मौत

गाजीपुर। स्वास्थ्य विभाग परिसर में बुधवार शाम करंट की चपेट में आने से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामप्रवेश उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई। हादसे के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मरदह क्षेत्र के निवासी रामप्रवेश बुधवार शाम स्वास्थ्य विभाग परिसर में मलेरिया विभाग के पीछे स्थित समर्सिबल के पास गए थे। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

बरामद वाहन का दृश्य। छाया:आज

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

सादात, गाजीपुर। रेलवे स्टेशन यार्ड के दक्षिण तरफ किलोमीटर संख्या 108 के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ दादर एक्सप्रेस (डाउन) की चपेट में आने से एक 32 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान सादात नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो निवासी पंकज कुमार की पत्नी साधना देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मृतका पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे जब दादर एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी, तभी महिला उसकी चपेट में आ गई। दुर्घटना के बाद सादात स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद ड्राइवर ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी।

मृतक के भाई को एमएलसी चंचल ने सौंपा नियुक्ति पत्र

गाजीपुर। क्षेत्र के चक कमरौरा गांव में पैमाइश के दौरान हुए विवाद के बाद मगई नदी में डूबने से जान गंवाने वाले रामबाबू उर्फ विक्की के परिवार को राहत देने की पहल की गई है। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने बुधवार को राइफल क्लब में मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनके भाई अरुण कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि चक कमरौरा गांव में राजस्व टीम जमीन की पैमाइश करने पहुंची थी। इसी दौरान ग्रामीणों और टीम के बीच विवाद हो गया था। मामले में लेखपाल की तहरीर पर रामबाबू उर्फ विक्की समेत 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस की कार्रवाई के दौरान मगई नदी में डूबने से रामबाबू की मौत हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एमएलसी ने मृतक के गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की थी और आर्थिक सहायता के रूप में चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया था। साथ ही परिवार के भरण-पोषण के लिए संविदा पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में अब मृतक के भाई अरुण कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

नियुक्ति पत्र प्रदान करते एमएलसी। छाया:आज

एसपी ने नोनहरा थाने का किया औचक निरीक्षण

कठवामोड़ (गाज़ीपुर)। पुलिस अधीक्षक अतुल सोनकर ने बुधवार की शाम नोनहरा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभिलेखों, शस्त्रों के रखरखाव और अन्य आवश्यक सामग्रियों की जांच की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।एसपी ने थाने में रखे शस्त्रों की स्थिति और उनके रखरखाव की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न मामलों से संबंधित फाइलों एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें व्यवस्थित रखने पर जोर दिया। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निस्तारण किया जाए। पुलिसकर्मी पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें, ताकि आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे। एसपी ने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वांछित एवं अन्य अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से करने की हिदायत दी।निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष नोनहरा विवेक तिवारी सहित थाने के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

चक्रवात की आशंका के चलते रोजगार मेला स्थगित

गाजीपुर। प्रतिकूल मौसम और चक्रवात की आशंका को देखते हुए जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 29 अक्टूबर को स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मलिकपुरा में आयोजित होने वाला रोजगार मेला अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।जिला सेवायोजन अधिकारी गौरव सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने रोजगार पाने के इच्छुक युवक-युवतियों, नियोजकों और कंपनियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर रोजगार मेले में शामिल होने के लिए महाविद्यालय परिसर में न पहुंचें।उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के आयोजन की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। इसकी सूचना अलग से जारी की जाएगी।

२१ गांवों में टीकाकरण अभियान, १८३ बच्चों और ६७ गर्भवती महिलाओं को लगे टीके

बिरनो, गाजीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनो के अंतर्गत बुधवार को 21 गांवों में नियमित टीकाकरण अभियान चलाया गया। इसके तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विभिन्न गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नि:शुल्क टीके लगाए गए। अभियान के दौरान कुल 183 बच्चों और 67 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित टीकाकरण सत्रों में आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने घर-घर संपर्क कर पात्र लाभार्थियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। साथ ही टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया।नियमित टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को पोलियो, खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस सहित अन्य टीका-निवारणीय बीमारियों से सुरक्षित रखने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार टीके लगवाएं और टीकाकरण कार्ड सुरक्षित रखें। गर्भवती महिलाओं से भी समय पर आवश्यक टीके लगवाने की अपील की गई।इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनो के प्रभारी डॉ. सीपी मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाता है कि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

खुशबू ने संभाला बिरनो बीडीओ का कार्यभार

बिरनो, गाजीपुर। खुशबू सोनी पीडीएस ने बुधवार को बिरनो विकासखंड में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) का पदभार ग्रहण कर लिया। विकासखंड कार्यालय पहुंचकर उन्होंने विधिवत रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ परिचय बैठक कर कार्यालय के कामकाज की जानकारी ली।बीडीओ ने लंबित फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और फाइलों के रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

चंद्रशेखर आजाद का हुंकार, बोले बैलेट पेपर से चुनाव कराने की लड़ेंगे लड़ाई

जखनियां, गाजीपुर। जखनियां विधानसभा क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव के पास स्थित अंबेडकर पार्क के पास मैदान में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सुप्रीमो एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। करीब 10 हजार लोगों की मौजूदगी का दावा करते हुए आयोजित सभा में उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और जखनियां विधानसभा क्षेत्र-373 से पार्टी प्रत्याशी विनय सागर को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेपर लीक और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी और हर तरफ नीला झंडा दिखाई देगा।चंद्रशेखर आजाद ने पूना समझौते और महात्मा गांधी से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए दलित, अति दलित और पिछड़े समाज के अधिकारों की बात उठाई। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि आरक्षण के अधिकारों को प्रभावित किया गया है।सभा के दौरान चंद्रशेखर आजाद ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने के मुद्दे पर लोगों की राय जानी। उनके आह्वान पर मौजूद समर्थकों ने हाथ उठाकर बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग का समर्थन किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़, पूर्वांचल संगठन प्रभारी विनय सागर, राहुल रावते, गोरख नाथ बौद्ध, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार बौद्ध, मनोज गौतम, एडवोकेट हरेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान रेखा देवी, मानव राजभर और विकास राव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बूथों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गाजीपुर। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद, तहसील और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक अपने निर्धारित केंद्रों पर उपस्थित रहे। इस दौरान मतदाता सूची का वाचन किया गया और सूची में मिली त्रुटियों एवं कमियों को चिह्नित कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

बड़े बकायेदारों पर नगर पालिका सख्त, मार्ट और होटलों की कराई पैमाइश

बकाया नहीं देने पर नोटिस की चेतावनी

गाजीपुर। नगर पालिका परिषद गाजीपुर ने गृहकर और जलकर की वसूली तेज करते हुए बुधवार को शहर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन रोड और मालगोदाम रोड स्थित मार्ट व होटलों पर पहुंचकर भवनों की पैमाइश की गई। संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को बकाया कर जमा करने और भवन का विवरण उपलब्ध कराने की चेतावनी दी गई। नगर पालिका के कर अधीक्षक जय प्रकाश, राजस्व निरीक्षक मंजीत सिंह और रविंद्र कुमार सोनकर की टीम ने जलांश मार्ट, स्मार्ट बाजार, गंगोत्री होटल, अवध होटल और मधु तरंग होटल में अभियान चलाया। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, इन प्रतिष्ठानों को पहले गृहकर और जलकर के बकाये के संबंध में भवन का विवरण देने के लिए प्रपत्र जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित भवनों की पैमाइश की। साथ ही बकाया जमा नहीं करने पर नोटिस जारी करने की चेतावनी दी। नगर पालिका प्रशासन ने सभी भवन स्वामियों और व्यापारियों से समय पर गृहकर व जलकर जमा करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि कर वसूली से प्राप्त राजस्व शहर की सफाई, विकास कार्यों और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

होटल पर जाकर पैमाइश करते नपा कर्मी। छाया:आज

एक नज़र इधर भी

तीरंदाजी में पदक जीत किया नाम रोशन

तीरंदाजी में पदक जीते खिलाड़ी। छाया:आज

जमानियां,गाजीपुर। झारखंड की राजधानी रांची में 22 से 26 अक्टूबर तक आयोजित 15वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता में जमानिया स्थित द्रोणा तीरंदाजी अकादमी के पूर्व प्रशिक्षुओं ने अपने सटीक निशानों से पूरे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित और झारखंड पुलिस की मेजबानी में संपन्न हुई इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में असम राइफल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए लोटवा निवासी मनीष कुमार दुबे ने कांस्य पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। पूर्व में अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुके अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मनीष ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी। वहीं, उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवारत जमानिया स्टेशन निवासी पूर्व राष्ट्रीय पदक विजेता नमिता वर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों और तकनीकी अधिकारी की इस स्वर्णिम सफलता पर जिला तीरंदाजी संघ के नंदू दुबे, तीरंदाजी संघ गाजीपुर के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंह तथा द्रोणा अकादमी के संस्थापक कोच सतीश दुबे ने सभी को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाएंगे।

प्रो. अरुण को पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति में किया नामित

जमानियां, गाजीपुर। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अरुण कुमार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की परीक्षा संचालन समिति का सदस्य नामित किया गया है। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व पर नामित होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने प्रो. अरुण कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

अर्द्ध नग्न होकर सभासदों ने दिया धरना

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय नगर पालिका परिषद में विभिन्न जनहितैषी मांगों को लेकर सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 21वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से आंदोलनरत सभासदों की मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से आक्रोशित सभासदों ने अनूठे अंदाज में विरोध जताते हुए अर्द्ध नग्न होकर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता और पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके साथ ही अल्टीमेटम दिया कि यदि 31 अक्टूबर तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो सभी सभासद सामूहिक इस्तीफा सौंप देंगे। सभासदों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत विरोध के तहत नहीं, बल्कि नगर की जनता के हक और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सामूहिक इस्तीफे के बाद भी आंदोलन थमेगा नहीं, बल्कि आम जनता को साथ लेकर व्यापक स्तर पर शांतिपूर्ण जनांदोलन छेड़ा जाएगा। पालिका प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सभासदों ने कहा कि जनहित की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभासदों की प्रमुख छह सूत्रीय मांगों में नवीन गृहकर की वसूली पर तत्काल रोक, आउटसोर्सिंग कर्मियों का संपूर्ण ब्योरा सार्वजनिक करना, बोर्ड में पारित प्रस्तावों को लागू करना और सभी प्रकरणों की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराना शामिल है।

अर्द्ध नग्न होकर धरना पर बैठे सभासद। छाया:आज

अनियंत्रित गिट्टी लदा ट्रेलर पलटा

दिलदारनगर (गाजीपुर)। दिलदारनगर और भदौरा के बीच फरीदपुर पुलिया के पास देर रात करीब 1:30 बजे गिट्टी से लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रेलर सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद विद्युत पोल को भी टक्कर मारते हुए पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, चुनार के अहिरौला से गिट्टी लादकर एक ट्रेलर बक्सर जा रहा था। फरीदपुर पुलिया के पास अचानक ब्रेक फेल होने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद ट्रेलर पेड़ और 33 हजार विद्युत सपोर्ट पोल से टकराते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। ट्रेलर चालक धनंजय सिंह ने बताया कि वह गिट्टी लेकर बक्सर जा रहे थे, तभी रास्ते में वाहन का ब्रेक फेल हो गया और यह हादसा हो गया। चालक ने घटना की सूचना ट्रेलर मालिक को दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

सीएचसी प्रभारी के निरीक्षण में बन्द मिला जागृति हास्पिटल

मरदह, गाजीपुर। मरदह स्थित जाग्रुति हॉस्पिटल में सोमवार की रात्रि में नखतपुर गांव निवासी विवाहिता लक्ष्मीना गोड़ की प्रसव के दौरान मौत के बाद परिवार के लोगो ने अस्पताल की लापरवाही से मौत का आरोप लगाया है। इस प्रकरण में मरदह सीएचसी प्रभारी रविरंजन के अस्पताल पर पहुँचने पर अस्पताल में ताला बंद मिला। उन्होंने बताया कि अस्पताल पर ताला बंद था वहा कोई नही मिला। इस बाबत मरदह थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में के बाद बिसरा पीजर्व कर जांच हेतु भेजा गया है। मृत महिला के परिवार के लोगो के प्रार्थना पत्र एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। प्रसव के दौरान लापरवाही के कारण मौत की पुष्टि होने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। लम्बे समय से पति पत्नी द्वारा संचालित अस्पताल में महिला की प्रसव के दौरान मौत की घटना से स्थानीय लोगो मे आक्रोश वयाप्त है। स्थानीय लोगो ने पूरे प्रकरण की जांच कर हॉस्पिटल संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

बुजुर्ग ने मारपीट और धमकी की दी तहरीर

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर माझां गांव में पैतृक जमीन पर जबरन कब्जे को लेकर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त 71 वर्षीय बुजुर्ग प्रेम शंकर राय के साथ मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुजुर्ग के पुत्र आशुतोष कुमार राय के अनुसार, उनकी पैतृक भूमि व बाग गाटा संख्या 820 को लेकर चकबंदी की कार्यवाही चल रही है। चकबंदी प्राधिकारी द्वारा स्थल परिवर्तन व निर्माण पर स्थगन आदेश प्रभावी है। इसके बावजूद विपक्षी संजीत कुमार राय जमीन पर कब्जा करने की नीयत से स्थिति बदलने की कोशिश कर रहा है। आरोप है कि पहले मिट्टी डालने पर पुलिस ने पाबंदी की कार्रवाई की थी, फिर भी ट्रैक्टर से जमीन जोतकर पौधे लगा दिए गए। पीड़ित का कहना है कि जब वे पिता संग मौके पर पहुंचे, तो विपक्षी ने पूर्व फौजी के साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

२०४७ तक विकसित गाजीपुर का एक्शन प्लान तैयार

गाजीपुर। ग्लोबल जामवंत मिशन-भारत के तत्वावधान में पूर्व आईएएस अधिकारी एवं भारत सरकार के पूर्व सचिव डॉ. कमल टावरी ने गाजीपुर को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए कार्ययोजना की घोषणा की। इसके तहत जैविक खेती, बागवानी, औषधीय खेती, पशुपालन, पारंपरिक शिल्प और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया। डॉ. टावरी ने युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों की भागीदारी से महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने की बात कही। कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए डॉ.विजयनारायण तिवारी को कमेटी गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। लक्ष्य वर्ष 2047 तक गाजीपुर को समृद्ध बनाकर देश के सामने विकास का मॉडल प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत, श्रीमती माया सिंह सहित अनेक समाजसेवी, विशेषज्ञ और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का हुआ भव्य शुभारंभ

नगसर, गाजीपुर। जमानियां क्षेत्र के सोनहरिया वन स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को छह दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भागीदारी से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक जयकारों और गाजे-बाजे के बीच निकली भव्य कलश शोभायात्रा ने श्रद्धा और आस्था का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।महायज्ञ के नेतृत्वकर्ता 1008 गंगापुत्र लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में निकली कलश शोभायात्रा में श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुए। शोभायात्रा यज्ञ मंडप की परिक्रमा और वैदिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न गांवों से होते हुए कालूपुर गंगा घाट पहुंची।सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों के काफिले के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे मार्ग में जय श्रीराम, हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।कालूपुर गंगा घाट पर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आरती और विधिवत पूजन-अर्चन किया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं0-51 ऑफ 2026-27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। निविदा सं.-14-डीडीयू-व.मं.इंजी.-II- 26-27, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल अभियंता/जपला के अधीन बी.डी. सेक्शन में नबीनगर स्टेशन पर टाइप II 20 इकाई आवास का निर्माण। (ii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 43863098.23 (iii) धरोहर राशि : ₹ 877300.00 (iv) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 को 12:00 बजे तक (v) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल

पीआर/1211/डीडीयू/इंजी./टी/26-27/32

पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, पूर्व मध्य रेलवे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) द्वारा आरडीएन (RDN) नीति के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन पर ब्रांडेड डिजिटल एलईडी स्क्रीन/डिजिटल वॉल/वीडियो वॉल की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नवत् है :-

1. AA/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : "आरडीएन नीति के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डीडीयू स्टेशन पर ब्रांडेड डिजिटल एलईडी स्क्रीन/डिजिटल वॉल/वीडियो वॉल की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु पाँच वर्ष की अवधि के लिए।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-ADVT-26-02, ई-नीलामी लॉट संख्या : ADVT-DDU-DDU-OSN-68-26-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 06.11.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

2. वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/1214/डीडीयू/वा./ईएएन/26-27/36

कटान को लेकर छात्र नेताओं ने घेरा तहसील, पुलिस से हाथापाई

अस्तित्व बचाओ आंदोलन, मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्री पत्रक एसडीएम बांसडीह को सौंपा

बांसडीह (बलिया)। सरयू नदी कटान से स्थायी समाधान की मांग को लेकर कटान पीड़ित गांवों के लोगों ने बुधवार को अस्तित्व बचाओ आंदोलन के बैनर तले तहसील में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित छः सूत्रीय पत्रक एसडीएम बांसडीह पुष्कर मिश्रा को सौंपा। उन्होंने कटान प्रभावित गांवों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने, भूमिहीन हुए परिवारों को पुनर्वास की सुविधा देने और बाढ़-कटान से हुए नुकसान की मुआवजा देने की मांग किया। ग्रामीणों ने मांग किया कि बांसडीह क्षेत्र के सुल्तानपुर और महाराजपुर में सरयू नदी की कटान रोकने के लिए स्थायी ठोकरों का निर्माण कराया जाए। कटान में जमीन गंवाकर भूमिहीन हुए परिवारों को आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ और कृषि भूमि के नुकसान का मुआवजा दिया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को फिर से बसने का सहारा मिल सके। वर्षों से जर्जर जयनगर-पर्वतपुर रेगुलेटर का आधुनिक तकनीक से पुनर्निर्माण कराने की मांग किया। वर्ष 2023 से 2026 के बीच कटान में नष्ट हुई जमीन का दुबारा सर्वे कराकर राजस्व अभिलेखों और खतौनी में आवश्यक सुधार करने, प्रभावित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने के साथ उनका किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण माफ करने की मांग किया। इसके अलावा जयनगर से नौका गांव तक रिंग बांध की मरम्मत, उच्चीकरण और गोल रिंग निर्माण कार्य कराने की भी मांग किया। इस दौरान सपा छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह विक्की, निर्भय नारायण सिंह, अमन सिंह, रजनीश यादव, अनिकेत, सनी, राहुल सिंह, शाश्वत परिहार, संजीत यादव, चंदन राजपाल, मंटू, रंजीत यादव, अंजनी कुमार, सोनू कुमार, अजीत कुमार, अखिलेश और दिलीप मिश्र आदि थे।

चेन्नई में घायल हुई कोटवा की बेटी, आर्थिक मदद की गुहार

बैरिया (बलिया)। बैरिया ब्लॉक के कोटवा पंचायत निवासी मनोहर पासवान के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चेन्नई में मजदूरी करने गई उनकी बेटी काम के दौरान ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। फलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में बेटी के इलाज,दवाइयों और अस्पताल के खर्चों का इंतजाम करना परिजनों के लिए मुश्किल हो गया है। बेटी की हालत को लेकर परिवार चिंतित है और उसे आर्थिक मदद की दरकार है। परिवार ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा साझा करते हुए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों और सक्षम लोगों से मदद की अपील की है। परिजनों को उम्मीद है कि लोग आगे आकर यथासंभव आर्थिक सहयोग करेंगे, जिससे घायल बेटी का इलाज जारी रह सके।

डेढ़ घंटे तक डाक्टर के इंतजार में दर्द से तड़पती रही छात्रा

डीएम के निर्देश पर हरकत में आया स्वास्थ्य महकमा

नगरा (बलिया)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा में बुधवार सुबह स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि आज अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। उपचार के लिए पहुंची 11वीं की छात्रा को चिकित्सक के इंतजार में करीब डेढ़ घंटे तक तड़पना पड़ा। जब डॉक्टर पहुंचे और ऑक्सीजन लगाने की कोशिश की तो सिलेंडर खाली मिला। किसी तरह दूसरे सिलेंडर की व्यवस्था कर उपचार शुरू किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर छात्रा को जिला चिकित्सालय रेफर करना पड़ा। परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह करीब नौ बजे अल्का पुत्री दिनेश कोदई की तबीयत अचानक बिगड़ने पर वे उसे लेकर नगरा पीएचसी पहुंचे। वहां चिकित्सक मौजूद नहीं थे। परिजन बताते हैं कि लगभग डेढ़ घंटे तक वे डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे। इसकी सूचना पाकर सारथी सेवा संस्थान के संस्थापक संजीव गिरी को मिली तो उन्होंने सीएमओ का फोन मिलाया किंतु फोन नहीं उठा। इसके बाद संस्थापक ने डीएम से इसकी शिकायत की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। चिकित्सक के आने के बाद जब अल्का को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी तो लगाया गया सिलेंडर खाली निकला। इसके बाद दूसरे सिलेंडर का इंतजाम कर उपचार शुरू किया जा सका। स्थिति में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने छात्रा को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. बब्बन यादव का कहना है कि छात्रा को समय से आक्सीजन उपलब्ध करा दिया गया था। चिकित्सक भी समय से पहुंचे थे। लापरवाही का आरोप गलत है।

बच्चों के विवाद में मारपीट, एक घायल

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के पांडेपुर गांव में बच्चों के विवाद में मंगलवार को हुई मारपीट में एक व्यक्ति का मारपीट कर पड़ोसियों ने हाथ तोड़ दिया। बैरिया पुलिस ने दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है। पांडेपुर गांव निवासी चंदन कमकर ने बैरिया थाने में प्रार्थना पत्र देकर बुधवार को यह आरोप लगाया था कि उन्हीं के पड़ोसी जिगर कमकर व अंकित कमकर ने बच्चों के विवाद में मेरे साथ मारपीट कर मेरा हाथ तोड़ दिया। साथ ही मुझे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

दयाछपरा पहुंची विजयलक्ष्मी, कार्यकताओं ने किया स्वागत

दयाछपरा (बलिया)। पूर्व सांसद भरत सिंह की पुत्री विजयलक्ष्मी गुरुवार को पदयात्रा के चौथे दिन ग्राम पंचायत जगदेवा होते हुए दयाछपरा पहुंचीं। यहां कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला भी मौजूद रहे। पदयात्रा के दौरान विजयलक्ष्मी ने गांव के लोगों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और घर-घर पहुंचकर भारत के विकास के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से संवाद करते हुए जनसंपर्क किया। पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जुड़ने और विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यों को गिनाते हुए विजयलक्ष्मी की पदयात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को जोड़ना और सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। स्वागत करने वालों में विजय कुमार तिवारी, अंजनी पाण्डेय, विशंभर पाण्डेय, मनोज कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

बेल्थरारोड (बलिया)। उभाव थाना क्षेत्र के उभाव चौराहा के पास बुधवार की शाम मझवलिया मोड के पास बाइक और साइकिल सवार में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि डुहां बिहरा निवासी 40 वर्षीय धनजी वर्मा बेल्थरारोड से अपने गांव जा रहे थे कि अचानक मझवलिया मोड के पास एक साइकिल सवार सामने आ गया उसको बचाने के चक्कर में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार के साथ उसका एक पांच वर्षीय पुत्र भी था जो बाल बाल बच गया है।

बाबू मैनेजर सिंह की स्मृति में कृषि मेला, किसानों को बांटी गयी दलहन-तिलहन की मिनी किट

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री ओमप्रकाश राजभर और दयाशंकर सिंह ने रखे विचार

बलिया। स्वर्गीय बाबू मैनेजर सिंह की स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को कृषि सूचना तंत्र योजना के अंतर्गत बाबू मैनेजर सिंह कृषि विज्ञान केंद्र, सोहांव में कृषि मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा और पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त आदि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पूर्व मंत्री नारद राय ने किया। कार्यक्रम में कृषि के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने, दलहन-तिलहन की खेती को प्रोत्साहित करने तथा श्रीअन्न (मिलेट्स) के उत्पादन का दायरा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों को दलहनी एवं तिलहनी फसलों की मिनी किट वितरित कर उन्हें पारंपरिक खेती के साथ फसल विविधीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को दलहन एवं तिलहन की मिनी किट वितरित करते हुए कहा कि इस तरह की पहल का उद्देश्य किसानों को इन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करना और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना है।

गांवों की समृद्धि से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था-ओमप्रकाश राजभर

पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि किसानों की खुशहाली और गांवों का विकास एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, तभी गांवों की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। इसके लिए खेती को लाभकारी बनाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं को बढ़ाना जरूरी है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों का इस्तेमाल, फसलों में विविधता और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकता है।

किसानों का विकास सरकार की प्राथमिकता-दयाशंकर सिंह

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्वर्गीय बाबू मैनेजर सिंह को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में आयोजित इस तरह के कार्यक्रम किसानों को कृषि विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। किसानों की मेहनत देश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद है। इसलिए खेती को आधुनिक, उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने और किसानों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दलहन, तिलहन और श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इससे किसानों को फसल विविधीकरण का अवसर मिलेगा और कृषि क्षेत्र में उत्पादन की संभावनाएं बढ़ेंगी।

हरिहरात्मक महायज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा

शामिल हुए पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, सात दिन चलेगा हरिहरात्मक महायज्ञ

बलिया। श्री जंगली बाबा धाम, गड़वार पर संत शिरोमणि श्री जंगली बाबा परिनिर्वाण शताब्दी महामहोत्सव के अवसर पर श्री जंगली बाबा धाम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में व स्वामी परमेश्वरानन्द सरस्वती (उड़िया बाबा) के मुख्य संरक्षत्व में 28 अक्टूबर से 7 नवंबर तक आयोजित हरिहरात्मक महायज्ञ के लिए बुधवार को भव्य व विशाल कलश यात्रा गाजे बाजे, हांथी, घोड़ा, ऊंट के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालु भक्तों ने हनुमानगढ़ी मंदिर से जल कलश में भरकर मुख्य बाजार, थाना चौराहा, गोविंदपुर होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। लगभग तीन किलोमीटर लंबी कलश यात्रा में हजारों की संख्या शामिल पुरुष,महिलाएं, बालक, बालिकाएं सिर पर जल से भरा हुआ कलश लेकर चल रहे थे। यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर सच्चा बाबा आश्रम प्रयागराज से पधारे मुख्य आचार्य डॉ. गंगाधर पांडेय ने सहयोगी आचार्य गणों के साथ पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन कराया। मंदिर में पूजन का कार्य पुजारी सुरेश उपाध्याय, संदीप, रूपेश आदि ने कराया। इस अवसर पर आचार्य पंडित राहुल उपाध्याय, महंत कृष्णदास ब्रह्मचारी, नित्यानन्द, नाल बाबा सत्यनारायण दास, आचार्य राजकिशोर मिश्रा, अतुल कृष्ण शांडिल्य, छोटेलाल उपाध्याय, सतीश उपाध्याय, राजाराम आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे चिन्मयानंद बापू का यज्ञ स्थल पर बने प्रवचन पंडाल में 1 नवम्बर तक शाम 4 बजे से आठ बजे तक श्रीराम कथा पर प्रवचन भी होगा।

बारात से लौट रही महिला के साथ मारपीट, लूट का आरोप, मुकदमा दर्ज

मनियर (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक महिला की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रार्थिनी इंदु देवी, पत्नी संतोष यादव, निवासी बड़ागांव खुंटहा, थाना मनियर के अनुसार, 7 फरवरी 2025 को गांव में श्री भगवान यादव पुत्र रामभजन यादव की पुत्री की शादी की बारात आई थी। आरोप है कि रात करीब नौ बजे वह अन्य महिलाओं के साथ द्वारपूजा देखकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान तीन-चार लोगों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में घेरकर उनके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई, कपड़े फाड़ दिए गए और गले की सोने की चेन तथा 1200 रुपये रखे पर्स को छीन लिया गया। शिकायत में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। आरोपियों में मुकेश पासवान, पुत्र रामाश्रय पासवान, निवासी चोरकैंड, जनपद बलिया, प्रमोद कुमार यादव, पुत्र राजकुमार यादव, निवासी सेमरी, थाना बांसडीह तथा हरेंद्र यादव, पुत्र राजेंद्र यादव, निवासी जनऊपुर, थाना गड़वार, जनपद बलिया के नाम दर्ज हैं। पुलिस जांच में आरोपों की पुष्टि होना बाकी है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनियर अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से पहले एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर वर्तमान मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा महिला का बयान लिया जा रहा है।

सहकारी समिति कर्मचारियों का प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं हुई तो एक नवंबर से करेंगे काम बंद

बलिया। अपनी प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों ने बुधवार को कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर विरोध जताया। दोपहर करीब 12 बजे कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया और उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। इससे पहले कम्पनी बाग में संयुक्त सह कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित की गई। इसमें बलिया जिले की सभी सहकारी समितियों के कर्मचारी और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं और प्रदेश स्तर पर लंबित मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि 28 से 31 अक्टूबर तक जिले के सभी सहकारी समिति कर्मचारी अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। इस दौरान वे नियमित कार्य करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराएंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो एक नवंबर से सभी कर्मचारी काम बंद कर देंगे। इसके बाद वे अपनी मांगों को लेकर लखनऊ में होने वाले धरने में शामिल होंगे।

जेएनसीयू में फ्रेशर्स पार्टी का हुआ आयोजन, बुसरा बनीं मिस फ्रेशर

बलिया। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एम.ए. के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों, नवप्रवेशित विद्यार्थियों तथा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों एवं संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान नवागंतुक विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल करियर के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों डॉ रजनी चौबे, डॉ अनुराधा राय और डॉ. छबिलाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, निरंतर अध्ययन, सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भी विभाग एवं शिक्षकों के प्रति अपने अनुभव और भावनाएँ साझा कीं। फ्रेसर पार्टी के अंत में मिस फ्रेसर प्रथम सेमेस्टर की छात्रा बुसरा वारिस एवं मिस्टर फ्रेसर छात्र मनोज कुमार चौरसिया बने। कुलपति नरेंद्र कुमार शुक्ल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के संयोजन में तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अर्जुन यादव, अभिषेक कुमार चौबे, विशाल यादव, सतीश कुमार रजक, शुभम सिंह तथा अभिषेक कुमार ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

चौकी प्रभारी राजकेशर सिंह निरीक्षक पद पर प्रोन्नत

सिकन्दरपुर (बलिया)। सिकन्दरपुर पुलिस चौकी प्रभारी राजकेशर सिंह को उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर प्रोन्नति मिली है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा एवं अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ला ने उन्हें स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस मुख्यालय से जारी पदोन्नति आदेश के क्रम में सिकन्दरपुर पुलिस चौकी पर तैनात राजकेशर सिंह को निरीक्षक पद पर प्रोन्नत किया गया है। पदोन्नति के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं। साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्ट्रेट को मिलेगा आधुनिक स्वरूप, तैयार हुआ रोडमैप

कलर्ड इंटरलाकिंग, मधुबनी पेंटिंग और पार्किंग से सुसज्जित होगा कलेक्ट्रेट परिसर

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में बलिया कलेक्ट्रेट को आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में पहल तेज हो गई है। इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की गई और कलेक्ट्रेट के कायाकल्प के लिए रोडमैप तैयार किया गया। इसी क्रम में सीआरओ गुलशन, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे और जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेंद्र पोत्स्यायन ने अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के साथ गंगा बहुद्देशीय सभागार, ड्रामा हॉल और कलेक्ट्रेट कॉलोनी की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। परिसर के सुंदरीकरण और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कलर्ड इंटरलॉकिंग, दीवारों पर मधुबनी पेंटिंग, जल निकासी व्यवस्था, वाटर हार्वेस्टिंग, पार्किंग और पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर को स्वच्छ, आकर्षक और आधुनिक स्वरूप देने के लिए आवश्यक कार्यों को जल्द पूरा कराने पर जोर दिया। इस पहल से कलेक्ट्रेट परिसर की सुंदरता बढ़ने के साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न कार्यों से आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

एक नजर इधर भी

काम दिलाने के नाम पर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलिया। रसड़ा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को सिघांघर घाट से गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामले में दिल्ली के विकासपुरी पश्चिम थाने से प्राप्त जीरो एफआईआर के आधार पर रसड़ा थाने में 27 सितंबर 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वह अपनी सहेली के साथ उत्तर प्रदेश आई थी। यहां नदौली बाजार, रसड़ा स्थित किराये के कमरे में पहुंचने के एक-दो दिन बाद विवेक नामक युवक ने उसके साथ जबरदस्ती की। मामले की शिकायत मिलने के बाद रसड़ा पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस को मिली सूचना के आधार पर सिघांघर घाट से विवेक भारती उर्फ छोटू (20) निवासी कुशहा बुजुर्ग, थाना रसड़ा को गिरफ्तार किया गया।

बहन के देवर पर दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

बलिया। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार के बक्सर जिले का निवासी है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामले में पीड़िता की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पीड़िता की बड़ी बहन की शादी बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र निवासी आशीष तिवारी से हुई है। इसी रिश्ते के चलते पीड़िता की मुलाकात अपनी बहन के देवर मुकेश तिवारी उर्फ राजा से होती थी। शिकायत के मुताबिक, चार फरवरी 2025 को आरोपी पीड़िता के घर आया था और रात में रुक गया। आरोप है कि परिवार के अन्य सदस्यों के सो जाने के बाद वह पीड़िता के कमरे में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 27 अक्तूबर की रात करीब 9:30 बजे मीठापुर बस स्टेशन के पास से आरोपी मुकेश उर्फ राजा तिवारी (31) निवासी पड़णी, थाना सिमरी, जिला बक्सर (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया।

दो बाइकों की भिड़ंत, चार घायल

बैरिया (बलिया)। निर्माणाधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार की शाम यादव नगर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया गया। दोकटी थाना क्षेत्र के लालगंज मुरारपट्टी निवासी सुधांशु पाठक (21), विवेक पाठक (22) और रायन पाठक (15) थावे मंदिर में माता के दर्शन करने गए थे। वहां से लौटते समय मंगलवार की देर शाम यादव नगर गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर बिहार के मांझी घुमनगिरी मठिया निवासी नितेश कुमार शाह (30) सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी सीएचसी सोनबरसा पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी होते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

फेफना खेल महोत्सव क्लस्टर तीन का आगाज

पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

नरहीं (बलिया)। जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव के क्लस्टर तीन का आगाज बुधवार को श्री अन्नू राय बाबा इंटर कॉलेज, चौरा के खेल मैदान पर हुआ। पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी संग जननायक चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता को पूर्व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। जहां पहले सेमीफाइनल में चौरा ने सलेमपुर को 21-16 से एवं दूसरे सेमीफाइनल में कबड्डी संघ नरही ने कथरिया को 26-14 से पराजित कर फाइनल का टिकट कटाया। वहीं रोमांचक खिताबी मुकाबले में नरही ने चौरा को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका कबड्डी के फाइनल में नरही ने चौरा इंटर कॉलेज को 25-11 से पराजित कर खिताब अपने नाम अपने किया। सब जूनियर बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में कंपोजिट विद्यालय दरियापुर ने अन्नू राय बाबा इंटर कॉलेज को 22-14 से पराजित कर फाइनल अपने नाम किया। सीनियर बालक एवं सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता बृहस्पतिवार को आयोजित की जाएगी। फेफना खेल महोत्सव के क्लस्टर तीन की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जहां जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में नरही की टीम का दबदबा रहा। जूनियर बालक वर्ग के मुकाबले में नरही ने बड़काखेत को पराजित किया। जूनियर बालिका वर्ग में वॉलीबॉल संघ नरही ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नरही को पराजित किया। सीनियर बालिका वर्ग में नरही ने बैरिया को पराजित कर फाइनल जीता। सीनियर बालक वॉलीबॉल वर्ग के खिताबी मुकाबले सहित फुटबॉल, सीनियर क्रिकेट और सीनियर एथलेटिक्स की प्रतियोगिता बृहस्पतिवार को आयोजित होगी। निर्णायक की भूमिका सच्चिदानंद राय, विनय राय, अनूप राय, कवीन्द्र यादव, संजय पांडे, अभय सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अवनीश राय, यशवंत राय, सचिन उपाध्याय राघवेंद्र, राहुल राय आदि ने निभाई। इस दौरान चंद्रेश्वर सिंह, विनोद सिंह, अनिल सिंह, बबलू सिंह, विनायक सिंह, भरत राय, प्रशांत राय, अवधेश सिंह, शेषनाथ सिंह, गुलाब उपाध्याय, मंटू उपाध्याय, लड्डू सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन नीरज राय ने किया।

१४९ केंद्रों पर १,१३,२१० परीक्षार्थी देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षा

बलिया। यूपी बोर्ड की वर्ष 2027 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जिले में 149 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 1,13,210 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल के 55,289 और इंटरमीडिएट के 57,921 परीक्षार्थी शामिल हैं। जारी केंद्र सूची में जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रों के राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाए गए है। केंद्रों पर सबसे अधिक परीक्षार्थियों वाले विद्यालयों में रसड़ा का अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर का गांधी इंटर कॉलेज और बैरिया का पीएन इंटर कॉलेज दुबेछपरा शामिल हैं। परीक्षा को लेकर केंद्रवार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की प्रक्रिया अब आगे बढ़ेगी। यूपी बोर्ड परीक्षा 2027 के लिए जारी केंद्र सूची में जिले के कई विद्यालयों पर एक हजार से अधिक परीक्षार्थियों की जिम्मेदारी होगी। जिले में कुल 149 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 1,13,210 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। रसड़ा क्षेत्र के अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 1,098 और इंटरमीडिएट के 1,097, यानी कुल 2,195 परीक्षार्थी दर्ज हैं। इसी तरह सिकंदरपुर के गांधी इंटर कॉलेज में कुल 2,192 तथा बैरिया के पीएन इंटर कॉलेज दुबेछपरा में 2,194 परीक्षार्थी हैं। इसके अलावा सिकंदरपुर के वंशी बाजार इंटर कॉलेज में 2,158 और बेल्थरारोड क्षेत्र के जीएमएएम इंटर कॉलेज में 1,522 परीक्षार्थी दर्ज हैं। बड़ी संख्या वाले केंद्रों पर परीक्षा संचालन को लेकर विशेष व्यवस्थाएं करनी होंगी।

प्रसव से पीड़ित महिला की मौत, आक्रोशित परिजनों ने ओरियाना हॉस्पिटल में किया हंगामा

इलाज में चिकित्सक पर लापरवाही का लगाया आरोप

भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड स्थित ओरियाना हॉस्पिटल में बुधवार को प्रसव से पीड़ित २८ वर्षीय नीलम पटेल की मौत हो गयी। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि डिलीवरी के बाद नीलम की हालत बिगड़ी तो उन्हें प्रज्ञा हॉस्पिटल से ओरियाना हॉस्पिटल रेफर किया गया। यहां पहुंचने के बाद काफी देर तक इलाज की स्थिति की जानकारी नहीं दी गयी। बाद में उनकी मौत की सूचना मिली। हंगामे की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर शांत कराया। वार्ड नंबर ३९ के भाजपा पार्षद सुरेश पटेल उर्फ गुड्डू भी मौके पर मौजूद रहे। अब परिजन प्रज्ञा हॉस्पिटल के खिलाफ काररवाई की मांग कर रहे हैं। मृतका के भाई आशीष कुमार पटेल के मुताबिक, उन्होंने मंगलवार को दोपहर नीलम को प्रज्ञा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। दोपहर करीब एक बजे ऑपरेशन से डिलीवरी हुई। उनका दावा है कि इसके बाद नीलम की हालत सामान्य थी। आशीष ने

बताया कि रात करीब १० बजे नीलम को दर्द हुआ तो नर्स को बुलाया गया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन देने के बाद उनका ब्लड प्रेशर बढ़ने लगा और घबराहट भी होने लगी। इसके बाद नीलम को आईसीयू में ले जाने की बात कही गयी। वहां भी इंजेक्शन देने के बाद उनकी हालत में उतार-चढ़ाव होता रहा। स्थिति गंभीर होने पर परिजनों को बाहर कर दिया गया। आशीष के अनुसार, प्रज्ञा हॉस्पिटल की ओर से नीलम को बेहतर इलाज के लिए ओरियाना हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी गयी थी। परिजनों को बताया गया कि वहां बेहतर सुविधाएं और बड़ा ऑपरेशन थिएटर है। इसके बाद बुधवार सुबह एंबुलेंस से नीलम को ओरियाना हॉस्पिटल लाया गया। परिजनों का आरोप है कि यहां पहुंचने पर कर्मचारियों ने जांच के बाद नीलम की नब्ज ठीक से नहीं चलने की बात कही और उन्हें नीचे इंतजार करने को कहा। आशीष के मुताबिक, परिवार के लोग करीब डेढ़ घंटे तक इस उम्मीद में इंतजार करते रहे कि नीलम की हालत में सुधार होगा। बाद में एक रिश्तेदार ऊपर गये, तो उन्हें नीलम की मौत की जानकारी मिली। ओरियाना हॉस्पिटल प्रशासन के मुताबिक, जब नीलम को अस्पताल लाया गया, तब उनकी हालत गंभीर थी। उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी मौत हो गयी। वहीं, भेलूपुर थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि परिजनों को समझाकर शांत करा दिया गया है। उनकी शिकायत की जांच की जा रही है। परिजन प्रज्ञा हॉस्पिटल के खिलाफ काररवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल इलाज में लापरवाही के आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

घर में घुसकर युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के बाजार कालिका गांव में एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित के पिता देवेंद्र मोदनवाल ने हरिभानपुर गांव के कई लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से काररवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार, बाजार कालिका निवासी देवेंद्र मोदनवाल पुत्र स्वर्गीय रामलाल ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि २५ अक्तूबर की शाम करीब चार बजे हरिभानपुर गांव के जाहिद, इलियास, बाड़ू, छोटू, आबिद, एकलख समेत चार-पांच अन्य लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी लोगों ने उनके पुत्र अनुज मोदनवाल के साथ लाठी-डंडे और चाकू से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आयीं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने गाली-गलौज की और घर में घुसकर धमकी दी कि यदि थाने में शिकायत करने गये तो जान से मार दिया जायेगा। घटना के बाद पीड़ित के पिता ने संबंधित पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी काररवाई करने की मांग की है। वही इस मामले में कपसेठी पुलिस ने उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर काररवाई में जुटी हुई है।

पूर्वोत्तर रेलवे ई-आक्शन सूचना,

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा0)/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत् है।

आक्शन कैटलाग नम्बर-BSB-CATG-6-2026

क्र सं	खानपान स्टाल/ट्राली के आवंटन हेतु स्टेशन का विवरण	GMU/SMU	अवधि	ई-नीलामी की तिथि
1	रेवती (PF No.1)	GMU	5 वर्ष	06.11.2026
2	बलिया (PF No.4)	SMU	5 वर्ष	06.11.2026
3	छपरा (PF No.6/7)	SMU	5 वर्ष	06.11.2026
4	हथुआ (PF No.1)	SMU	5 वर्ष	06.11.2026
5	दुरौधा (PF No.1)	SMU	5 वर्ष	06.11.2026
6	छपरा (PF No.8)	SMU	5 वर्ष	06.11.2026
7	मऊ (PF No.4/5)	SMU	5 वर्ष	06.11.2026

सभी लाटों के लिए ई-निलामी का समय 10.00 बजे से 11.30 बजे तक

आक्शन कैटलाग नम्बर-BSB-MPS-6-2026

क्र सं	मल्टी परपज स्टाल के आवंटन हेतु स्टेशन का विवरण	अवधि	ई-नीलामी की तिथि
1	मऊ जं0 (PF No.4/5)	5 वर्ष	06.11.2026
2	खोरासन रोड (PF No.1)	5 वर्ष	06.11.2026
3	गाजीपुर सिटी (PF No.4)	5 वर्ष	06.11.2026
4	बलिया (PF No.4)	5 वर्ष	06.11.2026

सभी लाटों के लिए ई-निलामी का समय 10.00 बजे से 11.00 बजे तक

आक्शन कैटलाग नम्बर-BSB-PMBGK-11-2026

क्र सं	प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के आवंटन हेतु स्टेशन का विवरण	अवधि	ई-नीलामी की तिथि
1	वाराणसी सिटी (PF No.1)	3 वर्ष	06.11.2026

ई-निलामी का समय 13.00 बजे से 13.40 बजे तक

ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाइन होगी। ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- (Non Refundable) आनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10 प्रतिशत होगी जिसका भुगतान आनलाइन उसी खाते से होगी। ई-नीलामी (E-Auction) से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-180 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

शुद्धि पत्र

दिनांक 17, 18 एवं 19 जून 2026 को समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन जिसमें **श्री राजाराम महाविद्यालय, तरियारी, केराकत, जौनपुर** में प्राचार्य-01 पद विभागाध्यक्ष बी.एड.-01 पद एवं बी.एड. प्रवक्ता-03 पद एवं गृह विज्ञान प्रवक्ता-01 पद हेतु विज्ञापन निकाला गया था, परन्तु श्री राजाराम महाविद्यालय तरियारी केराकत, जौनपुर के पहले स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत लिपिकीय व अन्य त्रुटि के कारण दर्ज होने से छूट गया था। ऐसे में स्ववित्त पोषित योजना अन्तर्गत लिखते हुए शुद्धि पत्र जारी किया जाता है। **प्रबन्धक**

सूचना

डिग्री कालेज एसोसिएशन, गाजीपुर के आजीवन सदस्य बनाने की तिथि दिनांक 01.11.2026 से दिनांक 30.11.2026 तक निश्चित की गयी है। आजीवन सदस्यता शुल्क रु0 500/- (रु० पाँच सौ) मात्र है। आवेदन पत्र सचिव / प्रबन्धक, डिग्री कालेज एसोसिएशन के पते पर आमंत्रित किया जाता है। नोट- डिग्री कालेज एसोसिएशन, गाजीपुर के द्वारा ही दोनों संस्थाओ डिग्री कालेज, गाजीपुर एवं आदर्श इण्टर कालेज महुआबाग, गाजीपुर का संचालन सदा से होता चला आ रहा है। **प्रबन्धक**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आ० डी० बी० आई० बैंक द्वारा अपने ग्राहक **श्रीमती सरिता गुप्ता**, पत्नी श्री दुर्गेश कुमार गुप्ता को उनकी संपत्ति खाता संख्या-74, प्लॉट संख्या-634 मि०, स्थित मुरधवा, तहसील-दुद्धी, जनपद-सोनभद्र, उत्तर प्रदेश को बंधक रखकर ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त संपत्ति की पूर्व श्रृंखला से संबंधित मुल विक्रय पत्र जो पुस्तक संख्या-1, दस्तावेज संख्या-134, पृष्ठ संख्या 23 से 48, क्रम संख्या-72 पर श्री रामरतन अग्रवाल, पुत्र श्री सत्य नारायण अग्रवाल के नाम से संबंधित है उनके अनुसार कहीं खो गया हैं यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित बंधक किए जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो उसे आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ 7 दिनों के अंदर श्री अमिताभ कुमार, दुद्धी से मोबाइल नंबर 7007326899 पर संपर्क कर सकता है उक्त अवधि में कोई विधि व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मुवक्किल को उक्त ऋण प्रदान किया जाएगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का विधि प्रभार होगा.

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.-18-DYCEGA-2026

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

क्र.सं. : 1, कार्य का विवरण : गोरखपुर में - ल.ना.मि. रेलवे चिकित्सालय में फायर फाईटिंग सिस्टम का प्रावधान एवं अन्य संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 3,32,18,868.35, **बयाने की राशि :** रु. 6,64,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय :** 08 माह, **कुल योग :** रु. 3,32,18,868.35.

1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 23.11.2026 को 11:00 बजे। **2.** ई-निविदा की बिडिंग तिथि 09.11.2026 से 23.11.2026 समय 10:59 बजे तक। **3.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **4.** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुजाधि/डब्ल्यू-393 उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे.

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं0: 1 **ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण :** टेण्डर नं. - "30-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2026-27" "ग्रिट ब्लास्ट क्लीनिंग ऑफ बोगी सेट (आईसीएफ/मेमू एण्ड फीएट), ऐक्सल बॉक्स हाउसिंग एण्ड बफर केसिंग इन्क्लूडीग इट्स पेंटिंग वर्क एट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर फॉर 02 इयर्स" **अनुमानित लागत (रु. में) :** 226339569.88 **धरोहर राशि (रु. में):** 4526800.00 **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 11.00 बजे 18.11.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु0 शून्य **संविदा की अवधि :** 24 माह ● उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in.** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.(कार्य) गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक-99

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

दिल्ली जाते समय नीलगाय से टकरायी थार, मां-बेटे की मौत, दो घायल

राजातालाब। स्थानीय थाना क्षेत्र के रमसीपुर गांव से थार फोर व्हीलर से दिल्ली जाते समय

बदायूं के पास नीलगाय की टक्कर से थार सवार कुसुम मिश्रा (४८ वर्ष) और शिवम मिश्रा (२८ वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि शुभम मिश्र (३० वर्ष) और सचिन मिश्र (३५ वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों एवं मृतकों के शवों को लेकर घर पहुंचे, तो परिवार में कोहराम मच गया। राजेश मिश्र सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया और गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमसीपुर निवासी राजेश मिश्र दिल्ली के करोल बाग में रेस्टोरेंट का कारोबार करते हैं। उनकी पत्नी के साथ परिवार के लोग गांव से थार से दिल्ली जा रहे थे, वाहन शिवम मिश्र चला रहे थे। मृतक कुसुम मिश्र राजेश मिश्र की पत्नी और शिवम उनका बेटा है। दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया।

उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड
सेतु निर्माण इकाई, जौनपुर
(ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना)

क्र.सं.	सेतु का नाम	कार्य का विवरण	ई-निविदा संख्या	अमंत्रित निविदा की तिथि एवं समय
1.	जनपद जौनपुर में ठाठर गोदाम घाट बसूही नदी पर सेतु कार्य का निर्माण	गिट्टी/बालू की आपूर्ति	1106/Thathar Godam/2026-27 दिनांक 27.10.2026	29.10.2026 (11:00 AM) से 19.11.2026 (2:00 PM) तक

उपरोक्त ई-निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसका पूर्ण विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.10.2026 से 19.11.2026 तक उपलब्ध है।

परियोजना प्रबन्धक

पत्रांक:-1110/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक:-28.10.2026

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना-मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2610424 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव मे खो गया है । **सागर सरोज,** पुत्र: श्री राकेश सरोज पता: बरमोहनी, मोढ,भदोही ।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2742053 का अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **शमशेर अहमद** पुत्र लाडले खान,वार्ड संख्या पांच, सैदपुर गाजीपुर।

सूचना-मेरी पुत्री का सुकन्या समृद्धि का खाता उप डाकघर उसिया में खोला गया था। जिसमें उसका नाम आराध्या हो गया है, जो गलत है। सही नाम आधार कार्ड के आधार पर रिद्धीमा है,जो सही है। **अश्वनी कुमार उपाध्याय** पुत्र श्री शिवबचन उपाध्याय, ग्राम-कादीपुर, पोस्ट - बासुदेवपुर, थाना-नोनहरा, कासिमाबाद, गाजीपुर।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम RAMSHESH था अबसे बदलकर **RAMSHESH KUMAR** पुत्र RAJITRAM रख लिया हूँ। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। ग्रा. बसीरहा पोस्ट-अरसिया बाजार, जौनपुर, उत्तर प्रदेश

सूचना

सूचना -मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2697409 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2039077 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सिंपल यादव** पुत्र फूलचंद सिंह यादव ग्राम देऊपुर,पोस्ट गाई, थाना मरदह, जिला गाजीपुर।

सूचना-मेरे पुराने आधार कार्ड में मेरा नाम शबीह जहरा (SHABIH JAHARA) अंकित है, जो अशुद्ध है। अब मैंने इसे संशोधित कराकर शबीह जहरा (SHABIH ZAHRA) कर लिया है, जो कि शुद्ध व सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम **(SHABIH ZAHRA)** से जाना व पहचाना जाए। **शबीह जहरा** पत्नी मो0 सफदर , पता: ग्राम व पोस्ट-माटा, तहसील कासिमाबाद, जनपद, गाजीपुर

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम विजय कुमार पुत्र खदेरू राम था अब वर्तमान में मेरा नाम **विजय कुमार पुत्र स्व. कैलाश नाथ उर्फ खदेरू** राम के नाम से मुझे भविष्य में जाना व पहचाना जाए। निवासी म.नं. ए, 38/4के, कोनिया, कज्जाकपुरा वाराणसी, हालपता-ताखा वेस्ट, ताखा मरियम वेस्ट शाहगंज, जौनपुर पिन-223101

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय नगर पंचायत चिरैयाकोट जनपद-मऊ

पत्रांक:-585/न.पं.चिरैयाकोट-मऊ/ई-निविदा/2026-27 दिनांक:-28.10.2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत चिरैयाकोट, जनपद मऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 अनुसार इच्छुक व्यक्ति ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि "पेयजल हेतु व्यवस्था" के अन्तर्गत नलकूप अधिष्ठापन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के "अ" श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदा दे सकता है। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी, निविदा की समस्त जानकारी एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

क्र. सं.	नगर पंचायत	ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		29.10.2026 05:00 PM	
2	-	Tender Download	29.10.2026 05:00 PM	18.11.2026 05:00 PM
3	-	Bid Submission	29.10.2026 05:00 PM	18.11.2026 05:00 PM
4	Tender Opening	-	19.11.2026 11:00 AM	
5	Financial Bld Opening	-	After Approval of Technical Bid	

नोट- ई-निविदा से सम्बन्धित किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चिरैयाकोट
जनपद-मऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत चिरैयाकोट
जनपद-मऊ

कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़

पत्रांक:-1074/ना.पा.प.आ./2026-27 दिनांक:-28.10.2026

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

एतदद्वारा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/इच्छुक निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि दिपावली एवं छठ के पवित्र पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में आने वाले आगंतुको की सुरक्षा एवं सुचारू पथ प्रकाश व्यवस्था के लिये स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत हेतु आवश्यक समाग्री एवं नगर क्षेत्र में खाली विघुत पोलों पर नयी लाइटों के अधिष्ठापन हेतु राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि/14 वॉ वित्त आयोग /15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिये निम्नवत प्रस्तावित कार्यो को कराये जाने हेतु दिनांक 04.11.2026 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक सील बन्द एवं खुली निविदायें आमंत्रित की जा रही है। जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित व्यय (जी.एस.टी. सहित)	जमानत धनराशि 10%	निविदा शुल्क	कार्य अवधि
1.	150 नग 72 वाट एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति का कार्य।	947658.00	94765.80	1000.00	1 माह
2.	95 नग 90 वाट एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति का कार्य।	961818.00	96181.80	1000.00	1 माह
3.	80 नग 120 वाट एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति का कार्य।	975057.60	97505.76	1000.00	1 माह
4.	25एम.एम. 02 कोर एल्युमिनियम केबल (150 बन्डल), 04 एम.एम. 02 कोर एल्युमिनियम केबल (50 बन्डल), 06 एम.एम. 02 कोर एल्युमिनियम केबल (40 बन्डल), 10 एम.एम. 02 कोर एल्युमिनियम केबल (20 बन्डल), एल्युमिनियम 04 कोर आरमर्ड केबल (400 मीटर) की आपूर्ति का कार्य।	942643.00	94264.30	1000.00	1 माह
5.	04एम.एम. कॉपर वायर सिंगल कोर (10 बन्डल) पी.वी.सी. टेप (1200 नग), ब्रकेट सहित क्लैप (1300 नग)की आपूर्ति का कार्य।	996958.40	99695.84	1000.00	1 माह
6.	बेड स्वीच 06 एम्पीयर (3000 नग), 16 एम्पीयर स्वीच बाक्स सहित (500 नग) एम.सी.बी. 16 एम्पीयर (500 नग) एम.सी.बी.32 एम्पीयर (500 नग) थ्री फेज मेन स्वीच 32 एम्पीयर (40 नग) थ्री फेज मेन स्वीच 63 एम्पीयर (20 नग) 1.5 एम.एम. सिंगर कोर कापर वायर (30 नग) की आपूर्ति का कार्य।	915090.00	91509.00	1000.00	1 माह

नोट-निविदा एवं नियम तथा शर्तों के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी के लिये कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर के जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

कार्यालय सहायक अभियन्ता, चतुर्थ मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या:-11/सहा.अभि.-चतुर्थ/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदाएं दिनांक:-12.11.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र दिनांक:-04.11.2026 से दिनांक:-10.11.2026 समय 10.30 बजे से सायं 04.30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता-चतुर्थ, मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर से प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित मात्रा	जमानत धनराशि रु. में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा चार्जेज अन्य कर सहित	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद-मीरजापुर में मिरचा माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 4.800 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	3400.00	एक माह	75.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी
2	जनपद-मीरजापुर में लूसा माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.200 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	1600.00	एक माह	50.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी
3	जनपद-मीरजापुर में मड़िहान माइनर के कि.मी.0.000 से कि.मी. 2.800 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	1400.00	एक माह	50.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी
4	जनपद-मीरजापुर में दारा नगर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.200 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	1600.00	एक माह	50.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी
5	जनपद-मीरजापुर में पतेरी माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 4.400 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	3200.00	एक माह	75.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी
6	जनपद-मीरजापुर में महोखर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 1.600 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	1200.00	एक माह	50.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी
7	जनपद-मीरजापुर में भैंसवार माइनर द्वितीय के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.200 तक जंगल सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार	1100.00	एक माह	50.00+GST 18%	'डी.' एवं उच्च श्रेणी

नोट:- जी.एस.टी. का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा एवं यह निविदा धन आवंटन की प्रत्याशा में निकाली जा रही है।

यह निविदा सूचना उ.प्र. सरकार सिंचाई विभाग के वेबसाइड (http://irrigation.up.nic.in) पर उपलब्ध है। नियम व शर्ते सिंचाई विभाग के वेबसाइड पर देखी जा सकती है। यह निविदा आवंटन की प्रत्याशा में निकाली जा रही है।

उ.प्र.:- 259600
दिनांक:- 27.10.2026

(उमेश दूबे)
सहायक अभियन्ता, चतुर्थ
मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

गुमशुदा की तलाश

दिलीप सिंह उर्फ कल्लू पता- के 64/83 गोला दीना नाथ वाराणसी, हुलिया-रंग काला, उम्र 50 वर्ष लम्बाई 5.4 inch, दिनांक 04.10.2026 सुबह 5:30 से 6 बजे के बीच घर से बिना किसी को बताए निकल गये है जो अभी तक घर नही आए वह मानसिक रोगी है जिनका इलाज चल रहा है और उनका लोकेशन छपरा पता चला है एक आटो वाला फोन किया बताया और मोबाईल बंद हो गया । जिस सज्जन को उक्त आदमी के बारे में जानकारी हो कृपया निम्न पते पर सूचना दे। **संजय**

मोबाइल नं. 8303267353, कोतवाली प्रभारी, वाराणसी

कार्यालय ग्राम पंचायत इमामुद्दीनपुर वि.ख. कासिमाबाद, गाजीपुर

पत्रांक: मेमो /निविदा सूचना/2026-27 दिनांक: 25.10.2026

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत इमामुद्दीनपुर में डिजीटल लाइब्रेरी लागत 997000/- एवं नाली निमार्ण , स्मार्ट क्लास एवं आर आर सी सेंटर की स्थापना का कार्य आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छूक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.10.2026 से दिनांक 03.11.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 04.11.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। अत: ग्राम सभा / विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

नियम व शर्ते -

1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जाएगी।
2- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान और सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं।
3- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा।
6- आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए सलग्न जाय।
7- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जाने अनिवार्य होगी।
8- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है हधोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रिंस कुमार गुप्ता
सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण)
ग्राम पंचायत इमामुद्दीनपुर
वि.ख. कासिमाबाद गाजीपुर

इन्दू देवी
ग्राम प्रधान / प्रशासक
ग्राम पंचायत इमामुद्दीनपुर
वि.ख. कासिमाबाद गाजीपुर

ताप्ती गंगा एक्सप्रेस से कटकर दो बच्चों समेत महिला की मौत

रानी की सराय रेलवे स्टेशन के पास दोपहर में हुई हृदयविदारक घटना

रानी की सराय, आजमगढ़। मन में क्या चल रहा था, कौन सी ऐसी परिस्थियां उत्पन्न हो गईं कि

आत्मघाती

ट्रेन का ठहराव स्टेशन पर नहीं होने के कारण सुनसान देख उठाया कदम

एक महिला ने बुधवार को दोपहर पौने एक बजे अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर जान दे दी। अचानक हुई घटना की किसी को भनक तक नहीं लग सकी। कारण कि ट्रेन का ठहराव रानी की सराय स्टेशन पर नहीं होता और इसी कारण वहां उसके यात्री भी नहीं आते।

आसपास के लोगों के अनुसार महिला को कुछ देर पहले तक चार

व छह वर्ष के दो बच्चों के साथ टहलते देखा गया था, लेकिन यह सोचा गया कि किसी कारण से स्टेशन पर घूमकर समय बिता रही होगी इसलिए किसी ने उस तरफ बहुत ध्यान भी नहीं दिया। लगभग पौने एक बजे पता चला कि तीनों की उस समय गुजरने वाली बिहार के थावे जंक्शन से गुजरात के उधना जंक्शन (सूरत) तक चलने वाली 19046 डाउन ताप्ती गंगा एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई। उसके बाद आसपास के लोग स्टेशन पर पहुंचे, लेकिन महिला की पहचान करने में असमर्थ दिखे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए प्रयास शुरू कर दिया। इसके लिए आसपास के लोगों के अलावा सोशल मीडिया का भी सहयोग लिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना था कि काश! रानी की सराय स्टेशन पर भी इस ट्रेन का स्टापेज होता तो यात्रियों की भीड़ होती और शायद घटना टल सकती थी। ट्रेन गुजरते ही रेलवे ट्रैक पर दो मासूम और महिला के क्षत-विक्षत शव देख हड़कंप मच गया।

बेड पर सो रहे मासूम की सर्पदंश से मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के हथौटा गांव में मंगलवार की रात बेड पर सो रहे छह वर्षीय मासूम की सर्पदंश से मौत हो गई। बुधवार की सुबह मां उसे जगाने पहुंची तो वह नहीं उठा। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हथौटा गांव निवासी प्रिंस यादव क्षेत्र के एक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। मंगलवार की रात वह प्रतिदिन की तरह अपनी मां रितू और भाई पीयूष के साथ बेड पर सो रहा था। बुधवार की सुबह मां रितू उसे जगाने पहुंचीं, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी प्रिंस नहीं उठा। इसके बाद घबराई मां उसे लेकर नजदीकी सीएचसी पहुंचीं। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एक दिन पहले लापता ब्रेड विक्रेता की गला रेतकर हत्या

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गौरी गांव में 30 वर्षीय युवक की गला रेतकर हत्या किए

गंभीरपुर क्षेत्र के गौरी गांव में घटना की जानकारी के बाद हड़कंप

जाने का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह युवक का शव गांव में नट बस्ती के बगल बाहा में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार गांव के 30 वर्षीय शाहरुख खान पुत्र मुस्तफा बोलने में असमर्थ था और पाव रोटी बेचकर अपना जीवनयापन करता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बताया जाता है कि मंगलवार शाम शाहरुख घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। गांव और आसपास के इलाकों में

खोजबीन की गई। परिजनों ने डायल 112 और गंभीरपुर पुलिस को भी इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से भी युवक की तलाश की गई, लेकिन देर रात तक उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह तलाश के दौरान ग्रामीणों ने गौरी गांव में नट बस्ती के बगल बाहा में शाहरुख का शव पड़ा देखा। युवक की गला रेतकर हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची गंभीरपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। युवक की हत्या किसने और किन परिस्थितियों में की, इसका पता लगाने के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल हत्या के कारणों और संदिग्धों के संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

फरिहां, आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के मोइयां गांव के बघाड़ी

निजामाबाद क्षेत्र के मोइयां गांव के बघाड़ी नदी के पास हुआ हादसा

नदी के पास मंगलवार की देर शाम कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बघौरा निवासी विनोद पुत्र सुरजू वनवासी फरिहां में बालू अड्डी पर काम करते थे। मंगलवार को देर शाम अपने दो साथियों को शहरिया गांव पहुंचाने जा रहे थे। बघाड़ी नदी के पास पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे विनोद वनवासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 वर्षीय सूरज पुत्र महेंद्र व 19 वर्षीय बृजेश पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम शहरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना होते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और घायलों को तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजवाया। दोनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर निजामाबाद थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, एसआई कमला प्रसाद पटेल आदि ने पहुंचकर कब्जे को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस कार चालक के संबंध में जानकारी प्राप्त करने में जुट गई। मृतक 6 भाई बहनों में सबसे बड़ा था।

गुड हेल्थ अस्पताल में नवजात की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

रानी की सराय, आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र में लखनऊ मार्ग पर चेकपोस्ट के आगे महमूदपुर गांव स्थित

महमूदपुर में सुबह भर्ती हुई प्रसूता, रात नौ बजे शुरू किया गया आपरेशन

गुड हेल्थ अस्पताल में मंगलवार की रात नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही और ऑपरेशन में देरी करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और नवजात के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में परिजनों की तरफ से पुलिस को तहरीर ने दी गई है।

रानी की सराय थाना क्षेत्र के

सेठवल निवासी राजनारायण जायसवाल के अनुसार उनकी पत्नी शालिनी जायसवाल का पिछले कई महीनों से इसी अस्पताल में उपचार चल रहा था। चिकित्सकों की सलाह पर मंगलवार की सुबह उन्हें प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि दोपहर में ही ऑपरेशन के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करा लिए गए थे, 10 हजार रुपये भी जमा कर लिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद रात करीब नौ बजे ऑपरेशन शुरू किया गया। बीच में कोई देख रेख नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण नवजात की जान चली गई।

पुलिस ने समझाकर मामला कराया शांत, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

यह भी आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल की महिला चिकित्सक ने पहले सामान्य स्थित में प्रसव की बात कही। रात में आपरेशन करने के लिए अस्पताल कर्मियों ने परिजन को बताया। आरोप है कि आपरेशन काफी देर बाद शुरू किया गया। आपरेशन के दौरान नवजात मृत पाया गया। नवजात की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इस अस्पताल में इसके पहले भी हंगामा हो चुका है। हाल ही में एक मासूम की यहां मौत हुई थी।

सरकारी राशन की दुकान का चयन स्थगित

रानी की सराय, आजमगढ़। क्षेत्र के सेमरहां गांव में सरकारी राशन की दुकान का चयन विभाग कर्मियों के न आने से नहीं हो सका। दोपहर बाद तक लोग मौके पर जमा रहे। सेमरहा गांव में हाल ही में सरकारी राशन के दुकान का चयन हुआ था। कोटा चयन पर आपत्ति पर मामला न्यायालय में चला गया। फिर विभाग ने गांव में खुली बैठक में चयन के लिए प्रक्रिया शुरू की। बुधवार को ग्रामीण मौके पर इकठ्ठा थे, परंतु विभाग के कर्मचारी ही नहीं पहुंचे, जिससे कोटा चयन की प्रक्रिया नही पूरी हो सकी।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये गीत, भाषण

सिधौना, आजमगढ़। डॉ. वासुदेव सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में यूनियन बैंक की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सतर्कता जागरूकता विषय पर गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। इसके साथ ही निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से ईमानदारी, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों की सक्रिय भागीदारी और प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को यूनियन बैंक की ओर से प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने विद्यार्थियों को ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर इश्तियाक अरशद रीजनल मैनेजर के अलावा श्रेय गुप्ता, चंदन कुमार, पंकज कुमार, अभिनव प्रकाश, नीरंजन कुमार सिंह की उपस्थिति रही।

माहुल में व्यापारी के शोक में नहीं निकली भरत मिलाप की झांकी

माहुल, आजमगढ़। दुग्ध उत्पाद के व्यापारी के निधन से शोक में माहुल में मंगलवार रात भरत मिलाप की झांकी निकालने का कार्यक्रम रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय मोदनवाल के प्रस्ताव पर निरस्त कर दिया गया। सिर्फ रामलीला के मंच पर राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की की आरती के बाद सारे कार्यक्रम को स्थगित कर शोकसभा की गई।

दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करें फूलपुर कोतवाल

आजमगढ़। दुष्कर्म के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने फूलपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक को चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है। इस मामले में पीड़िता ने अपने अधिवक्ता विंध्यवासिनी प्रसाद सिंह के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था, जिसके अनुसार पीड़िता फूलपुर थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज की छात्रा है। उसी कॉलेज के छात्र आकाश सोनकर, सुनील यादव, बरनीत यादव तथा सनी गौतम अक्सर छेड़खानी करते थे। इसी बीच पीड़िता की शादी की बात कहीं और चलने लगी तो आकाश सोनकर ने 23 जुलाई 2026 को पीड़िता के पिता और भाई को धमकी दी थी। जब पिता और भाई ने स्थानीय थाने पर इसकी सूचना दी तो पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। पीड़िता 16 अगस्त 2026 को अपनी बहन के साथ पिता की दुकान से घर आ रही थी तो बूंदाबादी होने के कारण एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई।

माहुल के शिवाजी मेन चौक पर भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

माहुल, आजमगढ़। जय मां वैष्णो दुर्गापूजा समिति के प्रबंधक सुजीत जायसवाल आंसू द्वारा मंगलवार को नगर पंचायत माहुल के शिवाजी मेन चौक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जय मा वैष्णो दुर्गापूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित यह भंडारा शाम छः बजे से शुरू हुआ। जैसे जैसे रात होती गई प्रसाद ग्रहण करने वालों का तांता लग गया और गांधी मार्ग पर जाम की स्थिति हो गई। उसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद श्रद्धालुओं को सड़क से हटाया। रात 11 बजे तक चले इस भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अतरौलिया के ऐतिहासिक मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

अतरौलिया, आजमगढ़। शरद पूर्णिमा के अवसर पर नगर पंचायत अतरौलिया में आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले के तीसरे और अंतिम दिन आस्था और उल्लास का सैलाब उमड़ पड़ा। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते कस्बे में देर रात तक श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। मेले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रशांत सिंह ने भी मेले में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। मेले के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौराहों, चौक और मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बिजली की रंग-बिरंगी झालरों से जगमगाते पूजा पंडाल और आकर्षक विद्युत सजावट मेले की भव्यता को बढ़ा रही थी। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के साथ मेले में खरीदारी का आनंद लिया। वहीं, बच्चों और युवाओं में झूलों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। शाम ढलते ही मेले की रौनक और बढ़ गई। देर रात तक बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। मेले में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

माहुल बाजार में हृदयाघात से व्यवसायी का निधन

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल बाजार निवासी 55 वर्षीय व्यवसायी मनोज अग्रहरि की पूजा

पूजा पंडाल में तेज आवाज में बज रहे साउंड से जान जाने का आरोप

पांडाल में बज रहे साउंड की तेज आवाज से मौत हो गई। व्यवसायी के बेटे ने पूजा पांडाल के संचालक पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। मनोज अग्रहरि माहुल बाजार में दुग्ध उत्पाद के प्रमुख व्यवसायी थे और काफी मिलनसार प्रवृति के थे। उनके पुत्र बंधु अग्रहरि के अनुसार उनके पिता हृदय रोग और शुगर से ग्रसित थे। घर के सामने सड़क के दूसरे किनारे पर एक पूजा पांडाल में देवी प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसमें रोजाना ही तेज आवाज में साउंड से गाना बजाया जाता था, जिससे पिता जी को परेशानी होनी शुरू हो गई। सोमवार को सुबह पिताजी ने पूजा पांडाल के संचालक आनंद गुप्ता को ऐसा करने से मना किया पर पांडाल संचालक पर कोई असर नहीं हुआ। उल्टा ध्वनि को और तेज कर दिया। बंधु ने यह भी आरोप लगाया कि रात भर तेज आवाज में डीजे बजाया। जिससे मंगलवार सुबह उनके पिता मनोज अग्रहरि की हालत खराब हो गई। उसके बाद उन्हें आजमगढ़ के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया जहां से डाक्टर ने उनकी हालत को गंभीर बताते हुए लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। शाम छः बजे लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में खड़ी ट्रक में घुसी कार, दो की मौत

लालगंज, आजमगढ़। वाराणसी-लुंबिनी नेशनल हाईवे-233 पर बुधवार की शाम भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के समीप ओवरब्रिज से उतरते समय स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। इसके बाद कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे देवगांव कोतवाल सुनील कुमार सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त कार को तोड़कर उसमें फंसे पांचों युवकों को बाहर निकलवाया। इनमें 19 वर्षीय शीतल पुत्र सुरेंद्र और 19 वर्षीय रोहन पुत्र रमाकांत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 18 वर्षीय विशाल पुत्र शशिकांत, 20 वर्षीय परविंद पुत्र राजबहादुर और 20 वर्षीय साहिल पुत्र जबिंदर घायल हो गए। तीनों घायलों को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आजमगढ़ रेफर कर दिया गया। बताया गया कि पांचों युवक जौनपुर जिले के केराकत थाना क्षेत्र के सरायबीरू गांव के निवासी थे। वे घर से कार धुलवाने के लिए निकले थे और देवगांव आए थे। इसी दौरान एनएच-233 पर हादसे का शिकार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दो शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

दौलताबाद में राम ने किया रावण का वध, गूंजा जयकारा

जहानागंज, आजमगढ़। आदर्श रामलीला समिति दौलताबाद के मंच पर मंगलवार की रात रावण वध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के प्रसंग ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रावण वध के साथ ही रामलीला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार सिंह का रामलीला समिति के संरक्षक मंडल एवं पदाधिकारियों ने सम्मान किया। मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार सिंह तथा संरक्षक मंडल के पदाधिकारियों ने कलाकारों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर ऋषिकेश पांडेय, रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, संतोष जायसवाल, उपेंद्र तिवारी एवं नीरज प्रजापति, कैलाश प्रजापति, मनोज प्रजापति, संतोष चौबे, राज विजय प्रजापति, भरत प्रजापति, आकाश प्रजापति ,सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कमरे में फंदे से लटका मिला राजगीर का शव

बलरामपुर, आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सराय मोहल्ले में बुधवार की सुबह कमरे में राजगीर का फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। कस्बा सराय निवासी 42 वर्षीय अशोक राजगीर का काम करते थे। उनके पिता हरिनाथ ने बताया कि मंगलवार की रात अशोक काम से घर लौटे थे। स्वजन के साथ भोजन करने के बाद वह पत्नी के साथ बरामदे में सोने चले गए। परिवार के अन्य सदस्य कुछ दूरी पर स्थित दूसरे मकान में रहते हैं। बुधवार की सुबह पत्नी की नींद खुली तो अशोक बिस्तर पर नहीं मिले। उनकी तलाश करते हुए वह कमरे में पहुंची तो वहां का दृश्य देखकर सन्न रह गई। कमरे में छत के चुल्ले से रस्सी के सहारे अशोक का शव लटक रहा था। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

कलान, आजमगढ़। पवई क्षेत्र के रामपुर कला गांव में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। हरिद्वार से आए वासुदेव मिश्र ने संगीतमयी कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य, धुंधकारी-गोकर्ण प्रसंग और भागवत श्रवण के नियमों का वर्णन किया। कथावाचक ने धुंधकारी और गोकर्ण की कथा के माध्यम से बताया कि मनुष्य के कर्म उसके जीवन की दिशा तय करते हैं। धुंधकारी अपने दुष्कर्मों के कारण प्रेत योनि में पहुंच गया था। वहीं, गोकर्ण ने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराकर उसे मुक्ति का मार्ग दिखाया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने भागवत कथा के श्रवण की महिमा और सद्कर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य यजमान लालमणि तिवारी के अनुसार कथा दो नवंबर सोमवार तक चलेगी। इस दौरान द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र और मुक्ति स्कन्द का वर्णन किया जाएगा। तीन नवंबर मंगलवार को महाप्रसाद वितरण के साथ धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

बाजार रहे गुलजार, महिलाएं आज करेंगी चलनी से चांद संग पति का दीदार

आजमगढ़। महिलाओं के लिए सुहाग से बड़ा कोई धन नहीं होता। सुहाग की सलामती के लिए

सड़क किनारे लगी मिट्टी के बने रंग-बिरंगे करवे, कुश और चलनी की दुकान

होने वाले व्रत से बड़ा कोई व्रत नहीं होता। महिलाओं को ऐसे पर्वों का साल भर बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार महिलाओं को गुरुवार को उदय होने वाले चांद का इंतजार है। जब चलनी से चांद संग पति के दीदार का मौका आएगा। करवा चौथ गुरुवार को है, लेकिन उसे लेकर बुधवार को ही महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। बाजारों की हालत यह कि जाम के कारण शहर के मुख्य चौक से दोपहिया वाहन भी पार

करने में काफी समय लग रहा था। साड़ी और जेवर से लेकर श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भीड़ रही, तो दूसरी तरफ रंग-बिरंगे करवा, कुश और रंग-बिरंगी चलनी की जमकर खरीदारी की गई। साड़ी की दुकानों पर भी सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी रही। लाल, पीली और हरे रंग की साड़ी डिमांड अधिक रही। उसमें भी वजन में हल्की साड़ी महिलाएं दिखाने को कह रही थीं।

परंपरागत पकवान बनाने के लिए घी, सरसों का तेल, चीनी, मैदा, बेसन, मेवा आदि की व्यवस्था की गई। व्रत की तैयारी को लेकर बाजारों में रोज की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही भीड़ दिख रही थी। व्रत पूजा के लिए खरीदारी के साथ ही महिलाओं में मेहंदी रचाने की जिज्ञासा दिख रही थी। कुछ ने साज श्रृंगार को ब्यूटी पार्लर जाने का मन बनाया। व्रत से

सुहाग पर्व करवा चौथ के लिए साड़ी, सूट और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी

करवा और कुश का क्या संबंध है, यह तो कोई नहीं जानता, लेकिन यही एक व्रत है जिसमें करवा और कुश का प्रयोग किया जाता है। करवा में तरह-तरह के पकवान रखकर भगवान के नाम से अर्पित किया जाता है। उसके बाद महिलाएं व्रत से जुड़ी कथा का श्रवण करके पति की दीर्घायु की कामना करती हैं और शाम को चांद को अर्घ्य अर्पित करने के बाद चलनी से पति का दीदार कर उनके हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ती हैं।

डीडी कृषि, मण्डलीय दुग्ध विकास अधिकारी, डीडी दिव्यांगजन का रोका वेतन

डीडी अल्पसंख्यक, समाज कल्याण का भी रोका वेतन, सभी से तलब किया गया स्पष्टीकरण

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न

कारवाई

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा कर विकास योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने को कहा

विभागों की ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष तेजी से कार्य करते हुए प्रगति में सुधार लाने तथा योजनाओं का

लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। कृषि विभाग की योजनाएं लक्ष्य के सापेक्ष पीछे रहने व लापरवाही दर्शित होने पर मण्डलायुक्त ने उप कृषि निदेशक का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। दुग्ध मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में शासन को कार्ययोजना बनाकर प्रेषित न करने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डलीय दुग्ध विकास अधिकारी को वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। शत प्रतिशत दिव्यांगजनों को चिन्हित कर दिव्यांग पेंशन से आच्छादित करने में लापरवाही बरतने पर डीडी दिव्यांगजन संजय मिश्रा का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश मण्डलायुत ने दिया। विभागीय

मण्डल के तीनों जनपदों में अस्पताल, चिकित्सक, अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर अभियान चलाकर करें निरीक्षण

योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने पर डीडी अल्पसंख्यक एवं समाज कल्याण का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अवैध रूप से संचालित चिकित्सकों, अस्पतालों, क्लीनिकों एवं प्राइवेट अवैध एम्बुलेंस की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराते हुए अभियान चलाकर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई एवं सीज करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने मण्डल के तीनों जनपदों में अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर नियमित निरीक्षण का निर्देश दिया। साथ ही सख्त निर्देशित किया कि अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर नामित चिकित्सक ही अल्ट्रासाउण्ड करें। निरीक्षण में नामित चिकित्सक के अलावा अन्य द्वारा अल्ट्रासाउण्ड करते हुए पकड़े जाने पर तत्काल एफआईआर कराते हुए केन्द्र को सीज करें। सीएमओ द्वारा बताया गया कि माह सितम्बर में आजमगढ़ में 8 अवैध अस्पताल सीज किये गये हैं। इसी प्रकार से जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आगामी बोर्ड परीक्षा सेन्टर चयन, सामाजिक वनीकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग आदि की समीक्षा की गई।

मेले में विवाद शांत कराना पड़ा भारी, घर बुलाकर मारी गोली

बलरामपुर, आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के ककरहटा गांव में मंगलवार की रात मेले में हुए विवाद

ककरहटा गांव में हुई घटना, युवक के जांघ में गोली लगने से कराया गया भर्ती

को शांत कराना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि विवाद के बाद एक युवक ने 18 वर्षीय निखिल यादव को उसके घर से बाहर बुलाया और कहासुनी के दौरान जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली निखिल की दाहिनी जांघ में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ककरहटा गांव में मंगलवार को मेला लगा था। निखिल अपने साथियों

के साथ मेला घूमने गया था। इसी दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ता देख निखिल ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया और घर लौट आया। निखिल के पिता इंद्रदेव यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रात में मोजरापुर गांव निवासी अजीत उनके घर पहुंचा और निखिल को मिलने के लिए बाहर बुलाया। घर के बाहर दोनों के बीच बातचीत के दौरान कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इसी बीच अजीत ने निखिल पर गोली चला दी। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर जुट गए। इसके बाद परिजन घायल निखिल को जिला अस्पताल ले गए। शहर कोतवाली पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

दो गंभीर रूप से घायल, मोरवा-अनपरा मार्ग पर हुआ हादसा

आक्रोशित ग्रामीणों ने रोकी वाहनों की रफ्तार, आश्वासन पर माने ग्रामीण

सिंगरौली। सिंगरौली के मोरवा थाना क्षेत्र के मोरवा-अनपरा मार्ग पर मंगलवार की रात खनहना में तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। देर रात निरीक्षक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह व तहसीलदार अभिषेक यादव के आश्वासन के बाद जाम खुल सका तब कहीं जाकर आवागमन बहाल हुआ। उधर, हादसे में घायल दो लागों को नेहरू चिकित्सालय से वाराणसी रेफर कर दिया गया। मृतक के परिजन चतरी निवासी लखपति यादव ने मोरवा पुलिस को बताया कि उनके बड़े पिता रामलल्लू यादव पुत्र स्व. अमरोल यादव उम्र 35 वर्ष पीटासी स्थित पेट्रोल पंप पर काम करते थे। देर रात उनके भतीजे सूरज कुमार यादव ने फोन पर सूचना दी कि खनहना में रामलल्लू यादव का एक्सीडेंट हो गया है। जिसके बाद वह खनहना पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि दुर्घटना में रामलल्लू यादव के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं, जिससे उनकी मौत हो गई और उनका शव सड़क किनारे पड़ा था। लखपति यादव ने पुलिस बताया कि किसी अज्ञात ट्रेलर चालक ने हादसे को अंजाम दिया है। मृतक के साथ बाइक पर मौजूद राजकुमार रजक 26 वर्ष पुत्र शोभनाथ रजक और करण कुमार रजक 20 वर्ष पुत्र कमला प्रसाद रजक दोनों निवासीगण खनहना भी गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों को उपचार के लिए नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत भेजा गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए देर रात करीब 12 बजे वाराणसी रेफर कर दिया गया। उधर, घटना से नाराज ग्रामीणों ने एनएच मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर मोरवा निरीक्षक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। देर रात तक पुलिस ग्रामीणों को समझाने में जुटी रही। इसके बाद तहसीलदार अभिषेक यादव भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को उचित मुआवजा एवं रेड क्रॉस सोसाइटी से आर्थिक मदद भी दिलवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त कराया जा सका। पुलिस ने मृतक के परिजनों के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रेलर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी के विरोध में भाकपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने समेत पांच सूत्री राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

सोनभद्र। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को भाकपा जिला कमेटी द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी, एसआईआर प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के सवाल को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। देव कुमार विश्वकर्मा, जिला सह सचिव भाकपा सोनभद्र के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भाकपा नेताओं ने कहा कि एसआईआर के नाम पर किसी भी पात्र नागरिक को मताधिकार से वंचित करना लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। गरीबों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और वंचित वर्गों के मताधिकार की सुरक्षा तथा मतदाता सूची में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। भाकपा की पाँच सूत्रीय प्रमुख मांगें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम तत्काल पुनः शामिल किए जाएं। प्रक्रिया पर रोक लगाकर शीघ्र मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की वर्तमान प्रणाली को जनहित में वापस लिया जाए। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और स्वस्थ राजनीतिक मूल्यों की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए। भाकपा नेताओं ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाना उसके लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड बसावन गुप्ता एवं संचालन कामरेड अमरनाथ सूर्य ने किया। इस मौके पर अमरनाथ सूर्य, बसावन गुप्ता, बीरबल कोल, रामचरितर कोल, लल्लू कोल, गीता देवी, इंदु भुइंया, रमेश भुइया, लक्ष्मण भुइया, सूरज बंसल, रामप्रसाद बंसल, अमरनाथ भारती, बनारसी भारती, अमरनाथ बिंद, प्रेमा गोंड, रामराज भारती, विष्णुकांति बंसल, मन्नू भारती, अमित कुमार बंसल, चंद्रशेखर बंसल आदि मौजूद रहे।

करोड़ों के साइबर धोखाधड़ी में तीन और दबोचे गये

पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया मध्य प्रदेश से गिरफ्तार

तीन टर्म में हो चुकी है आठ गिरफ्तारी

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली पुलिस एवं सर्विलांस टीम ने सत्य सनातन ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत बैंक खाते से करोड़ों रुपये की साइबर धोखाधड़ी के प्रकरण में भोपाल, मध्य प्रदेश से तीन और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 01 हुंडई अमेज कार भी बरामद किया है। इस प्रकरण में अब तक तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 08 अभियुक्तों पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। जनपद मुख्यालय स्थित चुर्क पुलिस लाइन में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल ने पत्रकारों को बताया कि समन्वय पोर्टल के माध्यम से सत्य सनातन ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत बैंक खातों की जांच में साइबर फ्रॉड से संबंधित कुल 35 शिकायतों में लगभग 11.63 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि उक्त ट्रस्ट में कई सदस्यों को जोड़ा गया था। आरोप है कि साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि उक्त ट्रस्ट के बैंक खातों में मंगाई जाती थी। जांच में यह भी प्रकाश में आया कि ट्रस्ट के कई बैंक खाते थे, जिनमें से एक खाते में लगभग 2.37 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई थी। जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि उक्त ऋषिकेश पाण्डेय द्वारा धर्मोदय फाउण्डेशन नामक संस्थान का भी पंजीकरण कराया गया था, जिसे चुर्क में स्थापित किया गया था। इसके अतिरिक्त बलसा कन्स्ट्रक्शन एंड ट्रेडिंग (एलएलपी)जिसका संबंध किरबिल, म्योरपुर से बताया गया है, तथा भूमित्रम इंडिया माइक्रो फाउंडेशन ट्रस्ट सहित अन्य संस्थाओं के बैंक खातों में भी संदिग्ध लेन-देन प्रकाश में आए हैं। इन संस्थाओं से संबंधित लेन-देन की जांच के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जो संस्थाएं जाँच के दायरे में हैं उसमें सत्य सनातन ट्रस्ट रजखड़, दुद्धी, भूमित्रम इंडिया माइक्रो फाउंडेशन, बलसा कन्स्ट्रक्शन एंड ट्रेडिंग (एलएलपी) किरबिल, म्योरपुर धर्मोदय फाउण्डेशन चुर्क, राष्ट्रीय स्वराज फाउण्डेशन शामिल है। इस संबंध में थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0-281/2026, धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) एवं धारा 66डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। एएसपी ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी का विवरण देते हुए बताया कि वांछित अभियुक्तों की तलाश के क्रम में निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया (प्रभारी निरीक्षक थाना रायपुर), निरीक्षक अपराध थाना दुद्धी अंगद प्रसाद तिवारी एवं सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल लोकेशन के आधार पर भोपाल, मध्य प्रदेश में दबिश दी गई। पुलिस टीम ने 25 अक्टूबर को समय करीब 08:05 बजे, थाना अयोध्या नगर क्षेत्रान्तर्गत सी-सेक्टर तिराहे पर यादव टी-स्टाल के पास से 03 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया गया तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर 28 अक्टूबर को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार उनमें जय कुमार पाण्डेय पुत्र स्व शशिधर पाण्डेय, निवासी मकान नं0 सी-10, तिरुपति होम्स, थाना अयोध्या नगर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेशय स्थायी पता मकान नं0 173, न्यू देवराज नगर, गीधैला, रामनगर, जिला सतना, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 35 वर्ष, राजेश पोद्दार पुत्र यशपाल पोद्दार, निवासी फ्लैट नं0 508, सागर लेक व्यू होम, थाना अयोध्या नगर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेशय स्थायी पता वार्ड नम्बर 09, आदर्श नगर स्कूल के पास, थाना मोरवा, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 46 वर्ष,बब्बू प्रसाद प्रजापति पुत्र रामकृष्ण प्रजापति, निवासी फ्लैट नम्बर 608, सागर लेक व्यू होम, थाना अयोध्या नगर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेशय स्थायी पता ग्राम गोदवाली, थाना बरगवां, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 27 वर्ष शामिल हैं।

मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

ओबरा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र में मालगाड़ी की चपेट में आने से बुधवार की सुबह करीब 70 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। हादसा सेक्टर-10 रोड स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के समीप पोल संख्या 136/2। के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस, डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान ओबरा गांव के लोहिया टोला निवासी गुप्त बैगा (70 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय शोभा बैगा के रूप में हुई है। बताया गया कि वह मालगाड़ी की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि, घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों और परिचितों में शोक का माहौल है।

युवक की मौत के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

ओबरा(सोनभद्र)। थाना जुगैल पुलिस ने जंगली जानवर के शिकार हेतु खेत में करंट प्रवाहित नंगा तार लगाने से युवक की मृत्यु के प्रकरण में 03 नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि 25 अक्टूबर को रात्रि लगभग 08 बजे राजेश गुप्ता उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र अर्जुन गुप्ता निवासी चतरवार टोला मकरवानी, थाना जुगैल शौच के लिए खेत की तरफगया था। इसी दौरान जंगली जानवर का शिकार करने के लिए लगाए गए घरेलू उपयोग के जीआई तार में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आने से वह घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता अर्जुन गुप्ता की तहरीर के आधार पर थाना जुगैल पर मु0अ0सं0 134/2026, धारा 105 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में नामजद तीन आरोपियों जगरनाथ बैगा पुत्र बच्चालाल बैगा, रामधनी बैगा पुत्र धनपत तथा बिहारी बैगा पुत्र प्रगास निवासीगण ग्राम चतरवार टोला छिवलहवा, थाना जुगैल को सोमवार की रात्रि लगभग 09 बजे ग्राम चतरवार से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस परेड के लिए एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय की चार छात्राओं का चयन

गुजरात में ३१ अक्तूबर को होगी राष्ट्रीय एकता दिवस परेड, छात्राओं के साथ एस्कार्ट शिक्षिका भी रहेंगी मौजूद

सोनभद्र। भारत सरकार के नक्सल मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुजरात में 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 में प्रतिभाग करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पीपरखाड़, सोनभद्र की चार छात्राओं का चयन जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किया गया है। चयनित छात्राओं में विद्यालय की कक्षा 9 की बिपाशा रानी, काजल, चंद्रकांता सिंह एवं ज्योति कुमारी शामिल हैं। छात्राओं के साथ श्रीमती रितु शर्मा, टीजीटी विज्ञान, एस्कॉर्ट शिक्षिका के रूप में रहेंगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिया आनंद ने चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पूरे उत्साह, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों में विद्यार्थियों की सहभागिता से उनमें राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ आत्मविश्वास की भावना भी सुदृढ़ होती है। विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं एवं एस्कॉर्ट शिक्षिका को शुभकामनाएँ देते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 में उनके सफल, उत्कृष्ट एवं गौरवपूर्ण प्रदर्शन की कामना की।

अनिकेत लगातार दूसरी बार बने निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष

सोनभद्र। उत्कृष्ट संगठनात्मक कार्यों और सक्रिय नेतृत्व को देखते हुए अनिकेत निषाद को लगातार दूसरी बार पार्टी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन पर दोबारा भरोसा जताए जाने से जिले के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए आतिशबाजी कर जश्न मनाया। स्थानीय नेताओं का कहना है कि अनिकेत निषाद के पिछले कार्यकाल में संगठन को धरातल स्तर पर मजबूती मिली थी और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया था। उनके पुनः अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार हुआ है।

चक्रवाती तूफान अर्नब के दृष्टिगत सोनभद्र में सतर्कता

ग्रामीण क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से किया जा रहा जागरूक

जिलाधिकारी ने आमजन से सावधानी बरतने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील

सोनभद्र। चक्रवाती तूफान 'अर्णब' के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र में सतर्कता बरती जा रही है। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है, ताकि संभावित प्रतिकूल मौसम की स्थिति में जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया कि जनसामान्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने तथा आमजन तक आवश्यक सूचनाएं पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनपदवासियों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। तेज हवाओं, आंधी एवं बारिश के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों तथा कमजोर भवनों के आसपास जाने से बचें। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों और दिशा-निर्देशों का पालन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में घबराने के बजाय प्रशासन से संपर्क करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतने तथा जनसामान्य को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए संपर्क नंबररू 05444-297645, आपदा हेल्प लाईन नम्बर 1077 पर सूचित करें। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने आसपास के लोगों को भी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करें, जिससे किसी भी संभावित आपदा के दौरान सुरक्षित रहा जा सके।

जल संरक्षण, जैविक खेती के महत्व को बताया

हिंडाल्को ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में वितरित किये सब्जी के बीज

अनपरा(सोनभद्र)। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन में एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा निर्देशन से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सब्जी बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षमता विकास केंद्र रेनुसागर में हुआ। इस दौरान आसपास के गांवों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को पालक, मूली, धनिया, फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर एवं प्याज सहित विभिन्न रबी फसल की सब्जियों के गुणवत्तापूर्ण बीज वितरित किए गए। हिंडाल्को रेनुसागर के अधिकारी सदानन्द पांडेय ,संतोष श्रीवास्तव, बलवंत सिंह एवं सुधांशू लेखराज ने इस पहल में जुड़कर महिला किसानों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं से सब्जी उत्पादन एवं उससे होने वाली आय के संबंध में चर्चा की। साथ ही, खेत की तैयारी, बीजों के उचित उपयोग, उन्नत कृषि तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं जैविक खेती के महत्व की जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में सीएसआर रेनुसागर की पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं, लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि वे सब्जियों का उत्पादन कर बाजार में बिक्री करती हैं, जिससे प्रतिदिन लगभग 300 से 400 रुपये तक की आय अर्जित हो जाती है। इस आय से वे अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ बच्चों की शिक्षा में भी योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंडाल्को रेनुसागर के ग्रामीण विकास प्रमुख संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल बीज वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाना है। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी राजनाथ यादव एवं शिवम पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

एमएलसी चुनाव में सपा की जीत पर खुशी

शिक्षक मतदाताओं ने भाजपा के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जताया अपना विश्वास

अनपरा(सोनभद्र)। स्नातक और शिक्षक विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी की हुई प्रचंड जीत पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर ढोल-नगाड़ा के साथ प्रसन्नता दिखाया। समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और ओबरा विधानसभा के प्रत्याशी रहे डॉ रवि गोंड बड़कू ने खुशी जताते हुए समस्त सम्मानित स्नातक और शिक्षक मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि पढ़े लिखे वर्ग ने भाजपा के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपना विश्वास समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों पर जताया है। आगरा, प्रयागराज, लखनऊ सहित प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी खंड निर्वाचन क्षेत्र से शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव की पुनः दूसरी बार ऐतिहासिक जीत और स्नातक एमएलसी के सपा प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा अभी पांचवे राउंड तक हजारों वोट से बढ़त बनाकर रखना बड़े बदलाव की तरफ साफ संदेश है। जनता रोजगार, महंगाई, पेपर लीक, से परेशान है महिलाएं, मजदूर किसान हो या नौजवान हर वर्ग पीड़ित है आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा के जनविरोधी सरकार को हटाकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनाने के लिए तैयार खड़ी है। जिला प्रवक्ता प्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षित वर्ग ने समाजवादी पार्टी में विश्वास जताकर ये साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास सिर्फ एक जुमला है। कहा कि समाजवादी पार्टी के कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं आने वाले समय में जनता भाजपा को पूरी तरह से हराकर समाजवादी सरकार बनाने को तैयार है। नगर अध्यक्ष मुव हफीज फूलील ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह है सभी समाजवादी पूरे जोश के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने को तैयार है। कार्यक्रम में भोला नाथ निषाद, गैवी नाथ यादव, प्रेम यादव, फिरोज खान, मनमोहन बैसवार, जुल्फिकार अली, रुद्र यादव, अंजनी यादव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, अक्षय कुमार गुप्ता, आर के यादव, लवकुश, राव वीरेंद्र मौजूद रहे।

एनसीएल खड़िया परियोजना के विस्तार पर जनसुनवाई

अधिकारियों ने लोगों के सवालों का दिया जवाब

शक्तिनगर(सोनभद्र)। नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खड़िया परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर बुधवार को खड़िया कॉलोनी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ग्राउंड में पर्यावरणीय जनसुनवाई आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से आयोजित इस जनसुनवाई में परियोजना विस्तार से जुड़े पर्यावरणीय एवं जनहित के मुद्दों पर स्थानीय लोगों ने अपनी बात रखी। इस दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े सवाल उठाए। प्रस्ताव के अनुसार, खड़िया परियोजना का क्षेत्रफल वर्तमान 1640 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1697.906 हेक्टेयर तथा उत्पादन क्षमता 15 मिलियन टन प्रतिवर्ष एमटीपीए से बढ़ाकर 20 एमटीपीए करने की योजना है। परियोजना से वैढ़न, खड़िया, चिल्काटांड, परसवार राजा एवं भैरवा क्षेत्र संबंधित हैं। जनसुनवाई की कार्यवाही जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में निर्धारित की गई थी। जनसुनवाई के दौरान लोगों की ओर से उठाए गए सवालों का एनसीएल खड़िया परियोजना के प्रबंधक, सामुदायिक विकास अमरेंद्र कुमार ने जवाब दिया। उन्होंने ग्रामीणों की ओर से रखे गए विभिन्न प्रश्नों पर जानकारी देते हुए उनकी शंकाओं को दूर करने का प्रयास किया। सवाल-जवाब के दौरान उन्होंने लोगों की बातों को सुना और उपलब्ध जानकारी के आधार पर जवाब देकर उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास किया। वहीं, जनसुनवाई के दौरान जब कुछ सवालों और मुद्दों को लेकर भीड़ में नाराजगी बढ़ने लगी, तब खड़िया परियोजना के महाप्रबंधक उत्खनन एवं महाप्रबंधक के तकनीकी सचिव वी.के. राय ने स्थिति को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों को शांतिपूर्वक समझाया, उनकी बातों को सुना और संवाद के माध्यम से माहौल को सामान्य बनाने का प्रयास किया। अधिकारियों की ओर से लोगों को समझाने-बुझाने और उनकी समस्याओं को सुनने की पहल जनसुनवाई के दौरान चर्चा का विषय रही।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की मांगें प्रमुख। परियोजना विस्तार के बीच ग्राम पंचायत खड़िया की ओर से विस्थापित एवं प्रभावित परिवारों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता ने एनसीएल खड़िया परियोजना के महाप्रबंधक को मांगपत्र सौंपकर प्रभावित परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने, अन्य विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति देने तथा स्थानीय युवाओं को परियोजना के संविदा कार्यों में 70 प्रतिशत रोजगार देने की मांग की। इसके अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सालय का विस्तार कर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, इमरजेंसी वार्ड, बाल रोग तथा मेडिसिन जैसी सुविधाएं शुरू करने की मांग भी रखी गई, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

नाबालिग को भगाने के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

रेणुकूट(सोनभद्र)। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्रासिम कॉलोनी परिसर से जुड़े नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपी की पहचान गौरव चौबे उर्फ छोटू 20 वर्ष पुत्र सुजय चौबे निवासी ग्रासिम कॉलोनी के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी नवनीत कुमार चौरसिया ने बताया कि आरोपी पर एक नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने का आरोप है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक को लड़की के साथ रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की को बालिका संरक्षण गृह भेजा गया है, जबकि आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

तंबाकू का सेवन न किये जाने का लिया संकल्प

बीना(सोनभद्र)। नार्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड बीना परियोजना में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत बुधवार को एनसीएल बीना क्षेत्र में तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौजूद कृष्णा राम रेवेन्यू विभाग,अजीत सिंह,अवधेश,देवेश समेत अन्य लोगों ने तंबाकू का सेवन ने किये जाने का संकल्प लिया। यह पहल स्वस्थ जीवन शैली ,जन - जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति एनसीएल बीना क्षेत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

विवाह बंधन में बंधे ३३९ जोड़े

सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ से देती है राहत-विधायक विपुल दुबे

ज्ञानपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को जिले के सभी विकासखंडों और नगर निकायों में 339 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर सुखमय जीवन की कामना की। जिले में भदोही ब्लॉक में 49, औराई में 68, ज्ञानपुर में 72, सुरियावां में 34, डीघ में 49 और अभोली में 32 जोड़ों का विवाह हुआ। इसके अलावा गोपीगंज नगर पालिका में छह, भदोही नगर पालिका में 16, ज्ञानपुर नगर पंचायत में छह, सुरियावां में पांच और खमरिया नगर पंचायत में दो जोड़े विवाह बंधन में बंधे। वर्गवार आंकड़ों के अनुसार, 232 अनुसूचित जाति, 98 पिछड़ा वर्ग, तीन सामान्य वर्ग और छह अल्पसंख्यक वर्ग के जोड़े शामिल रहे। योजना के तहत प्रत्येक वधू के खाते में 64 हजार रुपये की सहायता राशि और 21 हजार रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की गई। विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, पूर्व विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी और मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। विधायक विपुल दुबे ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना शादी में होने वाले अनावश्यक खर्च पर रोक लगाती है और गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत देती है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योजना सामाजिक समरसता, समानता और एकता को मजबूत करती है।

२९-३० अक्तूबर को आंधी-तूफान और भारी बारिश की चेतावनी, डीएम ने किया सतर्क

ज्ञानपुर। मौसम विभाग ने 29 और 30 अक्टूबर को जिले में तेज हवाओं, आंधी-तूफान, भारी बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका जताई है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने लोगों से सतर्कता बरतने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की है। डीएम ने कहा कि खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, खेत, छत और ऊंचे स्थानों पर जाने से बचें। पेड़ों, बिजली के खंभों, होर्डिंग्स और कमजोर संरचनाओं से दूर रहें। बिजली चमकने के दौरान पेड़ों के नीचे शरण न लें और सुरक्षित पक्के भवन में रहें। तेज बारिश में जलभराव वाले रास्तों, नालों और नदियों के किनारे जाने से बचें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौसम पर नजर रखने और आपात स्थिति से निपटने की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112 और एंबुलेंस के लिए 108 पर संपर्क किया जा सकता है।

पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने रेलवे ओवरब्रिज का किया उद्घाटन

सुरियावां। दिवाली से पहले सुरियावां क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात मिली। भदोही के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने सुरियावां रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। रेलवे ओवरब्रिज के शुरू होने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने तथा रेलवे क्रॉसिंग पर होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर भाजपा नेता अवधेश उमर, प्रकाश त्रिपाठी,भाजपा मंडल अध्यक्ष स्वरूपा बिंद, भाजपा मंडल महामंत्री श्याम ललित उपाध्याय, भाजपा मंडल महामंत्री शिवधारी उपाध्याय, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, मुरारी चौहान, शैलेश सिंह, सूरज बिंद, सूरजभान सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

चार संदिग्ध जीवन रक्षक दवाओं के सैंपल सील, बिक्री पर लगी रोक

भदोही। जनपद में नशीली, नकली और अमानक दवाओं की अवैध बिक्री व भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिलाधिकारी से मिले कड़े निर्देशों और शिकायतों के आधार पर बुधवार को जिला औषधि निरीक्षक कुमार सौमित्र ने भदोही के कई प्रमुख औषधि प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी की। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के दवा व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र के नेतृत्व में टीम ने इंद्रामिल भदोही, जौनपुर रोड स्थित हरि मेडिकल स्टोर, सहारा मेडिकल स्टोर, साईं मेडिकल स्टोर, हर्ष मेडिकल एजेंसी और आकर्ष एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम को 04 जीवन रक्षक दवाएं बेहद संदिग्ध प्रतीत हुईं, जिनके नमूने (सैंपल) तुरंत जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। इसके साथ ही, निरीक्षण के दौरान कई दवा प्रतिष्ठानों पर दवाओं के खरीद-बिक्री से जुड़े जरूरी दस्तावेज और रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिले। इस घोर लापरवाही पर कड़ा एक्शन लेते हुए प्रशासन ने इन दवाओं की बिक्री पर अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। औषधि निरीक्षक ने साफ किया है कि लैब से जांच रिपोर्ट आने और पूरी विवेचना के बाद दोषी पाए जाने वाले संचालकों के खिलाफ औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की खबर मिलते ही दवा व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई औषधि प्रतिष्ठानों के मालिक अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए।

पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास का पर्व करवा चौथ आज, गुरुवार को शाम ७:५७ के बाद होगी पूजा

कांवल। हमारा भारत वर्ष संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण का देश है। यहां के संस्कार बहुत ही गौरवशाली रहे हैं और भविष्य में रहेंगे ऐसा भारतीय संस्कृति के अध्येताओं की उम्मीद हैं। समय-समय पर भारतीय संस्कृति विभिन्न पर्वों के माध्यम से हमे यह सीख देती है कि हमें स्नेह, ममता के पवित्र बंधन में रहकर जीवन को व्यतीत करना चाहिए। इन्ही भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने व पति-पत्नी के सुदृढ़ प्रेम का पर्व करवा चौथ माना जाता है। जो कि पति-पत्नी के प्रेम को और भी अधिक परिपक्व करता है। करवा चौथ का पर्व आज है। करवा चौथ पर्व के विषय में डॉ महेश त्रिपाठी ने बताया कि करवा चौथ एक ऐसा त्योहार है जो विवाहित महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। यह त्योहार पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए पत्नियों के द्वारा किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि करवा चौथ के व्रत को रखने से पति की उम्र लंबी होती है। करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास को बढ़ाता है यह व्रत पति-पत्नी दोनों के बीच के बंधन को और मजबूत बनाता है। यह व्रत महिलाओं को सौभाग्य प्रदान करता है। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि इस व्रत को रखने से महिलाएं सुखी और समृद्ध जीवन व्यतीत करती हैं। करवा चौथ भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। यह त्योहार महिलाओं को एक साथ लाता है और उन्हें एक-दूसरे के साथ जुड़ने का मौका देता है। उन्होंने बताया कि करवा चौथ के व्रत के दिन भी पूजा चंद्रोदय के पश्चात की जाती हैं। गुरुवार को चंद्रोदय को देर शाम 7:57 पर होगा। उसके बाद पूजा होगी।

ग्राम प्रधान को लाठी से मारने का प्रयास, जान से मारने की धमकी

कटरा। कोइरौना थाना क्षेत्र के हरिरामपुर गांव में सरकारी नाली निर्माण को लेकर चल रहे सालों पुराने विवाद में ग्राम प्रधान संजय निषाद को गाली-गलौज देते हुए लाठी से मारने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पीडित ग्राम प्रधान ने बुधवार को कोइरौना थाने पहुंचकर विपक्षी के खिलाफनामजद शिकायती पत्र देकर जान-माल की सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। हरिरामपुर ग्राम प्रधान संजय चौधरी पुत्र शोभनाथ चौधरी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उन्होंने गांव में पानी निकासी के लिए आदर्श ग्राम योजना व समाज कल्याण योजना के तहत सरकारी खर्च से नालियों का निर्माण कराया था। इसी बात को लेकर गांव का ही निवासी उनसे रंजिश रखने लगा और आए दिन देखते ही गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगा। तहरीर के अनुसार,27 अक्टूबर मंगलवार की शाम लगभग 7:00 बजे ग्राम प्रधान जब अपनी मोटरसाइकिल की दुकान पर मौजूद थे, तभी आरोपी हाथ में लाठी लेकर वहां पहुंच गया। आरोप है कि उसने मां-बहन की अभद्र गालियां देते हुए प्रधान के ऊपर लाठी से प्रहार करने का प्रयास किया, जिसमें आस पास मौजूद लोगों के कारण बाल-बाल बच गए। विवाद बढ़ता देख पीडित ने तत्काल यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। ग्राम प्रधान का कहना है कि आरोपी बीते तीन वर्षों से लगातार उन्हें प्रताडित और भयभीत कर रहा है, जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल है।

शिक्षकों ने सपा की नीतियों पर जताया भरोसा-विकास

भदोही। वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लाल बिहारी यादव की ऐतिहासिक जीत समाजवादी विचारधारा और शिक्षक हितों की बड़ी जीत है। यह जीत बताती है कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी भाजपा का जनाधार खिसक चुका है और शिक्षक वर्ग ने सपा की नीतियों पर भरोसा जताया है। उक्त उदगार व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख भदोही बाल विद्या विकास यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षकों का लगातार उत्पीड़न हुआ। पुरानी पेंशन छीनी गई। विद्यालयों का निजीकरण किया गया। शिक्षकों ने इस चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया है। कहा कि यह जीत राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के नेतृत्व और पीडीए की ताकत का परिणाम है। मैं लाल बिहारी यादव जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। कहा कि यह जीत 2027 विधानसभा चुनाव का ट्रेलर है। जिस तरह वाराणसी खंड में साइकिल दौड़ी है उसी तरह 2027 में पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ेगी और भाजपा का सफाया होगा। इस दौरान मिली जीत पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख भदोही एवं जिला पंचायत सदस्य सुनीता यादव हसनैन अंसारी टोनी मंसूरी कमलेश यादव समीर संतोष कुमार यादव आदि ने सत्यमेव जयते इंकलाब जिंदाबाद समाजवादी पार्टी जिंदाबाद अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा की जीत से मना जश्न

दो स्थानों पर लगेगा रोजगार मेला

ज्ञानपुर। जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 और 5 नवंबर को दो स्थानों पर वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें 20 से अधिक निजी कंपनियां 2000 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों की ओर से अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता और पात्रता के अनुसार चयन किया जाएगा। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इसमें रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को अभ्यर्थियों की संभावित भीड़ के मद्देनजर कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला सेवायोजन अधिकारी को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि पहला रोजगार मेला 2 नवंबर को पं. बुद्धिराम दुबे महिला महाविद्यालय, ईटहरा, विकास खंड डीघ में आयोजित होगा। दूसरा मेला 5 नवंबर को श्री काशीराज इंटरमीडिएट कॉलेज, जीटी रोड, औराई में लगेगा। दोनों आयोजनों में निजी कंपनियां अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करने के साथ मेले में प्रतिभाग के लिए आवेदन प्रक्रिया भी पूरी करनी होगी। अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्रों और अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि व स्थल पर पहुंचें। अधिक जानकारी के लिए विभागीय टोल-फ्री नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला सेवायोजन कार्यालय, ज्ञानपुर में किसी भी कार्यदिवस पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अलग से मार्ग व्यय देय नहीं होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

अखिलेश की जनसभा की तैयारियों को लेकर सपा की समीक्षा बैठक

३१ अक्तूबर को वाराणसी के अकेलवा में आयोजित होगी जनसभा, भदोही से हजारों कार्यकर्ताओं के पहुंचने का आह्वान

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की आगामी 31 अक्टूबर को वाराणसी में आयोजित होने वाली जनसभा की तैयारियों को लेकर बुधवार को भदोही के कंसापुर स्थित जिला कार्यालय (लोहिया ट्रस्ट) में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जनसभा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में वाराणसी के अकेलवा (जंसा) में आयोजित होने वाली जनसभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि भदोही जनपद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आम जनमानस जनसभा में पहुंचें तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को सुनें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसभा की तैयारियों में जुटने और लोगों से संपर्क कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने जनसभा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विधानसभा और सेक्टर स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित कीं। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को जनसभा तक पहुंचाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जनसभा में भदोही से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और तैयारियों को समय से पूरा करने पर जोर दिया गया।

बीमा योजनाओं, साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

ज्ञानपुर। वित्तीय समावेशन संतृप्ति महाअभियान के तहत बुधवार को अभोली ब्लॉक के कनकपुर गांव में अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय की ओर से जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं, बैंक खातों की री-केवाईसी और डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने लोगों को सरकारी बैंकों के माध्यम से लेनदेन करने और खातों की री-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित किया। वित्तीय परामर्शदाता विनीत सिंह ने साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि पैसे दोगुना करने और लॉटरी जीतने जैसे लालच भरे संदेशों से बचें। साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता ने डिजिटल बैंकिंग, यूनियन बैंक के मोबाइल ऐप और मुद्रा ऋण की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत संचालित आर-सेटी संस्थान के नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने ग्रामीणों से बैंकिंग सुविधाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

हरीपुर की रामलीला में गूंजा जय श्रीराम, शिव धनुष टूटते ही जयकारों से गूंजा पंडाल

सुरियावां। हरीपुर अभिया में आदर्श रामलीला समिति की ओर से आयोजित सात दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन मंगलवार को धनुष यज्ञ का भव्य मंचन किया गया। अहिल्या उद्धार से लेकर सीता विवाह तक के प्रसंगों ने दर्शकों को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। शिव धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद और फुलवारी प्रसंग के मंचन पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। रामलीला का शुभारंभ अहिल्या उद्धार के प्रसंग से हुआ। इसके बाद जनकपुर में सीता स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत किया गया। स्वयंवर में शामिल होने पहुंचे विभिन्न राज्यों के राजा-महाराजाओं ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी सफल नहीं हो सका। इसके बाद रावण और बाणासुर के बीच हुए तीखे संवादों ने दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी। स्वयंवर में जब सभी राजा धनुष उठाने में असफल रहे, तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम ने शिव धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान धनुष टूटते ही पूरा रामलीला परिसर 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। सीता स्वयंवर के इस दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद परशुराम-लक्ष्मण संवाद का प्रभावशाली मंचन हुआ। दोनों पात्रों के बीच हुए संवादों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इससे पहले राम, लक्ष्मण और सीता के फुलवारी प्रसंग ने भी लोगों का मन मोह लिया। रामलीला के अंतिम प्रसंग में सीता विवाह का मंचन किया गया। राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ के साथ बारात लेकर जनकपुर पहुंचे, जहां विवाह की रस्मों का सुंदर चित्रण किया गया। विवाह के दृश्यों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक मौजूद रहे।

दिल्ली महारैली की तैयारी में जुटें कांग्रेसजन, भदोही से जाएंगे कार्यकर्ता

ज्ञानपुर। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को आयोजित होने वाली कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियों को लेकर बुधवार को गोपीगंज के कठौता स्थित काशी सदन में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसमें पूर्व विधायक एवं मिर्जापुर मंडल के पर्यवेक्षक अनुग्रह नारायण सिंह ने कांग्रेसजनों से महारैली को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी ने की। मुख्य अतिथि अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए संगठित होकर आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पर्यवेक्षक मनीष मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रियता पर निर्भर करती है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे 'राजन', सुरेश चंद्र मिश्रा, प्रदेश सचिव राकेश मौर्य, पंडित विनोद श्यामधर मिश्रा, सुरेश गौतम, सुबुकतगीन अंसारी, राजेश्वर दुबे, संजय जायसवाल, रमाशंकर बिंद, शिवपूजन मिश्रा, शमशीर अहमद, नाजिम अली, सवालेह अंसारी, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, मृत्युंजय सिंह 'टोनी', विशाल गौतम, शक्ति मिश्रा, सुमित शुक्ला 'चिंटू', कुंदन मिश्रा, वंशीधर शुक्ल, कमलेश शुक्ला, मकाई लाल बिंद, आजाद हुसैन, मोहम्मद अब्दुल, नितिन सिंह, राजकुमार गौतम और ज्ञानी गौतम सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

हादसे का कारण बन रहा अंधा मोड़

सुरियावां। सुरियावां-कलिंजरा मार्ग पर स्थित मतेथू पाठक बस्ती मोड़ अंधा मोड़ होने के कारण हादसों का कारण बन रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, मोड़ पर सामने से आने वाले वाहनों का समय रहते अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई लोग यहां हादसों का शिकार हो चुके हैं। यह मार्ग सुरियावां को मतेथू सहित आसपास के कई गांवों से जोड़ता है। इस पर दिन-रात वाहनों का आवागमन होता रहता है। इसके बावजूद मोड़ पर अब तक न तो स्पीड ब्रेकर बनाया गया है और न ही वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाया गया है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासी अभिषेक पांडेय, निशांत पाठक, सचिन मिश्रा, छोटे पाठक, गौरव त्रिपाठी और गोलू पाठक समेत अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मोड़ से पहले चेतावनी बोर्ड लगाने और सड़क की स्थिति के अनुसार जरूरी यातायात सुरक्षा उपाय करने से वाहन चालकों को सतर्क किया जा सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से संबंधित विभाग को निर्देशित कर जल्द सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की अपील की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जनहित में कार्रवाई कर राहगीरों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की बनी रहती है आशंका-ग्रामीण

ट्रेन से गिरकर घायल युवक की मौत

ज्ञानपुर। दुर्गागंज थाना क्षेत्र के गंगारामपुर गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र कुमार बिंद की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार को उनका शव गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और तीन मासूम बेटों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, स्व. शिरोमणि बिंद के पुत्र सुरेंद्र दिल्ली की एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह कुछ दिन पहले घर आए थे। 24 तारीख को दिल्ली लौटते समय आनंद विहार रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़े। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

बुधवार को अचानक मौसम में परिवर्तन

ज्ञानपुर। बुधवार को दोपहर के समय अचानक मौसम में बदलाव देखा गया। मौसम में बदलाव के वजह से किसान जो धान की कटाई कर लिए है उनके मन में धुकधुकी बढ़ गई है कि बारिश हो जाएगी तो जो धान का फसल कट गया है वह बर्बाद हो जाएगा। कुछ लोग आलू लगा दिए है उन्हें भी चिंता है कि अगर बारिश हो गई तो आलू की फसल भी बर्बाद हो जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों ने 29 और 30 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना जताई है। अब देखना यह है कि मौसम वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी कितना सटीक बैठती है।

ई-कचरा प्रबंधन पर जागरुकता कार्यक्रम

खमरिया। राजकीय हाईस्कूल लालानगर में बुधवार को इको क्लब के तत्वावधान में ई-कचरा प्रबंधन अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित प्रबंधन, पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राम सजन सोनकर ने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में खराब मोबाइल, बैटरी, चार्जर, कंप्यूटर और अन्य अनुपयोगी उपकरणों का उचित प्रबंधन जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को ई-कचरा सामान्य कचरे से अलग रखने और उसे अधिकृत संग्रह केंद्रों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे को खुले में फेंकने या अनुचित तरीके से नष्ट करने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। विद्यार्थियों को अलग-अलग रंग के बड़े डस्टबिन के माध्यम से कचरे को पृथक करने और उसके उचित निस्तारण की विधि भी समझाई गई। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा भानु पांडेय, चंद्रजीत यादव, सीमा यादव सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी ई-कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने की अपील की।

दरगाह शरीफ में घुसे चोर, सीढ़ी, स्टोर रूम का ताला तोड़ा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के थानीपुर स्थित हजरत बाबा इब्राहिम शहीद और इस्माइल शहीद की दरगाह शरीफ में मंगलवार की रात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोरों ने सीढ़ी और स्टोर रूम का ताला तोड़ दिया तथा मजार की दानपेटी को बाहर फेंक दिया। हालांकि, स्टोर रूम का लॉक नहीं खुलने से उसमें रखा सबमर्सिबल पंप समेत अन्य सामान सुरक्षित बच गया। गोपीगंज-ज्ञानपुर मार्ग पर स्थित दरगाह शरीफ में चोरों ने चोरी के इरादे से काफी प्रयास किया। उन्होंने स्टोर रूम का ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन दरवाजे का लॉक नहीं खुल सका। इससे चोर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। बुधवार सुबह मुजावर मल्लू और शहजाद दरगाह पहुंचे तो वहां ताले टूटे देखकर घटना की जानकारी कमेटी के लोगों को दी। सूचना मिलते ही कमेटी के सदस्य और पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों की पहचान करने में जुट गई। दरगाह कमेटी के सदर एनुलहक ने बताया कि चोर स्टोर रूम का लॉक तोड़ने में सफल नहीं हो सके, जिससे अंदर रखा सामान सुरक्षित बच गया। हालांकि, मजार की दानपेटी बाहर फेंकी मिली। घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की दी जानकारी

ज्ञानपुर। औराई विकासखंड के झऊआ में खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना रहा। कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ राम प्रवेश ने खेत बचाओ अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुए मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर दिया तथा साथ में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूक किया। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ताराचंद बैरवा ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर देते हुए रासायनिक उर्वरकों के न्यूनतम प्रयोग तथा मिट्टी परीक्षण हेतु मृदा नमूना लेने की सही तकनीक की जानकारी के साथ साथ फसल अवशेष प्रबंधन, समन्वित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ में कृषि विभाग से कृषि विकास अधिकारी चंदन कुमार गुप्ता ने फार्मर रजिस्ट्री तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में वो पटेल, धरनी धर तिवारी, चंद्रदेव पांडेय, अनिल तिवारी, शैलेंद्र पांडेय सहित कुल 252 कृषक एवं कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

दो साल में ही उखड़ गयी सुरियावां-अभिया सड़क

सुरियावां। सुरियावां से अभिया जाने वाली सड़क निर्माण के महज दो साल के भीतर ही जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क पर गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने कुछ हिस्सों में गड्ढों की पैचिंग कराई, लेकिन कई स्थानों पर सड़क को गड्ढामुक्त किए बिना ही काम अधूरा छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क का शिलान्यास 15 फरवरी 2024 को हुआ था। करीब छह महीने बाद इसका निर्माण कराया गया, जिस पर लगभग 1.33 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आरोप है कि निर्माण के समय ही स्थानीय नागरिकों ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, लेकिन उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। अब सड़क की बदहाली से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

चित्रकूट में राम-भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन

गोपीगंज। क्षेत्र के सरई पठखानी जय श्री राम रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में कैकेयी कोप भवन, भगवान श्रीराम के वन गमन और चित्रकूट में राम-भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्रीराम के वनवास और भरत के भाई प्रेम को देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। कलाकार

सुभाषित

हार और जीत आपकी सोचपर ही निर्भर है। मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है।
❒ *स्वामी विवेकानन्द*

लूटकी खुली छूट

सर्वोच्च न्यायालयने कैंसरकी दवाओंपर भारी मुनाफेकी खुली लूटपर कड़ी टिप्पणी करते हुए एक बड़ा सवाल भी खड़ा कर दिया है कि आखिर पूरा तंत्र दवा निर्माता कम्पनियोंकी क्यों मदद कर रहा है? कैंसरकी दवाओंपर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और रिटेल विक्रेताओंको मिलने वाली कीमत (रिटेलर प्राइस) में भारी अन्तरपर मंगलवारको न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहताकी पीठने जो कड़ी टिप्पणी है वह सरकार और दवा निर्माता कम्पनियोंको कड़ा सन्देश भी है। पीठका यह भी कहना महत्वपूर्ण है कि दवाओंके मूल्य निर्धारणमें इतना बड़ा अन्तर होनेके बाद भी पूरा तंत्र दवा निर्माताओंकी सहायतामें क्यों सक्रिय है? यह लूटकी खुली छूट जैसा है। साथ ही यह भी सवाल उत्पन्न होता है कि क्या निर्माताओंको मनमानी करनेकी छूट दी जानी चाहिए? यह मुद्दा आम नागरिकों और गरीब मरीजोंसे जुड़ा है। यह केवल व्यापारका मामला नहीं है। पीठने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की भूमिकाको भी कटघरेमें खड़ा कर दिया है और कहा है कि एनपीपीए पूरी तरहसे निष्क्रिय निकाय लगता है। पीठका यह भी कहना है कि ११ हजार रुपयेमें मिलने वाला कीमोथैरिपीका इंजेक्शन एक लाख ३० हजार रुपयेमें कैसे बेचा जा रहा है और मूल्योंके बीच भारी अन्तरका धन कहां जा रहा है? वस्तुत: सर्वोच्च न्यायालयकी कड़ी टिप्पणीको केवल दवा निर्माता कम्पनियों या निजी अस्पतालोंकी आलोचनाके रूपमें देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह मामला भारतकी स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजोंके अधिकारसे सीधे जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालयने दवाओंकी खरीद और बिक्री मूल्योंमें इस भारी अन्तरको अत्यन्त गम्भीर माना है और कहा है कि मरीजोंको इस प्रकारकी कीमत क्यों चुकानी पड़ रही है? सर्वोच्च न्यायालयकी चिन्ता केवल यह नहीं है कि कोई कम्पनी अधिक मुआवजा कमा रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या जीवनरक्षक दवाओंके बाजारमें मरीजकी मजबूरीका फायदा उठाया जा सकता है? कैंसर जैसी बीमारीमें मरीज और परिवारके पास दवा खरीदनेके अलावा कोई विकल्प नहीं होता है और वह कीमतपर मोलभाव करनेकी स्थितिमें भी नहीं होता है। ऐसेमें बाजारकी सामान्य मांग-आपूर्ति वाली अवधारणा कमजोर पड़ जाती है। इस पूरे प्रकरणमें अलग-अलग स्तरपर शुल्क लिया जा रहा है। अस्पताल और डाक्टरोंकी मनमानी कमाई और उपहार तथा अन्य सुविधाएं देनेकी संस्कृतिसे भी दवाओंके मूल्य बढ़ जा रहे हैं। इसे कैसे रोका जाय इसपर सरकारको सोचना होगा। निगरानी तंत्रको भी मजबूत करना होगा तभी मूल्योंमें कमी आ सकती है।

वायु प्रदूषणका दंश

वायु प्रदूषण पृथ्वीके जीवधारियोंके अस्तित्वके लिए बड़े खतरेका संकेत हैं। इसे नियंत्रित करनेके लिए वैश्विक मंचोंसे बातें तो बड़ी-बड़ी की जाती हैं और इसके निदानके लिए रास्ते भी सुझाये जाते हैं लेकिन यह महज कागजोंतक सिमटकर रह जाता है। कोई भी देश इस समस्याको गम्भीरतासे नहीं लेता। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है। भारतके शहरोंको स्वच्छ हवा देनेके लिए पिछले सात सालोंमें १२ हजार करोड़ रुपयेसे अधिक खर्च किये गये, इसके बावजूद देशके ९० प्रतिशत शहरोंमें प्रदूषणका स्तर निर्धारित मानकके अनुरूप नहीं हो सका। दिल्लीकी स्थिति सर्वाधिक चिन्ताजनक है। आंकड़ोंपर गौर करें तो वर्ष २०१६ से २०२५ तक राजधानीका वार्षिक औसत स्तर किसी भी साल राष्ट्रीय मानकोंके अनुरूप नहीं रहा। सेण्टर फार रिसर्च आन एनर्जी एण्ड क्लीन एयरके स्वतंत्र विश्लेषणके अनुसार जनवरी २०१९ में शुरू किये गये इस कार्यक्रममें सात साल बाद भी प्रदूषण नियंत्रणकी तस्वीर सन्तोषजनक नहीं है। खास बात यह है कि प्रदूषित हवाका दुष्प्रभाव जीवधारियोंपर तो पड़ ही रहा है, कृषि उत्पादपर भी इसका व्यापक प्रभाव दिख रहा है जो देशके विकास और अर्थव्यवस्थाके लिए शुभ संकेत नहीं है। हवा क्यों प्रदूषित हो रही है, इसके कारण और निवारणके बारेमें सोचना और इसके लिए सख्त कदम उठाना होगा। प्रदूषणपर आक्सफैमकी रिपोर्ट चौंकाने वाली है। इसके अनुसार दुनियाके सबसे अमीर करीब ८० लाख लोग न केवल प्रदूषण फैलानेमें आगे हैं, बल्कि इससे होने वाली प्राकृतिक आपदाओंसे दोहरा मुनाफा कमानेमें भी आगे हैं। ये धनकुबेर दुनियाकी सबसे गरीब ३५० करोड़ आबादीके मुकाबले ज्यादा कार्बन प्रदूषण फैलाते हैं। इन बेहद अमीर लोगोंका ऐसे कारोबारमें भारी निवेश है, जो पर्यावरणको नुकसान पहुंचा रहे हैं और आपदाओंसे राहत, बचाव, मरम्मत और पुनर्निर्माणसे जुड़े कारोबारमें भारी निवेश कर दो गुना मुनाफा कमा रहे हैं। ऐसे लोगोंपर अन्तरराष्ट्रीय स्तरपर दबाव बनानेकी जरूरत है, तभी वायुकी गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

लोक संवाद

पर्यावरण का संरक्षण जरूरी

महोदय,-दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषणकी गम्भीर चुनौतीका सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षणकी जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषणके मुद्देपर विकासशील देशोंको अक्सर कठघरेमें खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकोंतक संसाधनोंका अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषणकी जिम्मेदारी तय करनी है तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जनको भी ध्यानमें रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधोंके नामपर विकासशील देशोंके विकासको बाधित करना न्यायसंगत नहीं है। पर्यावरण संरक्षण व्यापारिक प्रतिस्पर्धाका हथियार नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोगका माध्यम होना चाहिए। विकसित देशोंको अपना फर्ज समझना होगा। **-महेश कुमार, वाया ईमेल।**

व्यापार समझौतेकी सम्भावना

हालमें ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने कहा कि भारत और अमेरिका एक नये व्यापार समझौतेको अंतिम रूप देनेके बेहद करीब हैं। डोनाल्ड ट्रम्पने स्पष्ट किया कि दोनों देश समझौता करनेके इच्छुक हैं और यह नया सौदा पिछले सभी द्विपक्षीय समझौतोंसे काफी अलग होगा।

❒ **डा. जयंतीलाल भंडारी**

हालमें ही अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरेपर आये। मार्कोने २० से २२ अक्तूबरके बीच भारत दौरेके दौरान भारतीय परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकर और अन्य शीर्ष नेताओंके साथ व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा सहयोगके मुद्दोंपर विस्तृत चर्चा की। रुबियोने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के जामनगर संयंत्रका दौरा किया और भारतकी इस अनूठी रिफायनिंग क्षमताकी सरहाना की। रुबियोने यह भी कहा कि भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता अब अंतिम और तकनीकी स्तरपर पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दशकोंमें वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्रपर भारत और अमेरिकाके संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारीके रूपमें उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्यमें ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी नयी आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीतिके कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारतके समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजारमें अपने मजबूत निर्यातको सुरक्षित रखनेकी चुनौती है तो दूसरी तरफ रूससे रियायती दरोंपर अपनी ऊर्जा जरूरतोंकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनेका रणनीतिक संतुलन साधनेका दबाव है। इस खींचतानके बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमोंमें अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओंपर प्रस्तावित शुल्ककी चुनौतियोंके बावजूद अमेरिकाके राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री रुबियोकी हालिया सकारात्मक टिप्पणियोंसे भारत और अमेरिकाके बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) एक नयी पटकथाके साथ उभरते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि १९९१ के आर्थिक उदारीकरणके बादसे लेकर २०१६ तक भारत और अमेरिकाके बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधोंमें एक प्रभावी दौर देखनेको मिला। वर्ष २००० मैं दोनों देशोंके बीच वस्तुओं एवं सेवाओंका द्विपक्षीय व्यापार लगभग छह गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तरपर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाजारमें भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नोंकी मांगमें जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारतकी आर्थिक साख वैश्विक स्तरपर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगतिको २००८ के ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते और २०१६ में भारतको मिले मेजर डिफेंस पार्टनरके दर्जेसे गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकियोंके हस्तांतरणके नये द्वार खुलनेके साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कम्पनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रोने अमेरिकी अर्थव्यवस्थामें महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच१बी वीजा नीतिने भारतीय कुशल पेशेवरोंको अमेरिकामें कार्य करने और वैश्विक पहचान बनानेके पर्याप्त अवसर प्रदान किये। निवेशके दृष्टिकोणसे भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां २००० से २०१६ के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कम्पनियोंने भारतके तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रोंमें भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही भारतीय कम्पनियोंने भी अमेरिकी बाजारमें अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

ट्रम्प कालमें शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियोंसे ठीक पहलेतक दोनों देशोंके आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोगकी मजबूत नींवपर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसेमें अब अमेरिकासे व्यापार समझौतेकी संभावनाओंका सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हालमें १७ अक्तूबरको अमेरिकी प्रशासन द्वारा लींडसे ग्राहम अधिनियमके तहत रूसी तेल खरीददारोंपर सौ प्रतिशत टैरिफ लगानेके कठोर फैसलेको ६० दिनोंके लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य-पूर्वके तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्षसे उपजे ऊर्जा संकटके बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियोने भारतकी ऊर्जा जरूरतों और स्रोतोंके विविधीकरणकी सराहना की है। रूससे प्रतिस्पर्धी दरोंपर कच्चा तेल खरीदनेकी इस छूटसे भारतमें ईंधनकी लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजारमें महंगीका दबाव कम होगा। इसके साथ ही इस फैसलेने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रोंके भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चिततासे बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरोंका प्रवाह बनाये रखनेमें मदद की है। नि:संदेह तेल टैरिफपर ६० दिनोंकी राहतके बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमोंमें सख्तीके कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कारपोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञोंपर संकट गहराता जा रहा है। एच१बी वीजापर लगाये गये एक लाख डालरके अतिरिक्त शुल्कको एक वर्षके लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रियाको बेहद सख्त करनेसे बड़ी भारतीय आईटी कम्पनियोंके पंजीकरणमें ९२ प्रतिशततककी भारी गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि कुल मंजूर एच१बी वीजामें भारतीयोंकी हिस्सेदारी लगभग ७१ प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त नौकरी छूटनेके बाद मिलने वाले ६० दिनोंके वैधानिक ग्रेस पीरियडको खत्म करनेका नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरोंके लिए गम्भीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जायगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुन: आवेदन करनेकी बाध्यता होगी। ऐसेमें अमेरिकासे आर्थिक अनिश्चितता और संरक्षणवादके इस दौरमें भारतको केवल रक्षात्मक रुख अपनानेके बजाय अपने राष्ट्रीय आर्थिक हितोंकी सुरक्षाके लिए एक दीर्घकालिक और बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। अमेरिका और यूरोपीय संघपर अत्यधिक निर्भरता कम करनेके लिए लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य पूर्वके गैर-पारम्परिक बाजारोंमें भारतीय उत्पादोंकी पैठ बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंके साथ लंबित मुक्त व्यापार समझौतोंको तेजीसे अंतिम रूप देना होगा।



भारत और अमेरिकाके बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौतेकी वार्ताके तहत भारतको सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धाके बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारतको कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रोंमें राष्ट्रीय हितोंकी रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रोंसे भारतकी विशाल आबादीकी आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरीपर टैरिफ दरोंको शून्य या न्यूनतम स्तरपर लानेके लिए भारतको कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकोंको अमेरिकी बाजारमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे।

घरेलू स्तरपर उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओंका विस्तार करना होगा और सेवा क्षेत्रको कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर तथा उच्च प्रौद्योगिकीकी दिशामें अपग्रेड करना होगा, ताकि अमेरिकी नीतियोंके झटकोंका प्रभाव न्यूनतम किया जा सके। भारत और अमेरिकाके बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौतेकी वार्ताके तहत भारतको सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धाके बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारतको कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रोंमें अपने राष्ट्रीय हितोंकी रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रोंसे भारतकी विशाल आबादीकी आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरीपर अमेरिकी टैरिफ दरोंको शून्य या न्यूनतम स्तरपर लानेके लिए भारतको कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकोंको अमेरिकी बाजारमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंतत: अमेरिका द्वारा मिली ६० दिनोंकी यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारतके लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह ६० दिनोंका समय भारतको नये सिरेसे संजोनेका एक प्रभावी अवसर प्रदान करता है।

साइबर सुरक्षाकी जानकारी आवश्यक

डिजिटल इंडियाने देशमें सुविधाओंके नये रास्ते खोले हैं। लेकिन इसकी सफलताका आकलन केवल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, मोबाइल ऐप या आनलाइन लेन-देनकी बढ़ती संख्यासे नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब होगी जब सामान्य नागरिकको छोटेसे छोटे कामके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े।

❒ **रमेश धवाला**

भारतमें पिछले कुछ वर्षोंमें डिजिटल तकनीकने हमारे दैनिक जीवनको काफी बदल दिया है। कभी बिजलीका बिल जमा करने, पैसे भेजने या सरकारी प्रमाण-पत्र बनवानेके लिए लम्बी कतारोंमें खड़ा होना पड़ता था। आज इनमेंसे अनेक काम मोबाइल फोनसे किये जा सकते हैं। वर्ष २०१५ में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके नेतृत्वमें शुरू हुए डिजिटल इंडिया अभियानने देशमें डिजिटल सेवाओंको बढ़ानेकी दिशामें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हालांकि इस बदलावके साथ एक सवाल भी जुड़ा है कि क्या इन सुविधाओंका लाभ समाजके हर वर्गतक समान रूपसे पहुंच रहा है। डिजिटल इंडियाका सबसे बड़ा उद्देश्य सरकारी सेवाओंको आम नागरिकके लिए सरल और सुलभ बनाना रहा है। आज अनेक प्रमाण-पत्रोंके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डिजिलॉकर जैसी सुविधाओंने जरूरी दस्तावेजोंको सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़नेपर उपलब्ध करानेका रास्ता आसान किया है। इससे लोगोंके समय और पैसेकी बचत हुई है। लेकिन कई बार वेबसाइट ठीकसे काम नहीं करती या आवेदन लम्बे समयतक लम्बित रहते हैं।

ऐसी स्थितिमें नागरिकको वही परेशानी उठानी पड़ती है जिससे बचानेके लिए आनलाइन व्यवस्था बनायी गयी थी। इसलिए तकनीकके विस्तारके साथ प्रशासनिक जवाबदेही भी जरूरी है। डिजिटल भुगतानने भी भारतीय समाजमें बड़ा बदलाव लाया है। आज छोटे दुकानदार, सब्जी विक्रेता और रेहड़ी लगाने वाले भी यूपीआईसे भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इससे नकद पैसे रखनेकी जरूरत कम हुई है और लेन-देन अधिक सुविधाजनक बना है। हालांकि इसके साथ आनलाइन धोखाधड़ीकी घटनाओंने नयी चिन्ताएं पैदा की हैं। फर्जी संदेश, अनजान लिंक और ओटीपीके माध्यमसे ठगीके मामले बताते हैं कि डिजिटल सुविधाओंके साथ लोगोंको साइबर सुरक्षाकी जानकारी देना भी आवश्यक है। सरकारी योजनाओंका लाभ सीधे लोगोंके बैंक खातोंमें पहुंचानेकी व्यवस्था भी महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरणसे बिचौलियोंकी भूमिका कम करनेमें सहायता मिली है। फिर भी कुछ लोगोंको आधार, बैंक खाते या तकनीकी समस्याओंके कारण कठिनाइयोंका सामना करना पड़ता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रोंमें बुजुर्गों और कम पढ़े-लिखे नागरिकोंके लिए ये प्रक्रियाएं आसान नहीं हैं। ऐसी स्थितिमें सहायता केन्द्रों और वैकल्पिक व्यवस्थाओंकी भूमिका बढ़ जाती है। किसी पात्र व्यक्तिको केवल तकनीकी समस्याके कारण सरकारी सहायतासे वंचित नहीं होना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्यके क्षेत्रमें भी डिजिटल तकनीककी उपयोगिता बढ़ी है। ऑनलाइन कक्षाओं, अध्ययन सामग्री और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमोंने विद्यार्थियोंके लिए नये अवसर पैदा किये हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और डिजिटल रिकॉर्डसे मरीजोंको सुविधा मिल सकती है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओंका उद्देश्य पात्र परिवारोंको उपचारके खर्चसे राहत देना है। लेकिन यह भी समझना होगा कि डिजिटल कार्ड, ऑनलाइन पाठ्यक्रम या प्रमाण-पत्र अपने आप बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओंकी गारंटी नहीं हैं। इनके लिए अच्छे संस्थान, प्रशिक्षित कर्मचारी और आवश्यक संसाधन भी चाहिए। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यमें डिजिटल सुविधाओंका महत्व और अधिक है। यहां अनेक गांव जिला मुख्यालयों और सरकारी कार्यालयोंसे काफी दूर स्थित हैं।

किसी छोटेसे कामके लिए भी लोगोंको लम्बी यात्रा करनी पड़ती है। हिमसेवा और लोकमित्र केन्द्रों जैसी व्यवस्थाएं इस दूरीको कम करनेमें सहायक हो सकती हैं। यदि गांवमें ही प्रमाण-पत्र, बिल भुगतान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हों तो लोगोंको बड़ी राहत मिल सकती है। प्रदेशके पर्यटन और बागवानी क्षेत्रोंमें भी डिजिटल तकनीक नयी संभावनाएं लेकर आयी है। छोटे होटल और होमस्टे संचालक ऑनलाइन बुकिंगसे पर्यटकोंतक पहुंच रहे हैं। बागवान मौसम, मंडी भाव और बाजारकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे उनके लिए बेहतर निर्णय लेना सम्भव होता है। लेकिन पहाड़ी क्षेत्रोंमें कमजोर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेटकी समस्या अब भी गम्भीर है। कई दूरदराजके गांवोंमें इंटरनेटकी गति इतनी कम होती है कि सामान्य ऑनलाइन आवेदन भरना भी मुश्किल हो जाता है। डिजिटल भारतकी एक बड़ी चुनौती समाजमें मौजूद डिजिटल असमानता है। शहरोंमें रहने वाले शिक्षित और आर्थिक रूपसे सक्षम लोगोंके लिए तकनीकका उपयोग अपेक्षाकृत आसान है। इसके विपरीत गरीब परिवारों, बुजुर्गों और ग्रामीण नागरिकोंके सामने अनेक कठिनाइयां हैं। स्मार्टफोनकी कीमत, इंटरनेटका खर्च, भाषाकी समस्या और तकनीकी जानकारीका अभाव उन्हें पीछे छोड़ सकता है। इसलिए डिजिटल सेवाओंको केवल अंग्रेजी या कठिन प्रशासनिक भाषातक सीमित नहीं रखना चाहिए। हिन्दी और स्थानीय भाषाओंमें सरल निर्देश उपलब्ध कराना भी जरूरी है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न नागरिकोंकी निजी जानकारीकी सुरक्षाका है। आज बैंक, पहचान और स्वास्थ्यसे जुड़ी बहुत-सी जानकारी डिजिटल माध्यमोंमें दर्ज होती है।

इसका गलत उपयोग लोगोंके लिए गम्भीर परेशानी पैदा कर सकता है। इसलिए सरकार और संबंधित संस्थाओंको डेटा सुरक्षा, शिकायत निवारण और साइबर जागरूकतापर लगातार ध्यान देना होगा। लोगोंका विश्वास बनाये रखना किसी भी डिजिटल व्यवस्थाकी सफलताके लिए आवश्यक है। निस्संदेह डिजिटल इंडियाने देशमें सुविधाओंके नये रास्ते खोले हैं। लेकिन इसकी सफलताका आकलन केवल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, मोबाइल ऐप या ऑनलाइन लेन-देनकी बढ़ती संख्यासे नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब होगी जब किसी दूरस्थ गांवका बुजुर्ग बिना परेशानी अपनी पेंशन प्राप्त कर सके, कोई विद्यार्थी संसाधनोंके अभावमें शिक्षासे वंचित न रहे और सामान्य नागरिकको छोटेसे छोटे कामके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े। तकनीक तभी सार्थक है जब वह लोगोंका जीवन आसान बनाये।

मासानां कार्तिक: श्रेष्ठ:

❒ **अनिरुद्ध जोशी**

कार्तिक मास भारतीय संस्कृतिका सबसे पवित्र और ऊर्जावान समय माना जाता है। चातुर्मासका अंतिम पड़ाव होनेके कारण शास्त्रोंमें इसे सभी महीनोंमें शिरोमणि 'मासानां कार्तिक: श्रेष्ठ:' की संज्ञा दी गयी है। यह वही पावन समय है जब चार महीनेकी योगनिद्राके बाद भगवान श्री हरि विष्णु जागते हैं और सृष्टिका संचालन पुन: संभालते हैं, जिससे इस माहमें किये गये हर धार्मिक कार्यका फल अनन्त गुना हो जाता है। इस पावन मासको दामोदर मास भी कहा जाता है। इस दौरान भगवान विष्णु और माता लक्ष्मीकी आराधना जीवनको सुख, समृद्धि और धन-धान्यसे सराबोर कर देती है। कार्तिक और तुलसी जीका नाता बेहद गहरा है। इस पूरे महीने तुलसीके पौधेके पास दीप जलाना और तुलसी विवाहका आयोजन करना घरमें असीम शुभता लाता है। पद्म एवं स्कन्द पुराणके अनुसार, यह महीना जीवनके चारों पुरुषार्थों-धर्म, अर्थ, काम और मोक्षको साधनेका समय है। इस दौरान तड़के पवित्र नदियोंमें डुबकी लगानेसे मन और आत्मा पूरी तरह शुद्ध हो जाते हैं। करवा चौथका अटूट प्रेम, दीपावलीकी जगमगाहट, गोवर्धन पूजाकी श्रद्धा, भाई दूजका स्नेह और छठ पूजाका महासंकल्प-ये सभी बड़े पर्व इसी एक महीनेको खुशियोंसे भर देते हैं। कार्तिक पूर्णिमाके दिन जब भगवान शिवने असुर तारकासुरका संहार किया था, तब देवताओंने खुश होकर दीप जलाये थे। इसी कारण इस दिन गंगा स्नान और दीपदानका अभूतपूर्व महत्व है। कार्तिक मासकी मुख्य पौराणिक कथाएं हैं, जैसे धनवंतरी जयंती कथा, लक्ष्मी पूजा कथा, नरक चतुर्दशीकी कथा, यम और यमुनाकी कथा, गोवर्धन पूजाकी कथा आदि, लेकिन सबसे ज्यादा महत्व तारकासुरके वधकी कथाका माना जाता है। पौराणिक कथाके अनुसार, तारकासुर नामके एक शक्तिशाली दैत्यने कठोर तपस्या करके ब्रह्मा जीसे वरदान प्राप्त किया कि उसकी मृत्यु केवल भगवान शिवके पुत्रके हाथों ही हो सकती है। वरदान मिलनेके बाद तारकासुरने तीनों लोकोंमें अत्याचार मचाना शुरू कर दिया और देवताओंको स्वर्गसे निष्कासित कर दिया। तारकासुरके तीन पुत्र थे-ताराक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली। इन्होंने ब्रह्मा जीकी तपस्या करके तीन अजेय नगरोंका निर्माण कराया, जिन्हें त्रिपुर कहा गया। ये नगर सोने, चांदी और लोहेके बने थे और अंतरिक्षमें उड़ सकते थे। वरदान यह था कि तीनों नगर १००० वर्षोंमें केवल एक बार ही एक सीधी रेखामें आयंगे और उन्हें केवल एक ही तीरसे नष्ट किया जा सकता था। दैत्योंके अत्याचारसे पीड़ित होकर सभी देवता भगवान शिवकी शरणमें पहुंचे। शिव जीने देवताओंकी रक्षाका वचन दिया। कार्तिक पूर्णिमाके दिन जब तीनों नगर (त्रिपुर) एक सीधी रेखामें आये, तब भगवान शिवने अपने दिव्य धनुष और एक ही बाणसे तीनों नगरोंको भस्म कर दिया और तारकासुर एवं उसके पुत्रोंका अंत कर दिया।

अखण्ड सौभाग्य प्रदाता चौथव्रतोत्सव

❒ **रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां सालके सभी दिनोंका महत्व होता है तथा सालका हर दिन पवित्र माना जाता है। भारतमें करवा चौथ हिन्दुओंका एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मासकी कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदयसे पहले करीब ४ बजेके बाद शुरू होकर रातमें चन्द्रमा दर्शनके बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियोंसे लेकर आधुनिक महिलाएं करवा चौथका व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साहके साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार १२ अथवा १६ वर्षतक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होनेके पश्चात इस व्रतका उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रतको कर सकती हैं। करवा चौथका व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियोंके लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्योहार है, बल्कि यह पति-पत्नीके पवित्र रिश्तोंका पर्व है। कहनेको तो करवा चौथका त्योहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओंका सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्पसे यमराजसे भी अपने पतिके प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आजके नये जमानेमें भी हमारे देशमें महिलाएं हर वर्ष करवा चौथका व्रत पहलेकी तरह पूरी निष्ठा एवं भावनासे मनाती है। सूर्योदयसे लेकर चंद्रोदयतक पत्नियां अपने पतिके प्रति पूरे प्रेम और सम्मानके साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्योहार हर साल कार्तिक मासके कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको मनाया जाता है।

शास्त्रोंके अनुसार पतिकी दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्यकी प्राप्तिके लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जीकी पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथमें दिनभर उपवास रखकर रातमें चन्द्रमाको अर्ध्य देनेके उपरान्त ही भोजन करनेका विधान है। वर्तमान समयमें करवा चौथव्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवारमें प्रचलित प्रथाके अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदयकी प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमाके उदित हो जानेपर चंद्रमाका पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों एवं पतिके माता-पिताको भोजन करायें। भोजनके पश्चात ब्राह्मणोंको यथाशक्ति दक्षिणा दें।

कार्तिक कृष्ण पक्षकी चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात् उस चतुर्थीकी रात्रिको जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रात: स्नान करके अपने पतिकी आयु, आरोग्य, सौभाग्यका संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमाका पूजन करें। शुद्ध घीमें आटेको सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनायें। काली मिट्टीमें शक्करकी चासनी मिलाकर उस मिट्टीसे तैयार किये गये मिट्टीके अथवा तांबेके बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार १० अथवा १३ करवे रखें। करवा चौथके बारेमें व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वतपर गये। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलनेपर उन्होंने कृष्ण भगवानका ध्यान किया और अपनी चिन्ता व्यक्त की। कृष्ण भगवानने कहा बहना इसी तरहका प्रश्न एक बार माता पार्वतीने शंकरजीसे किया था। पूज

नई खबर...

उत्तर प्रदेश के 25 जिलों तक पहुंचेगा पीपल-फर्स्ट एआई

आविष्कार फाउंडेशन, हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन और जनएआई टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने आज संकल्प भारत 2026 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के 25 जिलों में जमीनी स्तर पर पीपल-फर्स्ट एआई इकोसिस्टम तैयार करना है। इसके तहत अगले 12 महीनों में हर चयनित जिले में एक जनएआई कैफे स्थापित किया जाएगा, यानी कुल 25 कैफे।इस साझेदारी का मकसद ग्रामीण परिवारों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और उद्यमियों की रोजमर्रा की जिंदगी में एआई को उपयोगी बनाना है। इस पहल के केंद्र में जनएआई कैफे का नेटवर्क है। ये कैफे एक भरोसेमंद कम्युनिटी स्पेस की तरह काम करेंगे, जहां लोग अपनी दैनिक जरूरतों के लिए अपनी ही भाषा में एआई का इस्तेमाल कर सकेंगे। यहां प्रशिक्षित स्थानीय ऑपरेटर और जनएआई एंबेसडर नागरिकों की मदद करेंगे।

कियारा के साथ तुमसे है ये त्योहार शगुन अभियान

मुंबई - सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने धनतेरस के अवसर पर अपना

खास अभियान तुमसे है ये त्योहार शुरू करने की घोषणा की है। 87 वर्षों से अधिक की विरासत वाले सेन्को के देशभर में 202 से अधिक शोरूम हैं। इस अभियान में कंपनी की ब्रांड एंबेसडर कियारा आडवाणी नजर आएंगी। इसके साथ ही कंपनी ने त्योहारों के लिए अपने शगुन ज्वेलरी कलेक्शन भी पेश किए हैं। अभियान और त्योहारों के खास कलेक्शन के बारे में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक एवं मार्केटिंग और डिजाइन हेड श्रीमती जोइता सेन ने कहा धनतेरस एक शुभ अवसर है जो समृद्धि नई शुरुआत और घर में कोई कीमती चीज लाने की खुशी का प्रतीक है।

किसना ने उत्तर प्रदेश में किया विस्तार

जौनपुर। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर में अपने एक्सक्लूसिव की आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया। यह आउटलेट पॉलिटेक्निक चौराहा, उमरपुर, जौनपुर में स्थित है। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक श्री घनश्याम ढोलकिया एवं सीईओ श्री पराग शाह एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चंद्र यादव उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो किसना के रिटेल विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह किसना का उत्तर प्रदेश में तैंतीसवा स्टोर है, जबकि देश में उनके स्टोरों की संख्या 177 पहुंच गई है। इस भव्य शुभारंभ के अवसर पर किसना ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर लेकर आया है।

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत

नयी दिल्ली। विनिर्माण और खनन क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मासिक आधार पर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। नई श्रृंखला के तहत अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई.आई.पी.) में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह नई श्रृंखला एक अप्रैल से लागू हुई थी। इसका आधार वर्ष 2022-23 है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, %%सितंबर, 2026 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें विनिर्माण क्षेत्र की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि और बिजली एवं गैस आपूर्ति क्षेत्र की 11.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि का योगदान रहा। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 8.6 प्रतिशत रही थी।

टीवीएस मोटर का लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ पर

नयी दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 19,474.44 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,051.22 करोड़ रुपए थी। टीवीएस मोटर कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कितिमाही केदौरान वाहनों की बिक्री में दहाई अंककी मजबूत वृद्धि से आय को समर्थन मिला। इस दौरान कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री अबतककेसबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री 27 प्रतिशत बढ़कर करीब 19.19 लाख इकाई हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15.07 लाख इकाई थी। तिमाही के दौरान कंपनी ने टीवीएस अपाचे आरटीआर की नई श्रृंखला पेश की। टीवीएस रेडर को अफ्रीका में पेश किया गया, जबकि टीवीएस ऑर्बिटर और एनटॉर्क 150 ने श्रीलंका में शुरुआत की। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 38.9 प्रतिशत बढ़कर 17,776.83 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12,801.67 करोड़ रुपए था। इस बीच, कंपनी के निदेशकमंडल ने उपभोक्ता वित्त और इससे संबंधित कारोबार को अलग कंपनी में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी। इसके तहत एक अलग होल्डिंग कंपनी बनाई जाएगी। कंपनी केचेयरमैन सुदर्शन वेणु ने कहा कि इस नई संरचना से संबंधित कारोबार को अधिक रणनीतिक स्वतंत्रता मिलेगी और हितधारकों के लिए अतिरिक्त मूल्य सृजित करने में मदद मिलेगी।

आसमान छुएंगे सोने के दाम

नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में इन दिनों लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी भाव में तेजी आती है, तो कभी गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ जाती है। इस बीच सोने की कीमतों को लेकर एक बड़ा अनुमान सामने आया है। बाजार के अनुमानों के मुताबिक, साल 2027 तक भारत में सोने का भाव ?2 लाख प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच सकता है। हालांकि, यह संभावना वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और बाजार के रुख पर निर्भर करेगी। सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में अमेरिकी डॉलर की चाल, ब्याज दरें, महंगाई और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। इसके अलावा, चीन समेत दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने की खरीदारी भी इसकी मांग और कीमतों को प्रभावित करती है। सोने की कीमतों को लेकर दीर्घकालिक अनुमानों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है। जेपी मॉर्गन की जून 2026 की रिपोर्ट में सोने की कीमत 2026 के अंत तक 6,000 डॉलर प्रति औंस और 2027 के अंत तक 6,300 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान जताया गया था।

रिलायंस, आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 353 अंक टूटा

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डालर पर खुला

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 353 अंक टूट गया, जबकि एन.एस.ई. निफ्टी 51 अंक के नुकसान में रहा। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दर पर फैसले से पहले सतर्क रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और आई.टी. कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 352.64 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान इसमें भारी गिरावट आई थी जिसकी काफी हद तक भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 995.1 अंक लुढ़क गया था। एनएसई निफ्टी भी 50.90 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,698.85 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर कारोबार के पहले 1,119 रुपए के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.46 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1.68 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.42 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.37 प्रतिशत नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 32.5 प्रतिशत बढ़कर 5,202.10 करोड़ रुपए रहा है। इसके अलावा, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में भी तेजी रही। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 21 पैसे टूटकर 95.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर में मजबूती और ऊंचे अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल के कारण रुपए पर दबाव बने रहने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह टूटकर 95.29 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर तक आ गया।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्राहकी निकलने तथा बिक्वाली कमजोर होने से मक्की, बाजरा केभाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकिदाल मिलों की मांग कमजोर होने से दलहनों में चना-मूंग-अरहर की कीमतों में 100 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। ग्राहकी निकलने से चीनी के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही। आपूर्ति कमजोर होने तथा मांग बढने से सरसों व इसके तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। अखाद्य तेलों में साबुन निर्माताओं की मांग कमजोर होने से एसिड ऑयल की कीमतों में 100 रुपये की गिरावट रही। किराना जिंसों में मांग बढने से जायफल, छोटी इलायची के भाव 20/100 रुपये प्रति किलो बढ़ गए। जबकिमुनाफा वसूली आने से हल्दी में 300 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। मेवों में बिक्वाली कमजोर होने से छुहारा केभाव 1000 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। दूसरी ओर ग्राहकी का समर्थन न मिलने से किशमिश की कीमतों में 500 रुपये प्रति 40 किलो की गिरावट रही।

अनाज-दाल

ग्राहकी निकलने तथा बिक्वाली कमजोर होने से बाजरा 50 रुपये बढकर 2700/2725 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। एथेनोल कंपनियों की लिवाली बढने से मक्की 50/100 रुपये बढकर 2850/3025 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। जबकिदाल मिलों की मांग कमजोर होने से मूंग 100 रुपये घटकर राजस्थान की 8400/8600 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। अरहर भी उठाव न होने से 100/125 रुपये घटकर देसी कर्नाटक 10300/10400 रुपये तथा लेमन अरहर 9775/9800 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। राजस्थानी चना भी मांग सुस्त पडने से 100 रुपये घटकर 7550/7575 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। दलहनों में नरमी का रुख होने केकारण चना दाल 100 रुपये घटकर 8550/8900 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

तेल-तिलहन

रिफाइंड व वनस्पति घी निर्माताओं की

मांग सुस्त पडने तथा आपूर्ति बढने से बिनौला तेल 150 रुपये घटकर 14600 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। उठाव न होने से राइसब्रान ऑयल भी 50 रुपये घटकर 12500 रुपये पर आ गया। जबकि तेल मिलों की मांग बढने तथा स्टाकिस्टों की बिक्वाली कमजोर होने से सरसों 50 रुपये बढकर 9150/9200 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। सरसों तेल भी आपूर्ति कमजोर होने से 100 रुपये बढकर 18100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। अखाद्य तेलों में साबुन निर्माताओं की मांग कमजोर होने से सोया एसिड ऑयल के भाव 100 रुपये घटकर 9600/9650 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गए। सीमित बिक्वाली केकारण कंदला में क्रूड पॉम ऑयल केभाव भी 11800 रुपये पर टिकेरहे।

गुड़-चीनी

त्योहारी मांग निकलने तथा यूपी की मिलों द्वारा भाव बढ़ाकर सेल दिए जाने से चीनी 100 रुपये बढकर मिल डिलीवरी 5600/6000 रुपये तथा हाजिर में इसकेभाव 6100/6300 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ पेड़ी के भाव 5200/5300 रुपये तथा ढैया के भाव 5500/5600 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। सीमित बिक्वाली से शक्कर के भाव 6000/6100 रुपये तथा खांडसारी के भाव 6200/6300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिक्वाली कमजोर होने से छोटी इलायची 100/200 रुपये बढकर 2950/3900 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिक्वाली कमजोर होने से जायफल भी 20 रुपये बढकर 740/745 रुपये प्रति किलो हो गया। जबकिबड़ी इलायची उठाव न होने से 30 रुपये मुलायम होकर 1610/1650 रुपये रह गई। जावित्री भी मांग कमजोर होने से 15/25 रुपये घटकर लाल 1850/2275 रुपये तथा पीली 2350/2360 रुपये प्रति किलो रह गई। हल्दी भी मुनाफा वसूली आने से 300 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 23100/23200 रुपये तथा सेलम फली के भाव 24000/29400 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मेवों में आयातकों की बिक्वाली कमजोर होने से छुहारा 1000 रुपये बढकर लाल 17000/26000 रुपये तथा रंगकट 21000/28000 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकिमांग कमजोर होने से किशमिश 500 रुपये घटकर देसी 17000/21500 रुपये तथा विदेशी 22000/30500 रुपये प्रति 40 किलो रह गई।

सर्राफा

अंतर्राष्ट्रीय बाजार केतेज समाचार आने से सोने केभाव 1100 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 3000 रुपये प्रति किलो बढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढने से सोना 34 डॉलर बढकर 4040 डॉलर प्रति ओंस हो जाने केकारण बिक्वाली घटने से सोना 1100 रुपये बढकर किलोबार 146300 रुपये तथा स्टैंडर्ड 147000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बिक्वाली कमजोर होने से 8 ग्राम वाली गिन्नी के भाव 109000 रुपये पर टिके रहे। विदेशों में चांदी केभाव 100 सेंट बढकर 5390 सेंट प्रति ओंस हो जाने से चांदी हाजिर 3000 रुपये बढकर 201000 रुपये प्रति किलो हो गई। स्टोरिया लिवाली से चांदी वायदा भी 192000 से बढकर 195000 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गया। सीमित बिक्वाली के कारण चांदी सिक्के केभाव भी 2200/2300 रुपये प्रति नग पर मजबूत रहे।

अडानी पोर्ट्स का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपए

नयी दिल्ली। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (क्कस्श्वं) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3,120.20 करोड़ रुपए रहा था। एपीएसईजेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 11,609.77 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 10,004.06 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 7,252.7 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 6,103.59 करोड़ रुपए था।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

वाराणसी शाखा: मकान नंबर डी 59/103, एम-1, द्वितीय तल, सिगरा, स्मिथ स्कूल के पास, वाराणसी, आराजी नंबर 515, मौजा शिवपुरवा, वार्ड दशाश्वमेध, परगना देहात अमानत, वाराणसी-221010, उत्तर प्रदेश

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवें। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 01110000542/ वाराणसी शाखा) शैलेन्द्र पांडे (ऋणी) राजकुमारी देवी (सह-ऋणी)	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, अरजी नं. 247, क्षेत्रफल 127 वर्गमीटर, मौजा उकरव परगना स्थित, बाहरियाबाद तहसील जाखानियां, जिला गाजीपुर, **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः लिंक मार्ग, पश्चिमः वेंडर का खेत, उत्तरः गीता देवी की भूमि, दक्षिणः वेंडर का खेत	10-08-2026 & ₹ 13,10,032/-	27-10-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 29-10-2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

उत्तर मध्य रेलवे

सं.: CV/CS/CP/Misc./2026 **ई-नीलामी सूचना** दिनांक: 27.10.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग, पे & यूज टॉयलेट एवं लीजिंग ऑफ SLR देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

Leasing of SLR

S. N.	Compart-ment	Train No.	CC (In tones)	From - To	Frequency (in a week)	E-Auction catalogue No.	E-Auction Start Date & Time
1	RSLR	12275	3.9	PRYJ-NDLS	04 Days	PRYJ-PRCL-26-11	17.11.2026, 11.30 Hrs.
2	FSLR	12033	3.9	CNB-NDLS	03 Days	PRYJ-PRCL-26-11	17.11.2026, 11:30 Hrs.
3	FSLR	22443	3.9	CNB-BDTS	01 Day	PRYJ-PRCL-26-11	17.11.2026, 11:30 Hrs.
4	FSLR	20437	3.9	PRYJ-UDN	01 Day	PRYJ-PRCL-26-11	17.11.2026, 11:30 Hrs.
5	RSLR	18204	3.9	CNB-DURG	02 Days	PRYJ-PRCL-26-11	17.11.2026, 11:30 Hrs.

पार्किंग

क्र. सं.	पार्किंग का विवरण	अवधि	ई-ऑक्शन कैटलॉग संख्या	ई-ऑक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय
1	कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन (कैंट साइड) पर गेट संख्या 3 के सामने, मौजूदा दोपहिया वाहन पार्किंग के समीप एवं मस्जिद से सटे हुए स्थान पर पार्किंग स्टैंड।	05 वर्ष	PRKG-CNB-MIX-26	05.11.2026 को 12:00 बजे
2	चुनार रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड	05 वर्ष	PRKG-CAR-SKB-26	06.11.2026 को 12:00 बजे
3	शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड	03 वर्ष	PRKG-CAR-SKB-26	06.11.2026 को 12:00 बजे
4	झींझक रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड	03 वर्ष	PRKG-JJK-MIX-26	10.11.2026 को 12:00 बजे

पे & यूज टॉयलेट

क्र. सं.	पे & यूज टॉयलेट का विवरण	अवधि	ई-ऑक्शन कैटलॉग संख्या	ई-ऑक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय
1	शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन पर BOT आधारित डीलक्स पे & यूज टॉयलेट	15 वर्ष	PnU-PRYJ-SRJ-BO	11.11.2026 को 12:00 बजे

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। 1. बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण www.cca.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। 2. बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। 3. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु. 10000.00 और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। 4. इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी, आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learning Center.jsp पर जाने की सलाह दी जाती है। 5. अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी): नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10%, सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 6. रेल प्रशासन इन गाड़ियों के जारी रहने/बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। 7. सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रशासन इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

2453/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय-उपनिदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन मण्डी स्थल (नीबी), बेलइसा, आजमगढ़- 276001

ई-मेलः-mpnirmarn@gmail.com

पत्रांकः- नि0आ0/निविदा/2026-670 दिनांकः-28.10.2026

ई-निविदा सूचना

निम्न कार्य हेतु मण्डी परिषद, आजमगढ़ में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 13.11.2026 को निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डर के माध्यम से आनॅ लाइन निविदा वेवसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 के अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यो की निविदायें ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांकः 13.11.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे से कार्यालय में खोली जायेगी।

क्र. सं.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित) (रूपये में)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू.में)	धरोहर धनराशि (लाख रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	3058	**मण्डी समिति आजमगढ़।** डा0अम्बेडकर ग्राम सभा अतरारी में स0मा0 मोहम्मदाबाद घोसी मार्ग से धरहरा अनु0 बस्ती तक (लं0 1.25 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202083_1	6900.00	38.37	3.84	03 माह	'द'
2	3059	मुहम्मदाबाद गोहना मऊ मार्ग से प्रधानपुर तक (लं01.00किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202086_1	4900.00	27.12	2.71	03 माह	'द'
3	3060	**मण्डी समिति कोपागंज** घोसी भिखारीपुर मार्ग से कन्हैया के घर से धनश्याम के घर होते हुए हरिजन बस्ती बीजपुर तक। (लं0 1.45 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202088_1	4800.00	26.63	2.66	03 माह	'द'
4	3061	सहरोज से कोपानगर के गंजशहीदा तक (लं0 1.50 किमी0)(05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202094_1	4300.00	24.03	2.40	03 माह	'द'
5	3062	**मण्डी समिति दोहरीघाट** ग्राम सभा पकड़ी खुर्द साहनी से श्री फलचन्द्र के पूरवा चमार बस्ती तक (लं0 0.65 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202095_1	2000.00	10.89	1.09	03 माह	'द'
6	3063	**मण्डी समिति बलिया** रानीगंज बैरिया मार्ग से सोनवर्षा इब्राहिमाबाद मार्ग तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.50 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 026_RKUMP_1202100_1	5600.00	31.12	3.11	03 माह	'द'
7	3064	बैरिया लालगंज मार्ग से गोविन्दपुर अशोक पाण्डेय प्रधान के दरवाजे होते हुये चॉदपुर तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.65 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202101_1	3600.00	20.12	2.01	03 माह	'द'
8	3065	सोनवानी मुडाडीह रोड से दुधैला तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 1.20 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202104_1	5800.00	32.36	3.24	03 माह	'द'
9	3066	छितौनी तिवारी मार्ग से सराक जुनियर हाई स्कूल सडक तक। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.80 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202108_1	2600.00	14.53	1.45	03 माह	'द'
10	3067	**मण्डी समिति बेल्थरारोड** बेल्थरारोड सोनाडीह मार्ग से भिण्डकुण्ड होते हुये दोथ तक। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.90 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202109_1	3000.00	16.30	1.63	03 माह	'द'
11	3068	भुजैनी पुल से भुजैनी डीह स्थान होते ब्रहम्ह जी के स्थान से आगे बगही टोला तक। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.83 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202114_1	2500.00	14.11	1.41	03 माह	'द'
12	3069	कठौड़ा में उ0मा0 विद्यालय से हरिजन बस्ती होते हुए नरहनी लो0नि0वि0 के सामने तक। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 2.60 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202123_1	8700.00	48.75	4.88	03 माह	'स'
13	3070	डा0 अम्बेडकर ग्राम कसेसर नाथ पलिया मुख्य मार्ग से सम्पर्क मार्ग चरौवां वाया चक इमिलिया, तिवारीपुर, कल्यानपुर चरौवां तक। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 2.80 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202126_1	9100.00	51.12	5.11	03 माह	'स'
14	3071	ग्राम सभा तिरनई खिजिरपुर से सकरूल्लाह के घर होते हुये अवध लोहार के घर होते हुये तिरनई से होकर राजपुर खण्डवा मार्ग राजीव गांधी मेमोरियल मूक बधिर विद्यालय के आगे ड्रेन व पुल तक। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.90 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_RKUMP_1202129_1	4400.00	24.44	2.44	03 माह	'द'
15	3072	सिकन्दरपुर मार्ग से ककोढ़ा सम्पर्क मार्ग। मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं0 0.60 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) 2026_R

मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने या हटाने पर होगी कानूनी काररवाई

चंदौली। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने मतदाता सूची (निर्वाचक नामावली) के पुनरीक्षण और शुद्धि कार्य को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आम नागरिकों को सचेत किया है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने के संबंध में किसी भी प्रकार की झूठी घोषणा या बयानबाजी भारी पड़ सकती है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 (मिथ्या घोषणाएं करना) के प्रावधानों का हवाला देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण या शुद्धि के दौरान, अथवा किसी प्रविष्टि को निर्वाचक नामावली में शामिल (सम्मिलित) करने या हटाने (अपवर्जित) के संबंध में लिखित रूप में कोई ऐसा कथन या घोषणा करता है जो असत्य है और जिसके मिथ्या होने का उसे ज्ञान या विश्वास है (या जिसके सत्य होने का उसे विश्वास नहीं है),तो ऐसा कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषियों को एक वर्ष तक के कारावास, जुर्माने, या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। प्रशासन की ओर से यह भी याद दिलाया गया है कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने या हटाने के लिए आवेदन हेतु उपयोग किए जाने वाले फार्म-7 के घोषणा पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लिखित होता है कि असत्य घोषणा करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है।

करवाचौथ पर बाजारों में दिखी रौनक

चंदौली। करवाचौथ पर्व को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिली। त्योहार की तैयारियों के लिए बाजारों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। पूजा सामग्री की दुकानों से लेकर साड़ी और ज्वेलरी की दुकानों तक ग्राहकों की चहल-पहल बनी रही। महिलाओं ने अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी की और पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाया। करवाचौथ को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में पूजा की थाली, करवा, छलनी, दीपक, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। वहीं, साड़ी, सूट,चूड़ियों और आभूषणों की दुकानों पर भी अच्छी-खासी खरीदारी हुई। महिलाओं ने पर्व के लिए नए कपड़े और शृंगार का सामान खरीदा। करवाचौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखती हैं। परंपरा के अनुसार महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा करती हैं। इसके बाद चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देती हैं और छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत खोलती हैं। गुरुवार को करवाचौथ के अवसर पर महिलाएं पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगी।

बाजार में त्योहार के मद्देनजर खरीदारी करती महिलाएं। छाया: आज

सांप पकड़ने गये स्नैक कैचर की मौत

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के छपरा गांव में शौकत अली के घर मंगलवार की देर रात्रि में सांप पकड़ने गये 38 वर्षीय गुलाब राम को सांप काटने से मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया । परिजनों में कोहराम मच गया । गुलाब ने अब तक सैकड़ों सांपों को काबू कर चुके थे । बलुआ सराय गांव के रहने वाले गुलाब राम घरों में चुना पेंट का कार्य करते थे। इसके साथ ही घरों, दुकानों, सार्वजनिक जगहों में सांप पकड़ने का कार्य करते थे । अब तक सैकड़ों सांप को पकड़कर काबू कर चुके थे । जिन्हें पकड़ने के बाद जंगल में छोड़ देते थे । मंगलवार की देर रात को छपरा गांव में शौकत अली ने घर में सांप पकड़ने के लिए बुलाया था । गुलाब ने सांप को पकड़ लिया था किन्तु पकड़ ढीली होने पर सांप ने लगातार चार बार वार दिया । जिससे कुछ ही देर में अचेत हो गए । ग्रामीण उन्हें लेकर सकलडीहा पीएचसी ले गए, किन्तु वहां उनकी मौत हो गई । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । उनके मौत से पिता शिवपूजन, माता नगीना, पत्नी सुषमा, पुत्र हर्ष, पुत्री सिमरन का रो-रोकर बुरा हाल है ।

वोट चोरी के विरुद्ध आंदोलन को गांव-गांव तक लेकर जायेगी कांग्रेस-सीताराम

चंदौली। जिला कांग्रेस कमेटी चंदौली द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण द्विवेदी व शहर कांग्रेस कमेटी मुगलसराय के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के सामूहिक नेतृत्व में,देश में वोट चोरी के विरुद्ध आंदोलन को गाँव गाँव तक पहुँचाने को लेकर तैयारी बैठक की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सीताराम लांबा पर्यवेक्षक व विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व एमएलसी मौजूद थे। बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए । एआईसीसी पर्यवेक्षक सीताराम लांबा ने कहा कि पिछले 10 महीनों के दौरान दो निर्वाचन आयुक्तों सुखवीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लिये गये एकतरफा निर्णयों पर 14 बार औपचारिक आपत्ती दर्ज की। इन आपत्तियों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा बिना हम दोनों की सहमति के प्रक्रिया में अनाधिकृत रूप से नये मतदाताओं को जोड़ना, नामों को हटाना, तथा निर्वाचन आयोग की आई टी प्रणाली को दिल्ली में केंद्रीकृत करने का निर्णय किया गया। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश त्रिपाठी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता श्री राहुल गाँधी जी ने बार.बार इस वोट चोरी को उजागर किया है जो अब पूरी तरह से प्रमाणित हो चुका है। उक्त अवसर पर सर्व देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, अरुण द्विवेदी, बृजेश गुप्ता, मधु राय, टी आर दिनकर, तरुण पाण्डेय, रामानंद यादव, रजनीकांत पाण्डेय, राजेंद्र गौतम, मुनीर खान, सतीश बिंद, राममूरत गुप्ता, गंगा प्रसाद, तौफीक खान, डॉ सुल्तान, वैभव त्रिपाठी, दया राम पटेल, विजय गुप्ता,अरविन्द पाण्डेय,सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

जनता दर्शन में आये फरियादियों की सुनी गयी समस्याएं

चन्दौली। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में 16अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही चन्दौली पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

गड्ढा में डूबने से बालिका की मौत

कमालपुर। धीना थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव के पवन कुमार की पांच साल की पुत्री मंगलवार को आंगनबाड़ी में पढ़ने गई थी। मध्याह्न भोजन के बाद आयुषी शौच के लिए विद्यालय कैंपस से बाहर निकली थी जो इसी दौरान सामने खेत में पानी भरा था जिसमे डूब गई। आयुषी के डूबने की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मध्याह्न भोजन के बाद आरुषी शौच के लिए विद्यालय से बाहर निकली थी। खेत बरसाती पानी से भरा हुआ था। पैर फिसलने से आयुषी खेत में भरे पानी में समा गई। चिलबिली गांव खेतिहर मजदूर तथा अति निर्धन परिवार के लोग काफी संख्या में रहते हैं जो घूम फिर कर जीवन यापन करते रहते हैं। परिषदीय विद्यालय में गिरती शिक्षा को लेकर गांव के लोगों का कहना है कि अधिकारी जिला मुख्यालय पर एसी में बैठे हैं और अध्यापक स्कूल से गायब रह कर मौज मस्ती करते हैं। जब जब विद्यालयों का औचक निरीक्षण हुआ है परिषदीय विद्यालयों की खामियां उजागर हुई है। कंपोजिट विद्यालय में मिलने वाले कंपोजिट ग्रांट का विद्यालयों में जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। एक ही साल की खरीदी गई सामानों को हर साल दिखाकर पैसा डकार जाना प्रधानाध्यापक की आदत बन गई है। पवन के सात संतानों में आयुषी चौथे नंबर पर थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने लोगो को भरोसा दिलाया कि जांचोपरांत जो दोषी होगा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई होगी।

संक्षिप्त

ताला तोड़कर चोरी, नकदी,आभूषण समेत सामान ले गये चोर

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के मुरारपुर पहाड़ी के समीप बुधवार की दोपहर चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर में रखे 30 हजार रुपये नकद, आभूषण, बच्चों की गुल्लक और कपड़े लेकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुजफ्फरपुर गांव निवासी दिनकर गुप्ता के पुत्र रितेश गुप्ता अपनी पत्नी सिम्मी गुप्ता और दो बच्चों के साथ मुरारपुर पहाड़ी के पास मकान बनाकर रहते हैं। रितेश ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बुधवार की सुबह वह ऑटो लेकर वाराणसी चले गए थे। दोपहर करीब 12 बजे उनकी पत्नी सिम्मी बच्चों को लेने द्विवेदी पब्लिक स्कूल गई थीं। इसी दौरान चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

परशुराम-लक्ष्मण संवाद का रोमांचकारी मंचन

सैयदराजा। शिवानगर में चल रहे रामलीला में मंगलवार को धनुष यज्ञ तथा परशुराम लक्ष्मण संवाद का रोमांचकारी मंचन किया गया। जिसमें राजा जनक की प्रतिज्ञा थी कि जो वीर शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा उसी से पुत्री सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में अनेक देश के राजा योद्धा पधारे। गुरु विश्वामित्र के साथ श्री राम और लक्ष्मण भी सभा में आए। मिथिला नरेश जनक ने गुरु विश्वामित्र, श्री राम और लक्ष्मण जी का भव्य स्वागत, स्वयंवर में किया। स्वयंवर में कोई भी राजा धनुष को उठाने में सफल नहीं हुए, यहां तक की धनुष को हिला भी नहीं सके । धनुष यज्ञ में लंका का राजा रावण भी शामिल हुआ। मंचन में रावण और बाणासुर का संवाद दर्शकों को खूब मनोरंजन करता है ।

शराब के नशे में दोस्त ने दोस्त पर किया हमला

सैयदराजा। थाना क्षेत्र के फुटियां गांव के मोड़ के समीप बंद पड़ी राइस मिल के अंदर शराब के नशे में दोस्त ने ही अपने दोस्त पर बोतल से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के अनुसार सुन्डेहरा गांव निवासी रामदास चौहान 18 और फुटियां गांव निवासी प्रिंस सिंह उर्फ बाला मंगलवार देर रात बंद मिल में बैठकर शराब पी रहे थे। बताया जाता है कि प्रिंस बाहर निजी कंपनी में काम करता है और 2-3 दिन पूर्व गांव आया था। गांव में हुए एक विवाद में रामदास द्वारा साथ न देने की बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि प्रिंस ने खाली शराब की बोतल से रामदास के सिर पर वार कर दिया, बोतल फूटने के बाद उसके टुकड़े से गर्दन पर भी हमला कर उसे लहूलुहान कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल चंदौली पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, वहीं आरोपी प्रिंस सिंह उर्फ बाला को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पंजाब नेशनल बैंक,सैयदराजा शाखा का उद्घाटन

सैयदराजा। पंजाब नेशनल बैंक की सैयदराजा शाखा का भव्य उद्घाटन अंचल प्रबंधक, वाराणसी, दीपक सिंह के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधकों एवं ग्राहकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंचल प्रबंधक दीपक सिंह ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित किया। साथ ही, मंडल प्रमुख वाराणसी प्रभाश चंद्र लाल उप मंडल प्रमुख राम कुमार ठाकुर एवं रवि कान्त साव तथा सैयदराजा शाखा के शाखा प्रबंधक योगेश कुमार पटेल की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर चंदौली जनपद की पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, पंजाब नेशनल बैंक, सैयदराजा शाखा के अनेक ग्राहक भी कार्यक्रम में शामिल हुए और इस उद्घाटन के शुभ अवसर के साक्षी बने। शाखा के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ और अधिक सुगमता से प्राप्त होने की उम्मीद है। शाखा प्रबंधक योगेश कुमार पटेल ने कहा कि यह नई शाखा क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, बैंक अधिकारियों एवं उपस्थित ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

ईवीएम वेयरहाउस का हुआ मासिक निरीक्षण

चंदौली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त राजस्व) राजेश कुमार ने अक्टूबर माह के निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी गई मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनकी नियमित निगरानी और रिकॉर्डिंग की जाँच समय-समय पर की जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस परिसर की चौकसी में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। सभी ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संतोष जताया कि जिले में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

चक्रवाती तूफान अर्नब का रहेगा असर,मौसम को लेकर अलर्ट

चंदौली। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव को देखते हुए चंदौली जिला प्रशासन ने मंगलवार को एलर्ट जारी किया है। जिलाधिकारी कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 28 और 29 अक्टूबर को संभावित प्रतिकूल मौसम के मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। मौसम के प्रभाव से उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तेज झोंकेदार हवाएं, गरज-चमक, वज्रपात और भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। जिला प्रशासन ने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर रखें। आपदा नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने तथा संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस, स्वास्थ्य और सिंचाई विभाग को भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया है। कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को जागरूक करने और तैयार फसलों की जल्द कटाई करने की सलाह दी गई है। कटी हुई फसल तथा खुले में रखे अनाज को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और तिरपाल आदि से ढककर रखने की अपील की गई है, ताकि बारिश से नुकसान कम किया जा सके। प्रशासन ने ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को जर्जर एवं असुरक्षित भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे मकानों में रहने वाले लोगों को जरूरत पड़ने पर सुरक्षित भवनों या राहत शिविरों में पहुंचाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ढोल, मुनादी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से मौसम संबंधी चेतावनियों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

संविधान की ताकत पहचानें,अधिकारों के प्रति जागरूक बनें- महेंद्र

इलिया । संविधान के प्रति जागरूकता ही अधिकारों की रक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है। जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझेंगे, तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी और समाज में समानता, न्याय तथा सम्मान की भावना साकार हो सकेगी। ये बातें बुधवार को शहाबगंज कस्बा स्थित सेमरा बगीचे में समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित संवैधानिक मौलिक अधिकार गोष्ठी को संबोधित करते हुए चकिया विधानसभा के भावी प्रत्याशी महेंद्र कुमार राव ने कहीं। गोष्ठी में बड़ी संख्या में जुटे लोगों के बीच संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय पर विचार-विमर्श किया गया। महेंद्र कुमार राव ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। संविधान में निहित मौलिक अधिकार केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की आधारशिला हैं। इन अधिकारों की जानकारी होना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है, ताकि अन्याय और भेदभाव की स्थिति में वह अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए आवाज उठा सके। उन्होंने कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान की मूल भावना को आत्मसात करना और उसका सम्मान करना हर नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार संत ने की, जबकि संचालन सुमित कुमार उर्फ बिक्की ने किया। इस दौरान अरुण त्यागी, नरेंद्र प्रधान, सत्येंद्र प्रधान, संजय प्रधान, मुन्ना भास्कर प्रधान, संतोष कुमार, अजय कुमार, कमल भारती, मदन भारती, निरंजन पासवान, लल्लन बागी, संदीप, गुप्तेश्वर, सोमनाथ प्रजापति और परदेसी राव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मानक के अनुसार निर्माण न होने को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

सकलडीहा। भोजापुर स्थित नमन हास्पीटल से रतनपुरा वाया तेनुवट तक जाने वाली सड़क निर्माण महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। आरोप है कि कार्यदायी संस्था की ओर से मानक के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर विरोध जताया। जिला प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराये जाने की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते एक साल से स्टेट हाइवे की पुलिया से रतनपुरा गांव होते हुए तेनुवट तक जिला पंचायत से सड़क बनाया जाना प्रस्तावित है। कार्यदायी संस्था की ओर से कुछ दूर तक सड़क निर्माण कराकर महीनों से गिट्टी गिराकर आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे आने जाने में समस्या हो रही है। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद एक सप्ताह से निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था की ओर से शुरू किया गया है। लेकिन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए जिला प्रशासन से सड़क निर्माण में लगने वाली मैटेरियल मानक के अनुसार लगाये जाने की मांग किया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर मानक के हिसाब से काम नहीं हुआ तो सड़क नहीं बनने देंगे। प्रदर्शन करने वालों में रामनारायण राजभर, गोबिंद राजभर, शाहिल राजभर, अच्छे राजभर, मेवा राजभर, अतुल, अनमोल, सुनीता देवी, सावित्री देवी,चिंता बदामी और उर्मिला शामिल थे।

बच्चों को सिखाया गया ठोस कचरा प्रबंधन का तरीका

चहनियां। कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने बच्चों को कचरे के उचित निस्तारण और उसके पृथक्करण की जानकारी दी। चार रंगों के डिब्बों के माध्यम से कचरे को अलग-अलग रखने के बारे में बताया। हरे डिब्बे में गीला कचरा,नीले में सूखा कचरा,लाल में सैनिटरी कचरा तथा काले में ई-कचरा रखने की जानकारी दी गई। कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर विद्यालय, परिवार और समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों ने चार्ट, स्लोगन, कविता और क्विज के माध्यम से स्वच्छता के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित की। साथ ही अपने व्यवहार और कार्यों से समाज में स्वच्छता का संदेश देने का संकल्प लिया, ताकि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में योगदान दिया जा सके। इस अवसर पर नंद कुमार शर्मा, रूबी सिंह, ममता रानी गुप्ता, मंजू देवी, सुशीला देवी, विजय राज रवि सहित विद्यालय के कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

शराब ठेका हटाने को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

चहनियां । बलुआ थाना क्षेत्र के मजिदहा गांव में स्थित शराब ठेके को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को गांव की महिलाएं उग्र हो गई हैं। महिलाओं ने शराब ठेके के सामने पहुंचकर प्रदर्शन किया और इसे अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। महिलाओं के उग्र रूप को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस और चौकी प्रभारी ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजिदहा गांव में विगत 5 वर्षों से अंग्रेजी, बियर और देशी शराब के ठेके का संचालन किया जा रहा है। इसी रास्ते से महिलाओं और स्कूली बच्चों का आना-जाना होता है। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि यहां रोजाना शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और आए दिन झगड़े होते हैं। रास्ते से गुजरते समय शराब के नशे में धुत लोग अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे अक्सर वाद-विवाद की स्थिति बन जाती है। अवैध चखना दुकानों और उत्पीड़न से ग्रामीण परेशान ग्रामीणों का कहना है कि ठेके के पास अवैध रूप से संचालित चखना की दुकानों के कारण बाहरी लोग यहीं बैठकर शराब पीते हैं। स्थिति यह है कि कई बार शराबियों द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को भी बेवजह पीट दिया गया है। प्रदर्शन में शामिल सुमन देवी, धर्मशिला, साधना, पूनम, मीरा, बबीता, गीता सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और बच्चों ने ठेके के पास पहुंचकर सेल्समैन से दुकान बंद करने का आग्रह किया। इस दौरान उग्र महिलाओं ने कुछ शराबियों को भी खदेड़ लिया।

काली मंदिर परिसर में संगीतमय रामकथा का शुभारंभ

चकिया। नगर स्थित काली मंदिर परिसर में नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक मुकेश आनंद महाराज ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से श्रद्धालुओं को रामकथा का रसपान कराया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचे। कार्यक्रम में विधायक कैलाश आचार्य, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव और कैलाश जायसवाल ने कथावाचक मुकेश आनंद महाराज को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और मर्यादा से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म एवं सदाचार की प्रेरणा दी गई। रामकथा के आयोजन से काली मंदिर परिसर का माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर डॉ. गीता शुक्ला, रामकिंकर राय, एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग और कथा प्रेमी मौजूद रहे।

न पिंजरा, न बंधन प्यार ने परिंदों को बना दिया घर का सदस्य

बबुरी । आज के दौर में जहां लोग पक्षियों को पिंजरे में कैद कर उनकी खूबसूरती निहारते हैं, वहीं बबुरी कस्बे के मंसूर अली ने बेजुबान पक्षियों के प्रति प्रेम और विश्वास की एक अनूठी मिसाल पेश की है। उनके घर में रहने वाले दो हरे-भरे तोते न तो पिंजरे में कैद हैं और न ही किसी डोरी से बंधे हैं। इसके बावजूद दोनों तोते अपने घर और परिवार से इस कदर घुलमिल गए हैं कि खुला आसमान होने के बाद भी कहीं दूर जाने का नाम नहीं लेते। मंसूर अली और उनके परिवार के प्रति इनका लगाव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मंसूर अली के घर का नजारा किसी को भी आकर्षित कर सकता है। सुबह होते ही दोनों तोते घर की मुंडेर पर चहचहाने लगते हैं। कभी आंगन में फुदकते नजर आते हैं, तो कभी परिवार के सदस्यों के कंधों पर बैठकर अठखेलियां करते हैं। इनकी सबसे खास बात यह है कि ये केवल घर तक ही सीमित नहीं रहते, बल्कि मंसूर अली के कंधे पर बैठकर बाजार तक भी चले जाते हैं। सड़क पर इस अनोखे नजारे को देखकर राहगीर ठिठक जाते हैं। कोई मुस्कुराकर इन्हें देखता है, तो कोई इनके मालिक से सवाल करने लगता है कि आखिर ये उड़कर कहीं चले क्यों नहीं जाते। मंसूर अली मुस्कुराते हुए बताते हैं कि उन्होंने अपने दोनों तोतों को कभी पिंजरे में बंद नहीं किया। शुरू से ही उन्हें खुले वातावरण में रखा और परिवार के सदस्य की तरह प्यार दिया। धीरे-धीरे दोनों तोते घर के माहौल में ऐसे रम गए कि अब परिवार के बिना उनका मन ही नहीं लगता। उनकी आवाज सुनकर परिवार के सदस्य भी उनसे उसी अपनत्व के साथ पेश आते हैं, जैसे घर के किसी छोटे सदस्य से बात कर रहे हों। घर में जब खाना बनता है, तो दोनों तोते रसोई तक पहुंच जाते हैं। कभी दरवाजे पर बैठकर परिवार के कामकाज को निहारते हैं, तो कभी किसी सदस्य के कंधे पर बैठकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। बच्चों के साथ भी उनकी अच्छी दोस्ती हो गई है। वे उनके आसपास घूमते और उनके पास बैठकर चहचहाते रहते हैं।

चोरी की दो लोहे की पुल्ली बरामद, तीन गिरफ्तार

बबुरी। थाना पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लोहे की दो पुल्ली बरामद की हैं। पुलिस के अनुसारए यह कार्रवाई 27 अक्टूबर की रात करीब 10: 32 बजे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे के नेतृत्व में टीम ने अखिलेश निवासी सरगुझिया और सतीश सिंह चौहान निवासी भाष्करपुर, थाना बबुरी को कमती गांव स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। वहीं, तीसरे अभियुक्त सतीश निवासी चकिया शेरपुर डिग्री कॉलेज क्षेत्र, थाना चकिया को शहाबगंज स्थित एक कबाड़ की दुकान से पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अखिलेश पुत्र राधारमण 19 सतीश सिंह चौहान पुत्र शिवपूजन सिंह चौहान 20 और सतीश पुत्र स्वर्गीय रामआसरे चौहान 25 के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, बरामदगी के बाद मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। सतीश सिंह चौहान के खिलाफ वर्ष 2024 में चोरी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा वर्ष 2026 में भी उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अखिलेश और तीसरे अभियुक्त सतीश के नाम भी वर्ष 2026 के मुकदमों में दर्ज होने की जानकारी दी गई है। पुलिस ने बरामदगी में लोहे की दो पुल्ली दर्शाई हैं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

नवागत छात्राओं का स्वागत समारोह

पड़ाव। आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय, डोमरी, रामनगर, वाराणसी में सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाली नवागत छात्राओं के लिए स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ छात्राओं द्वारा किया गया,जिसका शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की सीएमओ अपूर्वा पाण्डेय ने नवागत छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और आत्मनिर्भरता का केंद्र है। उन्होंने सभी छात्राओं को अनुशासन, नियमित उपस्थिति और उच्च लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. प्रतिमा राय ने भी इस अवसर पर नवागत छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत,नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नवागत छात्राओं ने भी अपना परिचय देते हुए अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर हर्ष व्यक्त किया। अंत में सभी छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के

संवेग-२०२६ के तहत विद्यार्थियों ने दिखायी नृत्य-संगीत की प्रतिभा

एकल सुगम संगीत एवं लोकनृत्य की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ आडिशन

राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रस्तुतियां देंगे चयनित प्रतिभागी

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक अभिरुचि और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'संवेग-2026' के अंतर्गत बुधवार को महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी सभागार में नृत्य एवं संगीत की विभिन्न विधाओं का ऑडिशन आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिसर तथा संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी गायन और लोकनृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऑडिशन के दौरान विद्यार्थियों ने एकल सुगम संगीत, लोकनृत्य और समूह गीत जैसी विधाओं में अपनी प्रस्तुतियों से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। गीत-संगीत की मधुर स्वर लहरियों और लोकनृत्य की जीवंत प्रस्तुतियों ने सभागार में सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण निर्मित किया।

प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोकसंस्कृति, संगीत परंपरा और कलात्मक अभिव्यक्ति की विविधता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रसिकेश के संयोजन में आयोजित ऑडिशन में निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. नरेंद्र देव पाठक, अनमोल साहू एवं राज

चौधरी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। निर्णायकों ने गायन की स्वर-साधना, लय-ताल, प्रस्तुति शैली, भावाभिव्यक्ति, मंचीय अनुशासन तथा लोकनृत्य की पारंपरिक विशेषताओं जैसे विभिन्न पहलुओं के आधार पर प्रतिभागियों की प्रतिभा का आकलन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित प्रतिभागियों को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने का अवसर मिलेगा। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थी देश की सांस्कृतिक विविधता, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देंगे। संवेग-2026 के अंतर्गत आयोजित यह पहल विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर भी प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. विनीता सिंह, डॉ. अनुराग मिश्रा, कृष्णा सिंह सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय में इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संवेग-2026 इसी भावना के साथ विद्यार्थियों को अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मंच प्रदान कर रहा है।

मनबढ़ युवकों ने की राजमिस्त्री की पिटाई, छह के विरुद्ध मुकदमा

मछलीशहर। नगर में मजदूरी का कार्य कर लौट रहे राजमिस्त्री की मनबढ़ युवकों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने पाँचों युवकों के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मारूफपुर गाँव निवासी रत्नेश कुमार राज मिस्त्री का कार्य करते है। मंगलवार साँय वह नगर के बकराबाद से मजदूरी कर वापस घर लौट रहे थे। अभी वह गाँव के नहर पर पहुंचे थे कि गाँव के सतीश गौतम, विशाल, सुभाष, अभिषेक, आनंद कुमार और अखिलेश ने रोककर मां बहन की गालिया देते हुए पिटाई कर दी।

पिटाई करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए शिकायत करने पर वापस पिटाई करने को कहा। उसके बाद पुलिस को सूचना देते हुए उक्त ने अपना इलाज करवाया। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया आरोपित युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

एक नज़र इधर भी

दीवार गिराने के विवाद में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

भदैला नहर पुलिया के पास पुलिस ने दबोचा, पांच दिन पहले हुआ था विवाद

खेतासराय। क्षेत्र के भदैला गांव में दीवार गिराने को लेकर हुए विवाद में हत्या के प्रयास के नामजद आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी भदैला नहर पुलिया के पास से की गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, बीते 23 अक्टूबर को भदैला गांव में दीवार गिराने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। मामले में गांव निवासी अदालती प्रसाद पुत्र रामजीत ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट, धमकी, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से पुलिस नामजद आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार सुबह करीब 10:50 बजे उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार राय ने पुलिस टीम के साथ भदैला नहर पुलिया के पास से आरोपी विकेश कुमार पुत्र लालचंद्र निवासी भदैला को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा में कार्रवाई कार्टर हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार राय, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र गिरी और कांस्टेबल अर्जुन प्रजापति शामिल रहे।

अभिषेक सिंह ने रामलीला समापन पर पात्रों को किया सम्मानित

बदलापुर। तहसील मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर स्थित बबुरा गांव में प्राचीन

समय से आयोजित राघवेंद्र रामलीला समिति की ओर संचालित रामलीला का समापन गत दिवस धूम धाम से हो गया। समापन के मौके पर संयोजक अभिषेक सिंह एंव नीलेश सिंह जो भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के पुत्रो ने रामलीला के पात्रों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया, और कहा की पुरानी परम्पराओ को हमेशा स्मरण कर निर्वाहन करने की समाज के लोगो की जरूरत है। ज्ञातव्य की हों की राघवेंद्र राम लीला समिति का उदघाटन पंचायत राज्यमंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया। ग्रामीणों के मुताबिक बबुरा गांव में लगभग 27 वर्षों से लगातार रामलीला का मंचन होता चला आ रहा है। समापन के दिन राम लक्ष्मण की एक आकर्षक झांकी निकाली गई, आरती कार्यक्रम नीलेश सिंह ने किया। गौरतलब हों की संयोजक अभिक्षेक सिंह फ़ौजी भाई सरकारी सेवा से कीमती समय निकालकर प्रतिवर्ष आकर राम लीला मंचन मे कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित करते है, यही नही उन्होंने क्षेत्र के पत्रकारों, विकलांगो, असहाय, वृद्ध को भी सम्मानित कर पुनीत कार्य करते है, लोग उनके आने का बेसब्री से इंतजार करते हुए आशीर्वाद देते है। आयोजित मंचन कार्यक्रम के सम्मानित पदाधिकारियों मे प्रमुख रूप से डायरेक्टर शैलेन्द्र प्रशांत त्रिपाठी शुड्डु सिंह शुभम मौर्य, राकेश मौर्य जिगर सिंह, अजय सिंह अंकुर, अमित, शीशी, आशीष योगेंद्र, धर्मराज, राजेन्द्र, अच्छेलाल, हरेंद्र, सुभाष, सर्वेश, राम जनक, प्रधान रवि राम चंद्र ऋषभ, छोटू सुरेश विनय, आशीष, अश्वनी मुकेश धर्मेन्द्र ओम प्रकाश कृष्ण, शंभू, मुकेश सोनू, सुमित सुभाष सहित अन्य को सम्मानित किया। इस मौके प्रधान रवि बीडी एस डारेक्टर कृपा शंकर यादव रामचंद्र बैजनाथ अच्युतानंद तिवारी, राम अजोर ऋषभ स्कूल के प्रबंधक कृपा शंकर यादव और शुभम मौर्य क्षेत्रीय गण मान्य नागरिक सहित अन्य मौजूद रहे।

जंक्शन पर यात्री सुविधाएं परखीं, विकास कार्यों की ली जानकारी

जंघई। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मुख्य वाणिज्य निरीक्षक समर्थ गुप्ता ने बुधवार शाम जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, यात्री प्रतीक्षालय, आरक्षण काउंटर और प्लेटफॉर्मों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। विशेष सैलून से शाम 5:50 बजे पहुंचे वरिष्ठ मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने सर्कुलेटिंग एरिया में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की प्रगति जानी। इसके बाद प्लेटफॉर्म संख्या एक से पांच तक यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। यात्रियों की सुविधा के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड लगाने और उनके सुचारू संचालन पर भी चर्चा की। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रस्तावित और चल रहे विकास कार्यों की जानकारी स्टेशन अधीक्षक से ली। साथ ही कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। करीब आधे घंटे के निरीक्षण के बाद वह विशेष सैलून से लखनऊ रवाना हो गए।

भरत जी का त्याग, समर्पण और भ्रातृप्रेम समाज के लिए अनुकरणीय-आचार्य शांतनु जी महाराज

श्रीरामकथा के अष्टम दिवस पर भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन

भरत जी के चरित्र से मिलती है त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श भाई बनने की प्रेरणा

जौनपुर। नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के अष्टम दिवस पर कथाव्यास परम पूज्य आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस के भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और भरत जी के अद्वितीय प्रेम, त्याग, समर्पण, मर्यादा तथा भ्रातृप्रेम के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवनोपयोगी संदेश दिया गया। आचार्य शांतनु जी महाराज ने भरत जी के चरित्र की महत्ता बताते हुए कहा कि भरत जी ने राजसत्ता और राजसिंहासन के मोह से ऊपर उठकर अपने बड़े भाई भगवान श्रीराम के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण का अनुपम आदर्श प्रस्तुत किया। उनका जीवन सिखाता है कि सच्चा प्रेम स्वार्थ से परे होता है। परिवार में रिश्तों की वास्तविक मजबूती अधिकार जताने से नहीं, बल्कि त्याग, विश्वास और एक-दूसरे के प्रति सम्मान से आती है। भरत चरित्र के प्रसंगों के माध्यम से आचार्य



जी ने बताया कि भगवान श्रीराम और भरत जी का संबंध भारतीय संस्कृति में भ्रातृप्रेम और पारिवारिक मर्यादा का सर्वोच्च उदाहरण है। भरत जी ने भगवान श्रीराम को अयोध्या वापस लाने का प्रयास किया और उनके वनवास की अवधि में स्वयं राजसी सुखों से दूर रहकर उनके प्रतिनिधि के रूप में दायित्व निभाया। उनके जीवन से यह प्रेरणा मिलती है कि कर्तव्य का निर्वहन करते समय व्यक्तिगत सुख और स्वार्थ से ऊपर उठकर आदर्शों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम और भरत जी के पवित्र संबंधों का वर्णन सुनकर भावविभोर हो उठे। आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे भगवान श्रीराम और भरत जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, परिवार में प्रेम और सद्भाव बनाए रखें तथा समाज में सेवा, त्याग और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दें। बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित श्रीरामकथा में श्रद्धालुओं की सहभागिता के बीच भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों, भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जगदम्बिका पाल (सांसद, लोकसभा डुमरियागंज), श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सांसद), साधना सिंह (राज्यसभा सांसद, चंदौली), महेंद्रनाथ पाण्डेय (पूर्व केंद्रीय मंत्री), अशोक चौरसिया (क्षेत्रीय अध्यक्ष, काशी क्षेत्र), धनंजय सिंह (पूर्व सांसद), अजीत प्रजापति जी (जिलाध्यक्ष, भाजपा जौनपुर), स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती जी (महामंत्री, अखिल भारतीय संत समिति), अमित घोष जी (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश), प्रवीन सिंह जी (एमडी, यूपीआईकॉन), कुमार ऋषिकेश (इनकम टैक्स कमिश्नर), हरीश प्रताप सिंह (अपर आयुक्त, उद्योग), अभिषेक शुक्ल, डॉ. सत्यप्रकाश सिंह (प्रधानाचार्य, तिलकधारी इंटर कॉलेज), विनय सिंह (पूर्व सभासद), बृजेश सिंह (जिलाध्यक्ष, कर्मचारी संघ), संतोष सिंह 'सत्या', बृजेश सिंह (प्रधानपुर), अमित सिंह, सुमित सिंह एवं अरविंद सिंह (निदेशक, माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल) सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

जान से मारने की धमकी देने, गाली-गलौज करने पर मुकदमा

पवांरा। पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने व दरवाजे पर लगे शीशे को तोड़ने के आरोप में पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के मड़वा दोदक गांव निवासी जनार्दन प्रसाद दूबे पुत्र ओंकार नाथ दूबे ने थाने पर लिखित तहरीर दिया और आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर की रात्रि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी विवेक दूबे व संदीप दूबे ने उसके घर आकर दरवाजे को जोर-जोर से धक्का देने लगे और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। आवाज सुनकर वह उठा और पीछे दरवाजे से लगे सीढ़ी से छत पर चला गया। उक्त दोनों लड़कों ने दरवाजे पर लगे शीशे को तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना की सूचना उसने डायल 112 पर दिया। सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम पहुंची और छानबीन में जुट गयी। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्जकर लिया गया है, और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चिकित्सा शिविर में ५९६ पशुओं का हुआ उपचार

शाहगंज। क्षेत्र के बड़ागांव में पशुपालन विभाग ने शीतला माता मंदिर पर पशु चिकित्सा शिविर लगाया। इसमें 596 पशुओं का उपचार किया गया। पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, देखभाल और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान सुरेश चंद बिन्द ने शिविर का उद्घाटन किया। यह आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर के तहत हुआ। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज कुमार यादव ने अध्यक्षता करते हुए पशुपालकों को सरकारी योजनाओं

का लाभ उठाने और नियमित देखभाल की सलाह दी। पशु चिकित्सक डॉ. अतुल कुमार यादव ने बीमारियों के लक्षण, प्राथमिक देखभाल और घरेलू उपाय बताए। उन्होंने संतुलित आहार, साफ-सफाई और नियमित टीकाकरण पर जोर दिया। डॉ. सुभाष शर्मा ने पशुओं की टैगिंग के महत्व और प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टैगिंग से पशुओं की पहचान और रिकॉर्ड रखने में मदद मिलती है। शिविर में डॉ. अतुल कुमार गौतम, डॉ. सुभाष शर्मा, अरविंद कुमार (फार्मासिस्ट), पीयूष सिंह, राजकुमार, अतुल, संदीप यादव, अंकित, राजेश और विभाग के अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया।

भरत मिलाप में चारों भाइयों का मिलन देख गदगद

जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा नगर

मुंगराबादशाहपुर। ऐतिहासिक भरत मिलाप का पहला दिन मंगलवार की रात प्रशासनिक शिथिलता एवं अव्यवस्थाओं के साथ सकुशल सम्पन्न हो गया। पुरानी सब्ज़ी मंडी स्थित

राम लीला मैदान पर मां जानकी, बजरंग बली के साथ चारो भाईयों का मिलन देख गदगद हुए दर्शको ने फूलो की वर्षा कर जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाये। डीजे संचालक थाना के निकट स्थित श्री हनुमान दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी के स्वागत द्वार पर अपने साउंड सिस्टम एवं वाईब्रेशन को पूरी ताकत से प्रदर्शित करने लगे जिससे मुंगराबादशाहपुर नगर थर्रा उठा। श्री हनुमान दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी के कंट्रोल रूम से बार बार अनुरोध एवं चेतावनी का भी डीजे संचालक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता दिखाई दिया। जिस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि तहसील एवं पुलिस प्रशासन एक बार फिर भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति पर विश्वास कर शिथिल हो गई। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। सूत्रों की मानें तो हाई फाई साउंड सिस्टम एवं वाईब्रेशन का तांडव भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति के कंट्रोल रूम पर प्रदर्शित करते हुए खुली चुनौती दी गई। जिसके बाद भी मेला महासमिति मूकदर्शक बनी रही। जहां तक चौकियों की समय बद्धता का सम्बन्ध रहा पहली चौकी रायल क्लब अपने निर्धारित समय पर श्री हनुमान दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी के स्वागत द्वार से प्रवेश कर श्री राम दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी के स्वागत द्वार की ओर रवाना हो गई। लेकिन उसके बाद से ही समय सीमा की प्रतिबद्धता धूल धूसरित होने लगी। फिलहाल श्री हनुमान दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी, श्री राम दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी, भरतदल रोशनी कमेटी, शंकर दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी लवकुश दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी सहित अन्य भरत मिलाप रोशनी कमेटियों द्वारा धार्मिक चित्रो से ओतप्रोत भव्य स्वागत द्वार के साथ ही आकर्षक ढंग से रोड लाइट सजावट आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर रोड पर की गई सजावट जहां नगर में चार चांद लगा अपनी छटा बिखेर रही थी वहीं पूरा नगर नई नवेली दुल्हन की तरह सजाया गया था। तहसील एवं पुलिस प्रशासन की शिथिलता के कारण लोगो को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। लेकिन लोगो की सूझ बूझ के कारण कोई अप्रिय घटना घटित नही हो सकी। फिलहाल भरत मिलाप का पहला दिन सकुशल सम्पन्न हो गया। भरत मिलाप को सकुशल सम्पन्न कराने मे हनुमान दल के अध्यक्ष राजीव केशरी, राम दल के संचालक संतोष मिश्रा, भरत दल के राजीव कुमार गुप्त, लवकुश दल के मनोज कुमार गुप्त, नगर पालिकाध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य, राम नारायण साहू रमई, राजेश श्रीवास्तव, दुर्गेश दुबे, विक्की गुप्ता आदि ने अपना अमूल्य सहयोग दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर की साफ-सफाई एवं पेयजलापूर्ति के साथ ही पूरी रात जनरेटर सेट से रोड लाइट की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी।

जनपद में ८३ कुंतल आलू शेष, मिलेगा अनुदान

किसानों को प्रति कुंतल एक हजार रुपये की सहायता

जौनपुर। जनपद के किसानों के लिए आलू विक्रय को लेकर राहत भरी खबर है। जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के अनुसार निर्धारित 200 कुंतल आलू में से अब तक 117 कुंतल का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में 83 कुंतल आलू शेष उपलब्ध है। इच्छुक किसान निर्धारित प्रक्रिया के तहत आलू प्राप्त करने के लिए कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी के अनुसार शेष आलू में कुफरी बादशाह ओवर साइज 20 कुंतल, कुफरी बहार सीड साइज 10 कुंतल, कुफरी बहार ओवर साइज 20 कुंतल, कुफरी पुखराज सीड साइज 20 कुंतल तथा कुफरी सिंदूरी सीड साइज 12 कुंतल उपलब्ध है। आलू की दर किस्म के अनुसार 3,040 रुपये से 3,630

रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। योजना के प्रावधानों और पात्रता के अनुसार किसानों को प्रति कुंतल एक हजार रुपये अनुदान की सुविधा भी मिलेगी। इच्छुक किसान अनुदान की पात्रता, आवश्यक अभिलेखों तथा आवेदन एवं वितरण प्रक्रिया की जानकारी जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, जौनपुर से प्राप्त कर सकते हैं। आलू का स्टॉक सीमित होने के कारण वितरण उपलब्धता और निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा।

एक नवंबर को लगेगा विधिक सेवा शिविर

जौनपुर। रिजर्व पुलिस लाइन, जौनपुर में एक नवंबर 2026 को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से अधिक से अधिक लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार शशि के निर्देशन में किया जा रहा है। शिविर में दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, चार पर आरोप

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के पिलखुआ चौकी अंतर्गत पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रीना प्रजापति पत्नी राजमन प्रजापति ने आरोप लगाया कि सुबह करीब सात बजे पड़ोसी फुलचन्द्र, किशन, विन्दा और मुन्नी ने उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में मामले की जांच शुरू की गई है। उपनिरीक्षक मुन्ना लाल शर्मा को अग्रिम जांच सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपों की जांच कर तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

३५ लाख की लागत से बनेगी इंटरलाकिंग सड़क

चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह ने किया भूमि पूजन

बदलापुर। नगर पंचायत बदलापुर में 35 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर किया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 भलुआही में भैयालाल निगम के मकान से सगीर के मकान होते हुए नजीर के मकान तक तथा मख्खन गुप्ता की दुकान से रिजवान के मकान होते हुए घनश्याम निगम की दुकान के सामने तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा वार्ड नंबर 3 बरौली में विजय बहादुर के मकान से भोला गुप्ता के मकान तक सड़क का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह ने कहा कि नगर पंचायत बदलापुर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति देना प्राथमिकता है।

नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

खराब मौसम को लेकर अलर्ट, सतर्क रहें लोग

जनपद में २८ से ३० अक्तूबर तक तेज हवा, वज्रपात और भारी बारिश की आशंका

जौनपुर। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से 28 से 30 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज झोंकेदार हवाओं, गरज-चमक, वज्रपात और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए जौनपुर में भी आपदा प्रबंधन विभाग ने सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। प्रभारी अधिकारी, दैवी आपदा के अनुसार, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने के साथ ही संबंधित उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों तथा पुलिस, स्वास्थ्य एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। कृषि विभाग को किसानों को तैयार फसलों की शीघ्र कटाई करने तथा कटी हुई फसल और खुले में रखे अनाज को सुरक्षित एवं ढके स्थानों पर रखने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में जर्जर मकानों एवं असुरक्षित ढांचों को चिह्नित कर उनमें रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने को कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की है। खुले मैदान, खेत, जलभराव वाले क्षेत्र और ऊंचे पेड़ों के नीचे आश्रय लेने से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही वज्रपात से बचाव के लिए दामिनी ऐप डाउनलोड कर मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने को कहा गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। किसी भी प्रकार की जनहानि, पशुहानि, मकान या फसल क्षति होने पर तत्काल राहत कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पुलिस लाइन में एक नवंबर को लगेगा विधिक सहायता शिविर

जौनपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर की ओर से 1 नवंबर 2026 को पुलिस लाइन परिसर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार शशि के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम जनता को विधिक रूप से जागरूक एवं सशक्त बनाना है। शिविर में निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया, बैनर, पोस्टर, पंपलेट तथा विधिक साक्षरता शिविरों का सहारा लिया जा रहा है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर को न्यायाधिकारियों, ग्राम न्यायालयों, उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों के साथ जूम बैठक कर 30 अक्टूबर को तहसीलों एवं अन्य स्थानों पर आयोजित होने वाले शिविरों की सफलता और प्रचार-प्रसार के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जलापूर्ति में बाधा दूर करें, वरना होगी कड़ी कारवाई-मंडलायुक्त

सीएम डैशबोर्ड की खराब रैंकिंग सुधारने की चेतावनी, निर्माणाधीन सड़कों में तेजी लाने के निर्देश

मीरजापुर। विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत घरों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन में लीकेज, पाइप फटने और अन्य बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए। बार-बार शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर लापरवाही करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाए। मंडलायुक्त बुधवार को आयुक्त सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीरजापुर, सोनभद्र और भदोही के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली और सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा कर रहे थे। मंडलायुक्त ने हलिया विकासखंड स्थित मतवार संपर्क मार्ग, सोनभद्र के तिलहर संपर्क मार्ग और अन्य निर्माणाधीन सड़कों का कार्य तेज करने का निर्देश दिया। बकहर नदी पर लघु सेतु निर्माण में वन भूमि संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए राजस्व, वन विभाग और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम से जांच कराकर विवाद निस्तारित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी सड़कों का निर्माण तत्काल शुरू कराया जाए और गड्ढामुक्त अभियान के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हों। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए अधिशासी अभियंताओं को मौके पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में मंडलायुक्त ने खराब रैंकिंग वाले विभागों को अक्टूबर की प्रगति सुधारने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर की समीक्षा में रैंकिंग खराब मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मीरजापुर में फैमिली आईडी और प्रोजेक्ट अलंकार, सोनभद्र में पोषण अभियान तथा तीनों जिलों में नई सड़कों, ओडीओपी और श्रम सम्मान योजना की प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बड़े बकायेदारों से वसूली तेज करने, राजस्व वादों और चकबंदी मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने को कहा। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था मजबूत रखने तथा अपराधियों, भू-माफियाओं और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र, अपर आयुक्त राजकुमार द्विवेदी, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या रामनारायण यादव सहित तीनों जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

घायल किसान की उपचार के दौरान मौत

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के सेमरा कला गांव में मंगलवार सुबह बाइक की टक्कर से घायल किसान सियाराम चौरसिया (62) की बुधवार सुबह बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह घर से सेवटी नदी की ओर शौच के लिए पैदल जा रहे थे, तभी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान और बाइक चालक विनोद गुप्ता (17), निवासी गड़बड़ा गोकुल, गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की मौत

पड़री। थाना क्षेत्र के नान्हूपुर गांव में जहरीले जंतु के काटने से 12 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। किशोरी की मौत से गांव में भी शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, नान्हूपुर गांव निवासी शिवचरण निषाद की 12 वर्षीय पुत्री अर्पिता अपने कच्चे मकान में सो रही थी। इसी दौरान देर रात उसे अचानक किसी जंतु के काटने जैसा एहसास हुआ। उसने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने तत्काल जांच की, लेकिन उन्हें कोई जंतु दिखाई नहीं दिया। इसके बाद परिजन किशोरी को बचाने के लिए देर रात झाड़-फूंक कराने निकल पड़े। हालांकि, उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई। अर्पिता की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

पटाखे के साथ गिरफ्तार युवक। छाया:आज

दो बाइकों की टक्कर, तीन लोग गंभीर

हलिया। थाना क्षेत्र के हलिया देवरी मार्ग पर पिपरा गांव के समीप बुधवार दोपहर दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कवलझर गांव निवासी शंकर कोल (55) बाइक से अपनी बेटी के घर सिलहटा गांव जा रहे थे। वह पिपरा गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर परसिया गांव निवासी कैफ मोहम्मद (20) और सैफ (16) सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल शंकर कोल को निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. रीना सिंह और डॉ. आलोक यादव ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

तीन चोर गिरफ्तार, सात मोबाइल, आभूषण बरामद

मीरजापुर। रेलवे स्टेशन पर चोरी और झपट्टामारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी मिर्जापुर ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के सात मोबाइल, एक सोने जैसी पीली धातु की चेन, एक सफेद धातु का ब्रेसलेट और 11 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। जीआरपी थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन के फुट ओवरब्रिज के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हावड़ा छोर पर पीडब्ल्यूआई वेल्डिंग शॉप के पास नीम के पेड़ के नीचे तीन संदिग्ध बैठे हैं। सूचना पर जीआरपी ने आरपीएफ और टीओपीवी स्पेशल टीम के सहयोग से घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फुलेन्दर उर्फ राज चौहान (27), निवासी धौरुपुर, थाना कोतवाली देहात, शिवमंगल चौहान (26) और शुभम कुमार गुप्ता (19), निवासी संतनगर क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने के साथ आउटर स्टेशनों पर यात्रियों के उतरते समय बैग झपटकर फरार हो जाते थे। बरामद सामान से संबंधित विभिन्न मुकदमों में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राकेश कुमार, रामसिंह यादव, धीरेन्द्र कुमार वर्मा सहित जीआरपी, आरपीएफ और टीओपीवी स्पेशल टीम के जवान शामिल रहे।

गिरफ्तार झप्पटामार चोर। छाया:आज

घर में रखे १५६ किलो अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

मीरजापुर। दीपावली, धनतेरस और छठ पूजा के मद्देनजर जिले में अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने महुअरिया स्थित एक मकान से अवैध रूप से भंडारित 156 किलोग्राम बारूदयुक्त पटाखे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर को वासलीगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि तहसील सदर के सामने महुअरिया स्थित एक मकान में अवैध रूप से पटाखे रखे गए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। इस दौरान मकान से बुलेट बम, मिनी बम, हाइड्रो बम, चटाई, फुलझड़ी और रॉकेट समेत कुल 156 किलोग्राम बारूदयुक्त पटाखे बरामद किये गए। पुलिस ने मौके से बृजेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र विजय कुमार विश्वकर्मा, निवासी तहसील सदर के सामने महुअरिया, थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया।

साहू समाज ने भारत यात्रा का किया भव्य स्वागत

राजनीतिक भागीदारी और दहेज मुक्त विवाह पर जोर

कार्यक्रम में मौजूद लोग। छाया:आज

मीरजापुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को रमई पट्टी स्थित केवलम पैलेस में भारत यात्रा स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, राजनीतिक अधिकारों, महिला सशक्तिकरण और दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिव्या मित्तल, विशिष्ट अतिथि संपूर्णानंद साहू, भारत यात्रा संयोजक एसपी गुप्ता, जिलाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता और कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने महात्मा गांधी और दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण किया। भारत यात्रा के संयोजक एसपी गुप्ता ने बताया कि मुंबई से शुरू होकर नागपुर में संपन्न होने वाली यात्रा का उद्देश्य दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण और युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा सामाजिक कार्यों के लिए शुभम गुप्ता और अमित गुप्ता को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि संपूर्णानंद साहू ने समाज के लोगों से एकजुट होकर मतदान करने और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सहायता के लिए सभी को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन विनोद गुप्ता और प्रभारी प्रसन्ना साहू ने किया। मंच संचालन शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता और अमरनाथ गुप्ता ने किया। जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की। अंत में संस्था के संरक्षकों ने अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

३० साल पुराने चाकूबाजी मामले में दो गिरफ्तार

मीरजापुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के भरूहना छोटकी बरिपुर में करीब 30 वर्ष पुराने मारपीट और चाकूबाजी के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी सिंह की अदालत ने मदन चौहान और सदौली पुत्रगण नन्हकू चौहान को दोषी ठहराते हुए सजा के साथ जुर्माना भी लगाया। मामले के अनुसार, वर्ष 1995 में जमीनी विवाद को लेकर सुबारी लाल चौहान ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और चाकू से हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एपीओ जितेंद्र यादव ने प्रभावी पैरवी की और गवाहों की गवाही कराई। प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हलिया। क्षेत्र में बुधवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में दिनभर बादल छाए रहने और धुंध जैसा माहौल बने रहने से बारिश की आशंका बढ़ गई है। मौसम में आए बदलाव ने धान की कटाई और मड़ाई में जुटे किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में अगेती धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। किसान फसल की कटाई के साथ ही मड़ाई के कार्य में जुटे हुए हैं। ऐसे समय में यदि बारिश होती है तो खेतों में खड़ी पकी धान की फसल के साथ ही कटाई के बाद खेतों में रखी उपज भी प्रभावित हो सकती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने और दिनभर मौसम बारिश जैसा बने रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती समय रहते पकी फसल की कटाई और मड़ाई पूरी करने की है। बारिश होने पर धान की उपज भीगने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय किसान सुशील कुमार, विवेक सिंह, रिंकू सिंह, दीपक कुमार, प्रेमशंकर, मूलशंकर, परेश कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार, योगेन्द्र, सूरज और कृष्णा सहित अन्य किसानों ने बताया कि अगेती धान की फसल पककर तैयार हो गई है और कटाई-मड़ाई का कार्य चल रहा है। ऐसे में बारिश होने से खेतों में काटकर रखी गई धान की फसल प्रभावित हो सकती है। इससे किसानों की मेहनत और लागत पर पानी फिरने की आशंका है।वहीं, जिन खेतों में अगली फसल की बुवाई के लिए पलेवा करना है, वहां बारिश होने से सिंचाई की जरूरत कम हो सकती है। इससे किसानों को कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, धान की कटाई और मड़ाई के दौरान बारिश होने से नुकसान की आशंका बनी हुई है। फिलहाल मौसम में आए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

करवा चौथ का पर्व आज, सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत

हलिया। पति की लंबी उम्र, सुख समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना का प्रतीक करवा चौथ का पर्व आज मनाया जाएगा।महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना के साथ निर्जला व्रत रखेंगी और रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगी। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को विधि विधान से भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती और करवा माता की पूजा अर्चना करेंगी। इस दौरान करवा चौथ की कथा सुनने की परंपरा भी निभाई जाएगी। रात्रि में चंद्र दर्शन के बाद महिलाएं अर्घ्य अर्पित कर छलनी से चंद्रमा और पति का चेहरा देखेंगी। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण करेंगी। करवा चौथ का पर्व दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास और समर्पण का संदेश देता है।

संक्षेप

युवक की तालाब में डूबने की आशंका

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव स्थित रानी तालाब में बुधवार की शाम स्नान करने गए एक युवक के डूबने की आशंका है। सूचना पर पहुंची गैपुरा पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश में जुटी हुई है। विजयपुर गांव निवासी अनिल यादव (30) बुधवार की शाम रानी तालाब में स्नान करने गया था। आशंका जताई जा रही है कि स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक युवक के बाहर नहीं निकलने पर उसकी तलाश शुरू की गई। घटना की जानकारी मिलते ही गैपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तालाब में खोजबीन शुरू कराई। युवक के डूबने की आशंका से गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। रानी तालाब के किनारे सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका था और तलाश जारी थी।

अराजकतत्वों ने तोड़ी डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के महोगढ़ी ग्राम पंचायत के चकभैसोड़ गांव में बुधवार को अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर तोड़ दिया। बुधवार शाम चार बजे के करीब प्रतिमा तोड़े जाने की खबर मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार एसआई पुनीत गुप्ता एसआई शिवाकांत पांडेय एसआई रामविशाल, रमेश यादव आदि ने घटना की जांच करते हुए आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर प्रतिमा की मरम्मत करवाए जाने का आश्वासन देते हुए शांत कराया। प्रतिमा तोड़े जाने की खबर पाकर ग्रामीणों संग पहुंचे ग्राम प्रशासक सुरेश केशरी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने पर दुख जताया कहा कि अराजकतत्वों द्वारा बहुत निंदनीय कार्य किया गया है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने की खबर मिलने पर प्रतिमा स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक सूर्य भान ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर तोड़े जाने पर रोष व्यक्त किया। कहा कि अराजकतत्वों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा को तोड़कर समाज में सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया गया है।

छह प्रतिबंधित पेड़ काटने पर तीन लोगों पर जुर्माना

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव में हरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई के मामले में वन विभाग के लालगंज रेंज ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि आरोपियों द्वारा जमा कर दी गई है। वन विभाग की कार्रवाई से अवैध कटान करने वालों में हड़कंप मचा है। लालगंज रेंज के उपक्षेत्राधिकारी विन्येंद्र कुमार यादव ने बताया कि तीन दिन पूर्व मिश्रपुर गांव में जैकी, कमालू सिंह और अनीस द्वारा हरे पेड़ों की कटाई की गई थी। इसमें सागौन के चार, नीम का एक और महुआ का एक पेड़ शामिल था। मामले की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय वन दरोगा ने कार्रवाई की। इसके बाद आरोपियों ने निर्धारित जुर्माना जमा कर दिया। उपक्षेत्राधिकारी ने कहा कि हरे पेड़ों की अवैध कटाई और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में निगरानी के लिए वन रक्षकों और वाचरों को नियमित भ्रमण कराया जाता है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में अक्सर हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। उन्होंने अवैध कटान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

लाखों के जेवरात समेत नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

परिवार गया था इलाज कराने वाराणसी, सोने की चेन, अंगूठी, मांगटीका समेत अन्य आभूषण चोरी

अहरौरा। थाना क्षेत्र के घमहापुर गांव में बीती 26 अक्टूबर की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार के लोग इलाज के सिलसिले में वाराणसी गए हुए थे। घर लौटने पर चोरी की जानकारी होने से परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घमहापुर निवासी पंकज विश्वकर्मा पुत्र बसंत के घर में चोरों ने उस समय चोरी की घटना को अंजाम दिया, जब परिवार इलाज कराने के लिए वाराणसी गया हुआ था। परिवार की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर चोर घर में घुसे और सोने की चेन, अंगूठी, मांगटीका समेत अन्य कीमती आभूषण तथा लाखों रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार के सामने चोरी गए सामान की कीमत और उसकी बरामदगी को लेकर चिंता खड़ी हो गई है। घर में रखे कीमती आभूषण और नकदी चोरी होने से परिवार को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। पीड़ित पंकज विश्वकर्मा ने अहरौरा थाने में तहरीर देकर चोरी की घटना की जानकारी दी और पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित को उम्मीद है कि पुलिस मामले का खुलासा कर चोरी गए आभूषण और नकदी बरामद करेगी। 26 अक्टूबर की रात हुई इस चोरी की घटना को लेकर पीड़ित परिवार को पुलिस की कार्रवाई का इंतजार है। घटना के संबंध में अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। गांव में हुई इस वारदात से लोगों में भी चिंता का माहौल है। अब देखना होगा कि पुलिस जांच के दौरान चोरों तक कब पहुंच पाती है और चोरी गए सामान की बरामदगी कब तक हो पाती है।

अजय कुमार मिश्र बने कांग्रेस विचार विभाग के जिलाध्यक्ष

चील्ह। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग ने कोन विकासखंड के श्रीपट्टी गांव निवासी अजय कुमार मिश्र को मिर्जापुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। बुधवार को अजय कुमार मिश्र के आवास पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता राजधर दुबे और कोन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित अन्य नेताओं ने पहुंचकर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। बताया गया कि अजय कुमार मिश्र का परिवार आजादी के बाद से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़ा रहा है। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर अजय कुमार मिश्र ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र, हरिशंकर सरोज, प्रवेशकांत दुबे, रामनाथ दुबे, रत्नेश कुमार दुबे और मनीष कुमार दुबे सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस ने बरामद किये छह गुमशुदा मोबाइल

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुमशुदा छह मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार जताया। थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह ने बताया कि बरामद मोबाइल जमालपुर के रीवां जयपट्टी निवासी शिव शंकर, चंद्रताली निवासी गौरव पटेल, कुंडाडीह निवासी राम भरोस, अमदहां निवासी अंकित कुमार, सकरौड़ी निवासी विशाल सिंह और रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के तीनताली (तेन्दु) निवासी कमलाकांत के थे। मोबाइल बरामदगी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक राम विशाल सिंह और महिला कांस्टेबल प्रियंका भी शामिल रहीं।

आज से शुरू होगी श्रीराम कथा

जमालपुर। विकासखंड जमालपुर के बहुआर गांव में 29 अक्टूबर से छह नवंबर तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। श्रीराम कथा यज्ञ समिति बहुआर के संयोजक रवि प्रकाश त्रिपाठी (ब्रह्मदेव) ने बताया कि कथा के शुभारंभ के दिन दोपहर तीन बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा रविन्द्रालय से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कथा स्थल से हनुमान जी के मंदिर तक पहुंचेगी। इसके बाद श्रीराम कथा का आयोजन होगा। आयोजकों के अनुसार, कथा वाचन मानस बाल विदुषी शिखा त्रिपाठी, वाराणसी द्वारा किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह है।

शिव विवाह प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु

हलिया। क्षेत्र के गढ़वा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को शिव विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास भागवताचार्य पंडित कृष्णानंद महाराज ने सती चरित्र, शिव विवाह, दक्ष यज्ञ विध्वंस और नारद-भक्ति संवाद का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अहंकार के कारण दक्ष प्रजापति का यज्ञ विध्वंस हुआ। भगवान शिव भोलेनाथ हैं और सच्चे मन से स्मरण करने पर शीघ्र प्रसन्न होते हैं। शिव-सती प्रसंग के दौरान पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। कथा व्यास ने कहा कि हृदय में भक्ति के बिना जीवन में शांति संभव नहीं है। इस दौरान मुख्य यजमान बाबू शिवराज बहादुर सिंह, सुधीर सिंह, राजेश सिंह, नरेश सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह और दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

रामलीला में धनुष यज्ञ का भव्य मंचन

कछवां। बरैनी गांव में परमहंस रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में बुधवार को धनुष यज्ञ प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम की लीला का दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामबाबू सिंह उपस्थित रहे, जबकि व्यास गद्दी पर बजहा गांव निवासी दिनेश तिवारी विराजमान रहे। रामलीला के दौरान भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए ओजपूर्ण संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, रावण और बाणासुर के बीच हुए संवाद ने भी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरे मंचन के दौरान धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर परमहंस रामलीला समिति के अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय, पंकज राय, गौरव सिंह, आकाश उपाध्याय, राजेश सिंह, राकेश सिंह मिंटू, मुकुल सिंह छोटू, संजय सिंह सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे। रामलीला के सफल आयोजन से गांव में उत्साह का माहौल रहा। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित की विचार गोष्ठी

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को बरौधा कचार स्थित पंडित दीनदयाल पुरम कॉलोनी के भाजपा जिला कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज तथा विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामकुमार विश्वकर्मा रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए लाल बहादुर सरोज ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। देश की रियासतों के एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान के कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उनके आदर्श आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। विशिष्ट अतिथि रामकुमार विश्वकर्मा ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह पटेल ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर मौर्य ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, डॉ. सीएल बिन्द, हरिशंकर सिंह पटेल, आभा सिंह पटेल, अलंकार जायसवाल, जोशी पटेल, सुभाष जायसवाल और शुभम जायसवाल सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य। छाया:आज

बिहार समाचार

अपहृत महिला का शव कुएं से बरामद एक गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के दरिगाँव थानाक्षेत्र के बेलाढ़ी से अपहृत महिला नीलू पटेल क़ा शव पुलिस ने डगरा गाँव के एक कुआँ से बरामद करते हुए इस घटना में शामिल अभियुक्त भदोखरा गाँव निवासी रवि पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिसपदाधिकारी, सासाराम-1 विप्लव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नीलू की हत्या प्रेम-प्रसंग में उसके प्रेमी द्वारा अपने सहयोगियों की मदद से गला दबाकर की गयी थी और शव को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से कुआँ में फेंक दिया गया था। घटना क़ा कारण नीलू द्वारा प्रेमी संग शादी करने का दबाव बनाया जाना था। विप्लव कुमार ने बताया कि हत्या में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अग्रेतर काररवाई जारी है।

संक्षिप्त समाचार

एमएलसी चुनाव,सपा को फायदा, बीजेपी को नुकसान

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के नतीजों पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी को पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन पार्टी उतनी सीटें हासिल नहीं कर सकी, जितनी अपेक्षा की गई थी।डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि यह चुनाव उच्च शिक्षित और योग्य मतदाताओं के वोट से होता है।बीजेपी ने अपना पिछला प्रदर्शन दोहराया है, लेकिन पार्टी को ज्यादा सीटें जीतने की उम्मीद थी। समाजवादी पार्टी ने जिन निर्वाचन क्षेत्रों में अपना खाता खोला है, बीजेपी उन सीटों की भी समीक्षा करेगी।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कुछ सीटों पर सपा की जीत की उम्मीद नहीं थी, इसके बावजूद पार्टी ने वहां सफलता हासिल की।डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि बीजेपी चुनाव परिणामों का विश्लेषण करेगी और आने वाले चुनावों में दोबारा जीत हासिल करने के लिए काम करेगी।केशव मौर्य का यह बयान ऐसे समय आया है, जब विधान परिषद की 11 सीटों के चुनाव में बीजेपी और सपा के प्रदर्शन की तुलना की जा रही है। बीजेपी का कहना है कि उसने अपना पिछला प्रदर्शन दोहराया है, लेकिन ज्यादा सीटें नहीं जीत पाने की समीक्षा की जाएगी। 2020 के चुनाव में सपा तीन सीटें जीती थी और उनकी पार्टी में निर्दलीय एमएलसी आकाश अग्रवाल शामिल हो गए थे। ऐसे में सपा के पास 4 सीटें हो गई थीं।

यूपी : प्रदेश के कर्मचारियों को जल्द मिल सकता है बढ़े हुए महंगाई-भत्ते का तोहफा

लखनऊ (आससे.)। केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन फीसदी बढ़ोतरी के फैसले के बाद अब उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को भी राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। प्रदेश सरकार दिवाली से पहले डीए और डीआर में तीन फीसदी वृद्धि का फैसला कर सकती है। इससे प्रदेश के करीब 28 लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ मिल सकता है। इनमें लगभग 16.35 लाख कर्मचारी और 11.53 लाख पेंशनर शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने मई 2026 में राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते व राहत में दो फीसदी की वृद्धि की थी। इसके बाद डीए और डीआर की दर 58 से बढ़कर 60 फीसदी हो गई थी। अब तीन फीसदी की संभावित वृद्धि होने पर यह दर बढ़कर 63 फीसदी हो जाएगी। हालांकि, प्रदेश सरकार की ओर से नई वृद्धि को लेकर अभी औपचारिक शासनादेश जारी नहीं हुआ है। केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश सरकार भी महंगाई भत्ते में वृद्धि को एक जुलाई 2026 से प्रभावी कर सकती है। ऐसा होने पर कर्मचारियों और पेंशनरों को जुलाई से बढ़ी दर के हिसाब से एरियर भी मिल सकता है। हालांकि, बढ़ोतरी की प्रभावी तारीख और बकाये के भुगतान का तरीका शासनादेश जारी होने के बाद ही स्पष्ट होगा।

चक्रवात अर्नब से आंध्र प्रदेश और ओडिशा सबसे ज्यादा प्रभावित, एनडीआरएफ की टीमें तैनात

नयी दिल्ली (आससे)। चक्रवात अर्नब से अब तक उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बुधवार को नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी दी। बुंदेला ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें राज्य और केंद्र सरकार के समन्वय से राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। आंध्र प्रदेश में चक्रवात के अधिक प्रभाव की आशंका को देखते हुए एनडीआरएफ ने मंगलवार रात चार अतिरिक्त टीमें भेजी थीं। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय कर सतर्क कर दिया गया है और कर्मी स्थिति से निपटने के लिए मैदान में तैनात हैं। बुंदेला के अनुसार, अगले छह घंटे में चक्रवात के कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदलने और शाम तक गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है।

कुनो में छर्रे लगने से चीते की मौत पर केंद्र ने गठित की उच्चस्तरीय जांच टीम

नयी दिल्ली (आससे)। मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में बंदूक के छर्रे लगने से 19 महीने के नर चीते की मौत के मामले में केंद्र सरकार ने उच्चस्तरीय जांच टीम गठित की है। टीम घटना की परिस्थितियों, उपलब्ध साक्ष्यों और सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, मृत चीता 25 अक्टूबर को कुनो के सुरक्षित क्षेत्र से बाहर मुरैना के जंगलों में घायल मिला था। उसे श्योपुर वन मंडल से बचाकर जबलपुर के पशु चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां आपातकालीन सर्जरी के दौरान उसके शरीर से बंदूक के पांच छर्रे निकाले गए। उपचार के बावजूद 27 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। जांच में छर्रों से कई आंतरिक चोटें आने की पुष्टि हुई। केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के वन महानिरीक्षक, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक और क्षेत्रीय उप निदेशक शामिल हैं। टीम मध्य प्रदेश वन विभाग के साथ मिलकर जांच करेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करेगी।

जिम में कसरत करते समय शिक्षक की मौत

घुमारवीं (बिलासपुर)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के घुमारवीं में बुधवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। जिम में कसरत करते समय एक निजी स्कूल के शिक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक होने की आशंका जताई गई है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय विशाल कौंडल निवासी गांव जोलपलाखी के रूप में हुई है। उनकी अचानक मौत की खबर से क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, विशाल कौंडल बुधवार सुबह रोजमर्रा की तरह जिम में कसरत करने गए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिम में मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई गई है। मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि उपलब्ध जानकारी में नहीं की गई है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022464
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए 69.16 करोड़ रुपये स्वीकृत

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और बेहतर भरण-पोषण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में गोवंश संरक्षण के लिए 69.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 34.58 करोड़ रुपये की पहली किस्त उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग को जारी कर दी गई है। पिछले नौ वर्षों में इस मद में मंडी परिषद का वार्षिक वित्तीय प्रावधान 4.51 करोड़ रुपये से बढ़कर 69.16 करोड़ रुपये हो गया है, जो 15 गुने से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

संतों की वाणी समाज में जगाती है समरसता-ओम बिरला

लखनऊ (आससे.)। संतों की वाणी समाज में समरसता, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत करती है। संत कबीर साहब की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को समानता एवं विवेक का संदेश देती हैं। यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को लखीमपुर खीरी में संत असंगदेव महाराज के 60वें अवतरण दिवस पर आयोजित कबीर महोत्सव एवं कबीर स्मृति भवन के भूमि पूजन समारोह में कही। उन्होंने कबीर स्मृति भवन का शिलान्यास कर संत परंपरा के सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान की सराहना की।लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संत कबीर साहब ने अपनी निर्भीक वाणी के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, पाखंड और जातिगत भेदभाव पर प्रहार किया। उनकी शिक्षाएं समानता, विवेक और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देती हैं। लोकतंत्र में विचारों

की भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन सहमति और असहमति दोनों का सम्मान जरूरी है। कबीर की वाणी संयम, मर्यादा और विवेक के साथ अपनी बात रखने का संदेश देती है।उन्होंने संत श्री असंगदेव के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य व्यक्ति को नैतिकता और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। गांव-गांव तक कबीर साहब के विचारों और जीवन दर्शन को पहुंचाने का कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ बिना भेदभाव जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। 2014 से पहले के भारत और 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की तुलना में आज विकास और सुशासन की तस्वीर बदली है।उन्होंने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है।

यूपी : अखिलेश बोले- यूपी एमएलसी चुनाव में 'ऑल आउट' हो गई पार्टी

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में एमएलसी चुनाव के नतीजों को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर वाराणसी में हार को लेकर भाजपा पर तंज कसा और मतगणना में गड़बड़ी की साजिश का आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा, वाराणसी में एमएलसी चुनाव में हार से हताश भाजपा की हालत खराब है। लखनऊ वाले दिल्ली वालों का फोन नहीं उठा रहे हैं। सच तो ये है कि भाजपा यूपी एमएलसी चुनाव में ऑल आउट हो गई है। अखिलेश यादव ने डॉ. संजयन त्रिपाठी को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए।

भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी हैंडल्स का दुष्प्रचार, १० खाते चिह्नित

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय सेना और सेना प्रमुख की छवि खराब करने के लिए पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स से भ्रामक सामग्री फैलाने का मामला सामने आया है। सेना की फैक्ट चेक यूनिट के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों के अपमान और सेना प्रमुख के नाइटक्लब में डांस करने के दावे पूरी तरह झूठे और निराधार हैं। जांच में सामने आया कि धुंधले वीडियो, पुरानी तस्वीरों और एआई की मदद से संपादित सामग्री को गलत संदर्भ में पेश कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई। 28 अक्टूबर को रात 12.40 बजे से सुबह आठ बजे के बीच ऐसी सामग्री प्रसारित करने वाले 10 सोशल मीडिया खातों की पहचान की गई। इससे पहले भी पाकिस्तानी हैंडल्स ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय जवानों की

पांच फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं, 'रिवर्स टाइम टेबल' बनाकर समय से पूरा कराएं पाठ्यक्रम-अपर मुख्य सचिव

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बुधवार को राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान (ैप्म्ज), निशांतगंज लखनऊ से आयोजित विशेष यूट्यूब लाइव मार्गदर्शन सत्र के माध्यम से प्रदेश भर के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, मेंटर्स, शिक्षा अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से सीधा संवाद किया। सत्र का संचालन जीजीआईसी गोमती नगर लखनऊ की शिक्षिका डॉ. ज्योत्सना सिंह एवं सीतापुर बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिका साधना दीक्षित द्वारा किया गया। संवाद के दौरान अपर मुख्य सचिव ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की समयबद्ध तैयारी, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर (लर्निंग आउटकम) में सुधार, निपुण भारत मिशन तथा शैक्षिक सत्र 2026-27 की विभागीय प्राथमिकताओं को लेकर विस्तृत रणनीतिक दिशा-निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष विधानसभा चुनाव, जनगणना और विभिन्न प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण वास्तविक शिक्षण समय (प्देजतनबजपवदंस ज्पउम) पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में शेष बचे समय का शत-प्रतिशत सदुपयोग करना सभी शिक्षकों, अधिकारियों और अभिभावकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा बोर्ड परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया जा चुका है और परीक्षाएं 5 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं, साथ ही फरवरी में ही गृह परीक्षाएं भी संपन्न होनी हैं।

यूपी में साइबर स्पेस में बच्चों के यौन शोषण पर बड़ी काररवाई

लखनऊ (आससे.)। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध साइबर स्पेस में हो रहे ऑनलाइन अपराधों पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है।पुलिस मुख्यालय साइबर क्राइम के अनुसार अब तक ऑनलाइन शोषण और उत्पीड़न में फंसे कुल 24 बच्चों का रेस्क्यू किया गया है। पुलिस के मुताबिक अपराधी अपनी पहचान छिपाकर या पड़ोस, परिवार और सामाजिक संबंधों का लाभ उठाकर बच्चों का यौन शोषण करते हैं। कई मामलों में बच्चों से दोस्ती, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर गलत काम कराया जाता है। कई बार डिजिटल माध्यम से अश्लील सामग्री बनाकर व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, स्नैपचैट, जीमेल पर प्रसार और बिक्री की जाती है। यह सामग्री बच्चों के अधिकारों और गरिमा का गंभीर उल्लंघन है। इसे चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन एंड एब्यूज मटेरियल कहा जाता है, जो बच्चों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक क्षति पहुंचाता है।1 अप्रैल 2024 से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन आई 4 सी और एनसीएमईसी के बीच एमओयू है।

वाराणसी, आगरा के चार प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

लखनऊ (आससे.) दीपावली के अवसर पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण मिठाई और नमकीन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश ने 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के अंतर्गत प्रदेश में खाद्य सुरक्षा जांच तेज कर दी है। इसी क्रम में वाराणसी, आगरा और लखनऊ में मिठाई एवं नमकीन विनिर्माण प्रतिष्ठानों तथा संबंधित खाद्य कारोबार इकाइयों का निरीक्षण किया गया। तीनों शहरों में कुल 86 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों में कमियां पाए जाने पर 71 सुधार नोटिस जारी किए गए और 30 खाद्य नमूने संकलित किए गए। गंभीर कमियां मिलने पर चार प्रतिष्ठानों के खाद्य कारोबार लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि लखनऊ में भी एक मिठाई प्रतिष्ठान का कारोबार बंद कराया गया।प्रदेश स्तरीय टीमों ने मिठाई एवं नमकीन सेक्टर के लिए निर्धारित नियामक निरीक्षण मार्गदर्शिका और चेक बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई की। निरीक्षण में विनिर्माण परिसर की स्वच्छता, कच्चे माल की गुणवत्ता, दूध एवं दुग्ध उत्पादों का सुरक्षित रखरखाव, खाद्य रंगों एवं योजकों का प्रयोग, खाद्य तेल की गुणवत्ता, कीट नियंत्रण, पेयजल, खाद्य कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, लाइसेंस, अभिलेख और पैकेजिंग संबंधी नियमों के अनुपालन की जांच की गई।

वाराणसी में मिठाई एवं नमकीन विनिर्माण और बिक्री से जुड़े 30 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 28 सुधार नोटिस जारी किए गए और खाद्य पदार्थों के 15 नमूने संकलित किए गए। वाराणसी के सिंधी कॉलोनी, पाण्डेयपुर स्थित कोजी स्वीट्स में निरीक्षण के दौरान विनिर्माण परिसर की स्थिति अस्वच्छ पाई गई। परिसर के कई स्थानों पर जलजमाव, फर्श पर अत्यधिक गंदगी और दीवारों पर जाले मिले। अपशिष्ट प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं थी। खाद्य एवं अखाद्य पदार्थों के रखरखाव में भी कमियां पाई गईं। विनिर्माण में प्रयुक्त मशीनों और बर्तनों की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली।

तुतला भवानी महोत्सव 2026 का आगाज गूंजे माता का भजन

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी की तलहटी में अवस्थित प्रसिद्ध मां तुतला भवानी इको टूरिज्म स्थल स्थित पार्किंग एरिया में बुधवार को मां तूतला भवानी महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस प्राकृतिक और धार्मिक पर्यटन स्थल को एक नई पहचान दिलाने के लिए बिहार पर्यटन विभाग द्वारा एक साल में दूसरी बार इतने बड़े पैमाने पर लगातार तुतला धाम महोत्सव का आधिकारिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी दीपक मिश्रा, डीडीसी आकांक्षा आनंद,एमएलसी निवेदिता सिंह, स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित एवं पिता काटकर संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव सिंह ने किया ।जबकि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उद्घोषक दूरदर्शन केंद्र पटना के रूपम त्रिविक्रम ने किया । 35 लाख रुपए का बजट खर्च होने वाला इस महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत से हुआ । इसके पूर्व मां तुतला भवानी धाम समिति के सदस्यों द्वारा मंच का पुजन किया गया। तुतला धाम परिसर में आयोजित इस महोत्सव में भोजपुरी के नामचिन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से शमा बांध दिया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण का केंद्र भोजपुरी की सुप्रसिद्ध लोक गायिका कल्पना पटवारी एवं चर्चित गायक आर्यन बाबू ,मास्टर विकास,दिपक ठाकुर समेत कई कलाकारों ने अपने सुरमई और मनमोहक गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन सभी कलाकारों को देखने व सुनने के लिए हजारों श्रोता दूर दराज से पहुंचे थे। जिसमें युवाओं की बड़ी संख्या थी ।कल्पना पटवारी जैसे ही मंच पर पहुंची उपस्थित जन समूह ने उनका तालियों से जबरदस्त स्वागत किया । पटवारी ने सबसे पहले अपना प्रसिद्ध सुनबु त सुन ऐ मईया ,हमरी बचनीया भजन गया । इसके बाद छठ गीत रऊवा बाहरा से घरवा ना आईब एक बलमजी ,छठे घाटे के करा संगे जाएम ऐ बलमजी एक के बाद एक भजन गए। पटवारी ने अपनी अंदाज में प्रस्तुति से अपने फैन्स का दिल जीत लिया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजनकर्ता विहार पर्यटन विभाग एवं मां तुतला भवानी विकास समिति को इस शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह हर साल यहां आना चाहेंगी ।पाटवारी के अलावा भोजपुरी गायक आर्यन बाबू ने हर घर में एक ही नारा गुंजेगा माई हो तनी आ जईतु जैसे भक्ति गीत भक्तों के बीच पेश किया तो दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शक झुम उठे । वहीं मास्टर विकास ने। दुलरी बड़ी दुलरी मईया दुलरी सबका से हई सुकवार दिपक ठाकुर ने लाले उडहुलवा हो माई के लाले ओहाडझ गित प्रस्तुत कर दर्शकों को झुमने पर मजबूर कर दिया ।

हिंद-प्रशांत में शांति के लिए भारत -अमेरिका एकजुट

मनीला (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-अमेरिका के रक्षा संबंधों की समीक्षा करने और उन्हें आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 28 अक्टूबर को अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ वार्ता की. यह बैठक फिलीपीन के सेबू में एक बहुपक्षीय सम्मेलन से इतर हुई. सिंह और हेगसेथ 'आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस' (एडीएमएम-प्लस) में शामिल होने के लिए सेबू में हैं.

'एडीएमएम-प्लस' 11 सदस्यीय आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) और उसके आठ संवाद साझेदारों ङ्क भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, रूस और अमेरिका का मंच है. सिंह और हेगसेथ के बीच हुई वार्ता में मुख्य रूप से द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर संभवतः ध्यान केंद्रित किया गया. यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप पर पिछले साल 31 अक्टूबर को राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने दस्तखत किए थे। भारत और अमेरिका के बीच हुआ ये सुरक्षा समझौता 10 सालों का है।

इससे पहले दोनों देशों के बीच 2005 से 2015 तक के लिए 10 वर्षों का सुरक्षा समझौता हुआ था और इसे नये समझौते से बदला गया।

यूएस डिपार्टमेंट ऑफ वार के मुताबिक ये समझौता क्वाड समूह के जरिए एक स्वतंत्र, खुले और नियमों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देता है। इस समझौते के तहत दोनों देश डिफेंस टेक्नोलॉजी और टेक्नोलॉजी

के को-प्रोडक्शन के लिए तैयार हए थे। इसके लिए पहलों के माध्यम से मिलिट्री हार्डवेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही और गोला बारूद को साथ मिलकर बनाने और उत्पादन करने के लिए समझौता किया गया था। फिलीपींस में अमेरिकी रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 13वीं ष्ठरूरू-प्लस के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ एक बेहतरीन बैठक हुई।

उन्होंने आगे लिखा %हमने भारत-अमेरिका के 10-वर्षीय डिफेंस फ्रेमवर्क की प्रगति की समीक्षा की जो मिलिट्री टेक्नोलॉजी, सूचना साझा करने और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्रों में रणनीतिक तालमेल को बढ़ावा दे रहा है। हमारी मजबूत साझेदारी एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक आधारस्तंभ बनी हुई है।

हर माह एक लाख प्रशिक्षण का लक्ष्य-केशव

लखनऊ (आससे.)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कार्मिकों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए मासिक एक लाख प्रशिक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। जिला स्तर से लेकर संस्थान मुख्यालय तक नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, विषयवस्तु और उपयोगिता में निरंतर सुधार करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रशिक्षण का लाभ संबंधित कार्मिकों के कार्य व्यवहार और जनसेवा की गुणवत्ता में दिखाई दे।श्री मौर्य ने अप्रैल से सितम्बर तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, गुणवत्ता, सुधार और कार्यदक्षता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थान की प्रशिक्षण क्षमता और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप मासिक प्रशिक्षण रोस्टर तैयार किया जाए।

शेष

केन्द्रीय कर्मचारियोंको...

स्कीम' के तहत 1,856 करोड़ का प्रावधान केबिनेट बैठक में किया गया.केबिनेट बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और सशक्तिकरण को गति देने के लिए कैबिनेट बैठक में ग्राम स्वराज योजना के लिए 7,395 करोड़ की स्वीकृति दी गई.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत को लॉजिस्टिक्स और शिपिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाई गई इस कंटेनर विनिर्माण योजना को चार प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है. इसमें ब्याज सब्सिडी सहायता, कंटेनरों की गुणवत्ता जांचने के लिए परीक्षण और प्रमाणन सहायता, जमीन के लिए भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता और फैक्ट्रियों के दैनिक काम-काज के लिए परिचालन व्यय सहायता शामिल है।

वाहनकी...

बुधवार सुबह करीब सवा दस बजे नरायनपुर स्थित आलूमिल के सामने बाइक सड़क की पटरी से फिसलकर गिर गई। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात भारी वाहन ने तीनों को कुचल दिया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के पिता रमेश चंद्र चौहान की तहरीर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरार अज्ञात वाहन की तलाश और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। मनोज तीन भाइयों में सबसे छोटा था और टाइल्स मिस्त्री का काम करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह अपने भाई विकास चौहान की अपाचे बाइक लेकर घर लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही नरायनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक के आधार पर पट्टी कलां गांव के प्रधान से संपर्क कर ग्रामीणों को घटनास्थल पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नरायनपुर तिराहे से पुलिस चौकी तक करीब एक किलोमीटर सड़क की हालत पिछले एक वर्ष से बेहद खराब है। सड़क पर गड्ढे हैं और किनारे पटरी भी नहीं है।

दो बच्चों...

में ताप्ती गंगा एक्सप्रेस शाहगंज से आजमगढ़ की ओर जा रही थी। रानी की सराय स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव नहीं है। ट्रेन बीच वाली पटरी से गुजर रही थी। इसी दौरान महिला अपने बच्चों के साथ ट्रेन की चपेट में आ गयी। हालांकि, महिला और बच्चे कब पटरी पर पहुंचे, इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। ट्रेन के गुजरने के बाद तीनों के शव पटरी पर क्षत-विक्षत हालत में पड़े मिले। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शवों की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इन्वेस्टमेंट...

प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश में निवेश की नई संभावनाओं, मौजूदा परियोजनाओं को गति देने और निवेश को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू कराने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। सीएम ने आगे कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर निवेश से नया उद्योग, हर उद्योग से नया रोजगार और हर रोजगार से परिवारों में खुशहाली आए। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

महिलाओंके...

जरूरी है, लेकिन इसके साथ महिलाओं के लिए संविधान और कानून के तहत तय आरक्षण, सुविधाओं और विशेष सुरक्षा उपायों को भी सुरक्षित रखा जाना चाहिए। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने बुधवार को याचिका पर सुनवाई की। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना शामिल हैं। अदालत ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, कानून एवं न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जवाब मांगा है। याचिका में सवाल उठाया गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कानूनी मान्यता और अधिकार देने के दौरान महिलाओं के लिए बनाई गई विशेष व्यवस्थाओं की सुरक्षा कैसे स

चौथे टी-२० मैच के सभी टिकट बिके

आकलैंड (एजेन्सियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को यहां ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग ४०००० दर्शकोंके आने की उम्मीद है जो आकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी। भारत ने पांच मैचों की शृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गये तीसरे टी-२० मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया जिससे भारत ने छह विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए १३३ रन की साझेदारी की जिससे भारत ने १९९ रन का लक्ष्य महज १३.२ ओवरों में हासिल कर लिया। अभिषेक ने ३८ गेंदों में ११३ रन बनाये, जिसमें नौ चौके और ११ छक्के शामिल थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के एक बयान में कहा कि शुक्रवार को आकलैंड में होने वाले चौथे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच के सभी टिकट बिक गये हैं।

सोफी मोलिन्यू सबसे महंगी बिकी

महिला प्रीमियर लीग नीलामी : १२४ खिलाड़ियोंको किसी फ्रेंचाइजीने नहीं खरीदा

कोच्चि (एजेन्सियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) २०२७ सत्र के लिए बुधवार खिलाड़ियों की मिनी नीलामी हुई जिसमें कुल २७ उपलब्ध स्थानके लिए १५० खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था लेकिन नीलामी में कुल २५ खिलाड़ी ही बिकीं जबकि १२४ खिलाड़ियों को कोई खरीदार नहीं मिला। इस मिनी नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर सोफी मोलिन्यूक्स बिकीं जिन्हें टीम में शामिल करने के लिए यूपी वारियर्स ने १.१० करोड़ रुपये खर्च किये। मोलिन्यूक्स का आधार मूल्य ५० लाख रुपये था। वह एकमात्र खिलाड़ी रहीं जिन्हें इस नीलामी में एक करोड़ से अधिक कीमत पर खरीदा गया। डब्ल्यूपीएल का अगले साल जनवरी-फरवरी में होगा। इसके लिए सभी पांच टीमों ने कमर कस ली है। यूपी वारियर्स ने सबसे ज्यादा आठ खिलाड़ी खरीदे जिसमें तीन विदेशी शामिल हैं। इसके बाद भी उनके पास १.१५ करोड़ रुपये का पर्स शेष है। डब्ल्यूपीएल में प्रत्येक टीमें न्यूनतम १५ और अधिकतम १८ खिलाड़ियों को ही टीम में शामिल कर सकती हैं। गुजरात, मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने अधिकतम खिलाड़ियों का कोट पूरा कर लिया। वहीं, दिल्ली और आरसीबी के पास १७-१७ खिलाड़ियों का पूल है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लोई ट्रायान को ३० लाख में खरीदा। ट्रायॉन इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए दो सीजन खेल चुकी हैं, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद वह वॉरियर्ज से जुड़ीं। मुंबई इंडियंस ने अक्षिता भाटिया को उनकी बेस प्राइस १० लाख में खरीद लिया। इसके साथ ही टीम का स्क्वाड पूरा हो गया है। मुंबई के पर्स में अब भी २० लाख बाकी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी के आखिर में नाजमा खान को उनकी बेस प्राइस १० लाख में खरीद लिया। नाजमा इससे पहले एक्सेलरेटेड राउंड में अनसोल्ड रही थीं। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच श्वेता सहरावत को खरीदने के लिए बोली लगी। उनकी बेस प्राइस १० लाख थी, लेकिन दोनों टीमों के बीच मुकाबले के चलते कीमत बढ़कर २० लाख हो गयी। आखिरकार दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने उन्हें खरीद लिया। दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के बाद किरण नवगिरे ने टीम के चैंपियन बनने की उम्मीद जतायी है। उन्होंने कहा कि वह शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स के साथ पहले भी खेल चुकी हैं और उनसे बातचीत होती रहती थी।

किस टीम ने कितना खर्च किया

यूपी वॉरियर्ज:	₹2.60 करोड़
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:	₹1.10 करोड़
दिल्ली कैपिटल्स:	₹1.05 करोड़
गुजरात जायंट्स:	₹80 लाख
मुंबई इंडियंस:	₹70 लाख
कुल-	₹6.25 करोड़

प्रसिद्ध कृष्णा एकदिनी शृंखला से बाहर हुए

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण चार नवम्बर से न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिनी शृंखलामें नहीं खेल पायेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने बुधवार को जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैण्ड ए के बीच खेले गये पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई ने कहा कि प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवम्बर और दो नवम्बर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है। सूत्र ने कहा कि टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति का मानना है कि प्रसिद्ध को टेस्ट क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट होना चाहिए।

पैरा अथलीट नीरज यादवने आत्महत्या की

पुलिसको प्रेम प्रसंग का संदेह

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नीरज यादव ने कथित तौर पर अपने घर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि डोपिंग के लिए निलंबित किये जाने के कारण आइची-नागोया एशियाई पैरा खेलों में भाग नहीं ले पाने और एक महिला के साथ उनकी दोस्ती टूटने के बाद वह भावनात्मक तनाव में थे। बुधवार को उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। उनके आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। भारतीय पैरा-अथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच एस सत्यनारायण ने कहा कि २०२३ के हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के बाद डोपिंग मामला सामने आने के बाद से वह यादव के संपर्क में थे। सत्यनारायण ने कहा कि नीरज ने आत्महत्या कर ली है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरे उनसे घनिष्ठ संबंध थे। डोपिंग मामले में उनका नाम आने के बाद से मैं लगातार उनके संपर्क में था। जाफराबाद पुलिस स्टेशन इस मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा १९४ के तहत जांच कर रहा है। यादव को अस्पताल ले जाने वाली महिला ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि दिसम्बर २०२५ से उसकी यादव के साथ 'दोस्ती' थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला मंगलवार को यादव से मिलने के लिए हरियाणा के सोनीपत गयी थी और उसने यादव से कहा था कि वह 'अब उसके संपर्क में नहीं रह सकती है।

भारतने एक और क्लीन स्वीप किया

तीसरे महिला एकदिनीमें जिम्बाब्वेको आठ विकेट से हराया, वैष्णवी, प्रतिका और शेफाली चमकीं

वडोदरा (एजेन्सियां)। प्लेयर आफ द मैच वैष्णवी शर्मा (५-३९) की घातक गेंदबाजी के बाद प्रतिका रावल (अजेय ५९) और शेफाली वर्मा (अजेय ५१) के विस्फोटक अर्द्धशतक की बदौलत भारतने बुधवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिनी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वेको आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की शृंखला में क्लीन स्वीप कर दिया। जिम्बाब्वे को १३१ रन पर समेटने के बाद भारत ने ३३ ओवर बाकी रहते दो विकेटपर आवश्यक रन बना लिए। एकदिनी से पहले टी-२० अंतरराष्ट्रीय शृंखला में भी भारत ने जिम्बाब्वेका क्लीन स्वीप किया था। १३२ रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यास्तिका भाटिया (शून्य) पहली ही गेंद पर आउट हो गयीं। हालांकि, प्रतिका रावल ने एक छोर संभाले रखा और शानदार बल्लेबाजी करते हुए ५६ गेंदों में अजेय ५९ रन बनाये। उन्होंने हरलीन देओल (१९ रन, १९ गेंद, चार चौके) के साथ दूसरे विकेटके लिए ५१ गेंद में ५९ रन जोड़े। प्रतिका ने अपनी पारी के दौरान ५६ गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एकदिनी करियर का १०वां अर्धशतक पूरा किया और शेफाली के साथ तीसरे विकेटके लिए ५० गेंद में ७४ रन की अटूट साझेदारी कर भारत का स्कोर १७ ओवर में दो विकेट पर १३३ रन कर दिया। शेफाली वर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज २६ गेंदों में छह चौके और तीन छक्के की मदद से अजेय ५१ रन की पारी खेली।

इससे पहले बायें हाथ की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा के पांच विकेट के बूते भारत ने जिम्बाब्वे की पारी को ३९.५ ओवर में १३१ रन पर समेट दिया। अपने तीसरे एकदिनी मुकाबले में खेल रहीं वैष्णवी ने १० ओवर में एक मेडन के साथ ३९ रन देकर पांच विकेट झटक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उन्होंने इसी मैदान पर खेले गये पिछले मैचमें चार विकेट चटकाये थे। २० वर्षीय वैष्णवी ने गेंद को हवा में लहराने से परहेज नहीं किया और उनकी इस रणनीति में जिम्बाब्वे की बल्लेबाज लगातार फंसती चली गयीं। मेहमान टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने ४८ गेंदों में ३७ रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। भारत दौरे पर लगातार बल्लेबाजी में संघर्ष कर रही जिम्बाब्वे की टीम की मुश्किलें शुरुआती ओवरों में ही बढ़ गयीं। उसके बल्लेबाजों ने गैर-जिम्मेदाराना शाट खेलकर आसानी से अपने विकेट गंवाये। तेज गेंदबाज सयाली सतघरे ने अपने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज लोरिन फिरी को विकेट के पीछे यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलायी। इसके बाद तीसरे नम्बर पर बल्लेबाजी करने उतरी चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं। क्रांति गौड़ की गेंद पर कट लगाने की कोशिश में उन्होंने प्वाइंट पर खड़ी शेफाली वर्मा को कैच थमा दिया। इसके बाद वैष्णवी ने अपनी फिरकी का जादू चलाया। उन्होंने पहले बिलव्ड बीजा को आउट किया और फिर शानदार फार्म में चल रहीं मुपाचिक्वा को अपनी चतुराई से चकमा दिया। मुपाचिक्वा के क्रीज से बाहर निकलकर खेलने के इरादे को भांपते हुए वैष्णवी ने गेंद को आफ स्टंप से काफी बाहर फ्लाइट कराया। बल्लेबाज गेंद तक नहीं पहुंच सकीं और विकेटकीपर यास्तिका ने उन्हें स्टंप कर दिया। वैष्णवी का पांचवां और आखिरी विकेट उनके स्पेल की अंतिम गेंद पर आया। न्याशा ग्वानजुरा ने बड़ा स्लाग स्वीप खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद पैड से टकराकर स्टंपपर जा लगी। वैष्णवी के शानदार प्रदर्शन के अलावा क्रांति गौड़ और सयाली सतघरे ने भी दो-दो विकेट हासिल किये। शृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम ने इस मुकाबले के लिए अपनी अंतिम एकादश में तीन बदलाव किये। हरलीन देओल, यास्तिका और क्रांति को टीम में शामिल किया गया। तेज गेंदबाज क्रांति को दूसरे मैचमें आराम दिया गया था।

वैभव, सत्यम, हिमांशु और पवन अव्वल

बाल खेल मेला

वाराणसी। वैभव भारद्वाज, सत्यम पाल, हिमांशु गौड़ और पवन पटेल ने बुधवार को विकास इंटर कालेज द्वारा आयोजित बाल खेल मेला में अपनी-अपनी स्पर्धा में पहला स्थान पाया। परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय आयोजित प्रतियोगिता के पहले दिन शिवानी, सोनाली राजभर, अदिति गुप्ता और ऋषिका प्रजापति ने अपने अपने स्पर्धा में पहला स्थान प्राप्त किया। उज्जवल कुमार, शिवम पटेल, जुनेद अली, लकी पटेल, अनन्या, प्रियंजलि, वर्षा प्रजापति और परी शर्मा अपनी-अपनी स्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त किया। हिमांशु सिंह, शिवांश राजभर, शिवम पाण्डेय, कौशल भारद्वाज, कृति चौहान, माही पटेल, अनुष्का और गरिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ के उपाध्यक्ष डा एके सिंह ने किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि यूपी एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब की अध्यक्ष डा आशा सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। सरिता दुबे, सुनीता पटेल, अभिषेक, रविता सिंह, राजेश मौर्या और विभा सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता खेली गयी।

अभिषेक फिर टी-२० रैंकिंग में शीर्ष पर

दुबई (एजेन्सियां)। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी-२० अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नम्बर एक बल्लेबाज बन गये। अभिषेक ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ तीसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को महज ३८ गेंद में ११३ रन की तूफानी पारी खेली जो उनका इस प्रारूप में चौथा शतक है। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये। आईसीसी ने लिखा- अभिषेक की शीर्ष स्थान पर वापसी की उम्मीद थी। भारत के इस बायें हाथ के बल्लेबाज ने मंगलवार को वेलिंगटन में शृंखला के तीसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ तूफानी शतक जड़कर टी-२० अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

चीनसे भी पार पाना चाहेगी भारतीय टीम

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी

जालंधर (एजेन्सियां)। खिताब का बचाव करने के अपने अभियान का शानदार शुरुआत करने वाली पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम गुरुवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) ने अपने दूसरे राउंड-राबिन मैच में चीन के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। एशियाई खेलों में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतने और लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ने बांगलादेश के खिलाफ १३-० से बड़ी जीत हासिल की और वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसकी जगह बांगलादेश को शामिल किया गया। यह एकतरफा मैच था जिसमें अधिकतर समय गेंद बांगलादेश के पाले में ही घूमती रही। पिंडली की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हुए मनप्रीत सिंह की अनुपस्थिति में हार्दिक, विवेक सागर प्रसाद और नीलाकांता ने मध्य पंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया और अग्रिम पंक्तिके यो खिलाड़ियों के साथ अच्छी तरहसे तालमेल बिठाया। मनदीप ने अग्रिम पंक्ति में शानदार खेल दिखाये जबकि अभिषेक, दिलप्रीत, शिलानंद और सुखजीत सिंह ने उनका बखूबी साथ दिया। रक्षापंक्तिमें हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जुगराज और संजय पर पहले की तरह दारोमदार होगा, जबकि सूरज करकेरा और कृष्ण बहादुर पाठक गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। जहां तक चीन की खिलाड़ियों का सवाल है तो उन्होंने एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलयेशिया के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह ४-५ से हार गएये। चीन ने इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से नयी टीम उतारी है और उसके युवा खिलाड़ियों ने मलयेशिया के खिलाफ अपनी काबिलियतका अच्छा नमूना पेश किया। फुल्टन ने चीन के खिलाफ होने वाले मैच के बारे में कहा कि हम चीन की इस टीम के बारे में नहीं जानते क्योंकि वह पूरी तरह से नयी टीम के साथ यहां आये हैं। उसकी वह टीम नहीं है जो एशियाई खेलों में खेली थी। उनके बारे में सही जानकारी हासिल करने के लिए हमें उनके मैच के वीडियो फुटेज का विश्लेषण करना होगा।

आजके मैच

मलयेशिया-दक्षिण कोरिया २.३० बजेसे।
जापान-बांगलादेश शाम ४.४५ बजेसे।
भारत बनाम चीन शाम ७.०० बजेसे।

सीए की रेकार्ड कमाई

मेलबर्न (एजेन्सियां)। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एशेज और भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की शृंखला के लिए मीडिया अधिकार समझौतों से ६०१.१ मिलियन आस्ट्रेलियाई डालर (४२३ मिलियन अमेरिकी डालर) की रेकार्ड कमाई और ८१.८ मिलियन आस्ट्रेलियाई डालर (५७ मिलियन डालर) का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को कहा कि २०२५-२६ वित्तीय वर्ष के परिणाम उसके मजबूत व्यावसायिक प्रदर्शन, दर्शकों की रेकार्ड संख्या और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी सफलता को दर्शाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में क्रिकेट आस्ट्रेलिया को ११.३ मिलियन आस्ट्रेलियाई डालर (७.९५ मिलियन डालर) का नुकसान हुआ था। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि इंगलैण्ड के खिलाफ घरेलू टेस्ट शृंखला और भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की शृंखला से मीडिया, वाणिज्यिक और मैच के दिन की कमाई ने रेकार्ड स्तर को छू लिया।

काजल, नीलमको रजत, पहली चैम्पियन का इंतजार बढ़ा

विश्व कुश्ती

अस्ताना (एजेन्सियां)। काजल ढोचक को बुधवार को यहां विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के महिला ७६ किग्रा वर्ग के फाइनल में तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन अनास्तासिया अल्पयेयेवा के खिलाफ करीबी मुकाबले में ६-८ से शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह दिन का भारत का दूसरा रजत पदक था। इससे पहले नीलम सिरोही को भी महिला ५० किग्रा वर्ग के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की अंडर-२० विश्व चैम्पियन काजल भारत की पहली महिला सीनियर विश्व चैम्पियन बनने से चूक गयीं। वह सुशील कुमार के २०१० में खिताब जीतने के बाद विश्व चैम्पियन बनने वाली भारत की दूसरी पहलवान बनने का मौका भी गंवा बैठीं। स्कोर के ४-४ से बराबर होने पर काजल 'क्राइटेरिया' के आधार पर आगे थीं लेकिन मुकाबला समाप्त होने में महज २० सेकेंड शेष रहते अल्पयेयेवा ने शानदार दांव लगाकर टेकडाउन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। हालांकि काजल और नीलम दोनों का प्रदर्शन यादगार रहा। भारत ने पहली बार महिला कुश्ती के इतिहास में विश्व चैम्पियनशिप में एक ही दिन दो रजत पदक जीते। काजल ने सेमीफाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने १-७ से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए किर्गिस्तान की आइपेरी मेडेट काइजी को १०-७ से हराया था।

वाराणसीको पांच स्वर्ण, चार रजत

वाराणसी। मेरठ में आयोजित हुई अखिल भारतीय सीबीएसई राष्ट्रीय स्किपिंग प्रतियोगितामें वाराणसी के गुरु नानक इंगलिश स्कूल, शिवपुरके पांच खिलाड़ियों को ने स्वर्ण जबकि चार खिलाड़ियोंने रजत पदक जीत अपने स्कूल का मान बढ़ाया। पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं-अंडर १९ बालक में आयुष कुमार, वैभव सिंह, श्रेयश शर्मा, अतुल्य कुमार, प्रखर सिंह स्वर्ण, अंडर १४ बालक में अथर्व सिंह, आदर्श मिश्रा, सिद्धार्थ चौहान, आदित्य पाठक ने रजत जीते। इस उपलब्धि पर स्कूल की निदेशक दलजीत कौर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा प्रशिक्षक संजय तिवारी का भी उत्साहवर्द्धन किया। इस प्रतियोगितामें लगभग ८० स्कूल के ५०० खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हैण्डबाल : वाराणसी मण्डलकी दोहरी जीत

वाराणसी। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा झांसी में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार से किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन वाराणसी की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैचमें चित्रकूट मंडल को एकतरफा मैच में १४-३ से पराजित किया। वाराणसी मंडल की तरफ से रितिका और स्नेहा ने पांच-पांच तथा काजल ने चार गोल किया। दूसरे मैच में वाराणसी मंडल ने मेजबान झांसी मंडल को १६-७ से शिकस्त दी। वाराणसी मंडल की तरफ से रेशमा ने पांच, प्रीति यादव और प्रीति पटेल चार-चार और सुमन ने तीन गोल किया।

वाराणसीकी जीतमें शुभमके तीन गोल

वाराणसी। सेंटर फारवर्ड शुभम पटेल के शानदार तीन गोल की बदौलत वाराणसी क्लब ने हाकी वाराणसी के तत्वावधान में खेली जा रही सरदार वल्लभ भाई पटेल सेवन साइड हाकी प्रतियोगिता में बुधवार को इम्पीरियल क्लब को ५-२ से हरा दिया। डा. भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल बड़ा लालपुर में खेले गये इस मैच में वाराणसी क्लब की टीम ने शुरू से लेफ्ट विंग से आक्रमण की नीति अपनायी। खेल के पांचवें मिनट में प्राची के माइनस पास पर शुभम पटेल ने खूबसूरत गोल कर स्कोर १-० कर दिया। तीन ही मिनट बाद इंपीरियल क्लब ने काउंटर अटैक किया

सेवन ए साइड हाकी

दीपिका यादव ने रिवर्स फ्लिक से गोल कर स्कोर १-१ कर दिया। खेल के २२वें मिनट में वाराणसी क्लब के अंशु शर्मा ने एकल प्रयास से गोल कर अपनी टीम को २-१ की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम से दो मिनट पहले इंपीरियल क्लब के मोहित ने शानदार गोल कर स्कोर २-२ कर दिया। दूसरे हाफ में वाराणसी क्लब ने अपनी रणनीति में बदलाव किया। छोटे छोटे पास के सहारे इंपीरियल क्लब के लेफ्ट और सेंटर विंग से आक्रमण की नीति अपनायी। ३५वें मिनट में अंशु शर्मा ने मोनिका गुप्ता के क्रास पास पर गोल कर अपनी टीम को ३-१ से आगे कर दिया। ४५वें और ४८वें मिनट में शुभम पटेल ने पुश शाट से गोल कर अपनी टीम को ५-२ से आगे कर दिया। अंत में इंपीरियल क्लब ने जी जान लगा दी लेकिन वाराणसी क्लब की डिफेंस लाइन ने हर बार शानदार बचाव किया।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026

मेष-	योजना साकार, नौकरी में पदोन्नति, कर्ज की अदायगी, शिक्षा में सफलता, यात्रा।
वृषभ-	कार्यों में प्रगति, आरोग्य सुख, स्वजनों से विचार-विमर्श, परोपकार की भावना, हर्ष।
मिथुन-	आज रात्रि 10/07 बजे तक मन उदास तदुपरान्त कुछेक मसले हल, विवाद का समापन।
कर्क-	आज रात्रि 10/07 बजे तक अनुकूलता तदनन्तर भाग्य में न्यूनता, तनाव की स्थिति, मतभेद।
सिंह-	अभिलाषा की पूर्ति, वातावरण सुखद, सुसंदेश से खुशी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कन्या-	हर्षोल्लास का माहौल, प्रेमसंबंधों में मधुरता, व्यक्तित्व का विकास, यात्रा सुखद।
तुला-	आज रात्रि 10/07 बजे तक जोखिम से नुकसान तत्पश्चात् श्रेष्ठजनों का सहयोग, मन प्रसन्न।
वृश्चिक-	आज रात्रि 10/07 बजे तक उन्नति तदुपरान्त व्यय की अधिकता, एकाग्रता का अभाव।
धनु-	नवसंपर्क लाभदायी, मेल मिलाप में रुचि, कर्ज की निवृत्ति, व्यक्तित्व का विकास।
मकर-	नवसमाचार से खुशी, कठिनाइयों का निराकरण, अधूरेयोजना साकार, मन प्रसन्न।
कुम्भ-	आज रात्रि 10/07 बजे तक प्रतिकूलता तदनन्तर आर्थिकपक्ष बेहतर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क।
मीन-	आज रात्रि 10/07 बजे तक सफलता तत्पश्चात् भाग्य में न्यूनता, पारिवारिक समस्याएँ, धनहानि।

आज है जिनका जन्मदिन 29 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 29 का मूलांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। दयालु व कल्पनाशील व्यक्ति होंगे। व्यक्तित्व सम्मोहक होगा। अत्यधिक उदारता आपके लिए नुकसानदायक होगी। विचारों में बार-बार परिवर्तन करेंगे। में त्वरित निर्णय क्षमता का अभाव रहेगा। मुख्य उद्देश्य लक्ष्य की प्राप्ति होगा। किसी भी कार्य को निःस्वार्थ भाव से करेंगे। कुछ ईर्ष्यालु भी होंगे। जनसम्पर्क का लाभ मिलेगा। बाहरी दिखावा अधिक पसन्द करेंगे। एक ही स्थान पर ज्यादा देर तक टिक नहीं पायेंगे। अधिकतर निर्णय अनिर्णय की स्थिति में रहेंगे। पारिवारिक जीवन कष्टकर रहेगा। यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपके जीवन एकाग्रता का अभाव बना रहेगा। नियमित रूप से इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग का प्रयोग अधिकतम करें। सोमवार के दिन सफेद रंग की वस्तुओं का दान भी करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएँ। सदाचार का पालन करें। भाग्योदय के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ सों सोमाय नमः	मास	: अक्टूबर, अक्टूबर एवं नवम्बर
व्रत	: सोमवार	वर्ष	: 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
दिन	: सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार	रंग	: सफेद एवं क्रीम
दिनांक	: 2, 11, 20, 29	जन्मरत्न	: मोती — उपरत्न : मून स्टोन
अंक	: 1, 4, 7	जड़ी	: अनार की जड़ — दिशा : नैर्ऋत्य

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

7	2	9
8	6	4
3	10	5

सुडोकू ४०९८

4								9
8			6					
					5	1		
							6	8
	2				3			
								4
		5				2		
			4	3				
	7			8				

8	7	6	4	5	9	2	3	1
5	3	1	6	7	2	4	8	9
4	2	9	3	1	8	5	7	6
1	6	4	7	2	5	8	9	3
9	5	3	1	8	4	7	6	2
2	8	7	9	3	6	1	4	5
3	4	2	8	6	1	9	5	7
6	1	8	5	9	7	3	2	4
7	9	5	2	4	3	6	1	8

सही: ४०९७

५१६ किलो पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी के निर्देश में यह कार्रवाई की गई। थाना कोपागंज में दर्ज मुकदमा संख्या 296/26, धारा 5/9बी विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं धारा 288 बीएनएस से संबंधित मामले में पुलिस टीम ने नंदन गुप्ता उम्र 27 वर्ष, पुत्र मुन्ना, निवासी हीन इंदारा चट्टी, थाना कोपागंज, जनपद मऊ को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि मंगलवार की रात करीब 11.45 बजे इंदारा चट्टी स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने 19 गत्तों और सात प्लास्टिक की बोरियों में रखे विभिन्न कंपनियों के पटाखे बरामद किए। बरामद पटाखों का कुल वजन 516.350 किलोग्राम बताया गया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजकमल, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह, कांस्टेबल रामबहादुर सरोज, विवेक सिंह पटेल, हेड कांस्टेबल मानिकराज यादव, कांस्टेबल राघवेंद्र प्रताप सिंह यादव, उमेश यादव तथा महिला कांस्टेबल स्वाती मौर्या शामिल रहीं।

करेंट से दो झुलसे

मऊ। रतनपुरा क्षेत्र के मुबारकपुर नई बस्ती में बुधवार को बिजली करंट की चपेट में आने से वायरिंग का काम कर रहे दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगापुर, रतनपुरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। बताया जाता है कि इलेक्ट्रानिक एवं वायरिंग का काम करने वाले हीरा राजभर उम्र 50 वर्ष, निवासी दतौड़ा ग्राम पंचायत, तथा रामविलास राजभर उम्र 35 वर्ष, निवासी मुबारकपुर ग्राम सभा, रतनपुरा मुबारकपुर नई बस्ती निवासी वीरेंद्र गुप्ता के मकान में वायरिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान बिजली कनेक्शन के तार जोड़ने के लिए पहुंचते ही दोनों करंट की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों को

वायरिंग करते समय हुई घटना

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगापुर लाया गया। चिकित्सकों ने हीरा राजभर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल मऊ के लिए रेफर कर दिया, जबकि रामविलास राजभर का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

कबाड़ की दुकान में लगी आग, तीन लाख की हुई क्षति

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के खुरहट बाजार में बुधवार प्रात: अज्ञात कारणों से बड़ा गांव निवासी विनय कुमार विश्वकर्मा की खुरहट बाजार में कबाड़ी की दुकान में आग लग गई । आग की लपट इतनी तेज थी कि की लगभग 2 घंटे तक आग ने कबाड़ा की दुकान में रखे हुए सभी सामानों को जला दिया। वहीं आग की सूचना मिलते ही लोगों ने इसकी सूचना दूरभाष पर फायर ब्रिगेड को दिए। मौके पर पहुंची मुहम्मदाबाद गोहना की एक फायर ब्रिगेड गाड़ी एवं मऊ जनपद से आई एक फायर ब्रिगेड गाड़ी द्वारा लगभग 2 घंटे के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया । कबाड़ा मलिक ने लगभग 300000 की क्षति बताई है।

समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य मऊ में कल

मऊ। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राम अवतार सिंह एवं सदस्यगण बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, अरविंद कुमार चौरसिया एवं एसपी सिंह जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के तहत 30 अक्टूबर (शुक्रवार) को जनपद मऊ पहुंचेंगे।

बाइक के धक्के से एक घायल, हालत गंभीर

मऊ। घोसी कोतवाली अंतर्गत बोझी -मांदी सिपाह मार्ग पर बड़रांव गांव के निकट मंगलवार की सायं काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़रांव पर दवा लेने आ रहे साइकिल सवार एक व्यक्ति को बाइक सवार ने सामने टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी । वह घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़रांव पहुंचा। वहां पर प्राथमिक इलाज के पश्चात सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां से घायल व्यक्ति के गम्भीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर बी एच यू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जबड़े व आंख के ऊपर गंभीर चोट है। घायल का नाम श्रवण कुमार सिंह उम्र 45वर्ष पुत्र तिलक धारी निवासी सपनौती मादी- दुल्लह थाना दोहरीघाट का निवासी है।

सेमिनार एक को

मऊ। किंग्स ईडन कालेज एवं नर्सिंग में आगामी 1 नवंबर प्रात: 11.00 बजे एक विशाल सेमिनार बीएससी नर्सिंग जीएनएम ओटी टेक्नीशियन बैच का शुभारंभ हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी किंग्स ईडन इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजर डाक्टर प्रबीण कुमार मद्धेशिया ने दी है।

३४ वाहनों का चालान

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 34वाहनों का ई-चालान किया।

सैम-मैम बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें-सीडीओ

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका की भर्ती प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति/जिला कन्वर्जेंस समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति, सैम-मैम बच्चों के स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार ने विभाग में स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की स्थिति के साथ ही विभिन्न योजनाओं की प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तर से भरे जाने वाले पदों को शासन के निर्देशों के अनुरूप शीघ्र भरने तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सैम-मैम बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकतासैम (गंभीर तीव्र कुपोषित) एवं मैम (मध्यम तीव्र कुपोषित) बच्चों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिक. ारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सैम बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा उनकी नियमित स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार राजीव कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बी.के. यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुशील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

यूनियन बैंक ने जागरुकता रैली का किया आयोजन

मऊ। मंगलवार को यूनियन बैंक आफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, मऊ द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मऊ नगर में यूनियन विजिथान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक आफ इंडिया के कार्मिकों द्वारा भ्रष्टाचार सतर्कता के संबंध में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के दौरान बैंक के मऊ क्षेत्र के प्रमुख शिव कुमार शुक्ला, क्षेत्रीय आश्वासन प्रमुख अनिल कुमार सिन्हा, ईकोसिस्टम बैंकिंग केंद्र प्रमुख कृष्ण कुमार पांडेय एवं क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ क्षेत्र के अन्य कार्यपालक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त आयोजन के दौरान क्षेत्र प्रमुख शिव कुमार शुक्ला ने आज के समय में भ्रष्टाचार को एक बड़ी समस्या बताते हुए इस संबंध में लोगों की जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब वह भ्रष्ट आचरण तथा निजी हित को त्यागकर सभी के हित को ध्यान में रखकर कार्य करें। उन्होंने बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में किसी भी रूप में भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं करना चाहिए तथा इसके लिए हमें अवश्य आवाज़ उठानी चाहिए। सभी के सम्मिलित तथा ईमानदार प्रयास से हम इससे अवश्य निजात पा सकते हैं।

ठगी के १.१२ लाख रुपये पुलिस ने कराये वापस

घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर मिर्जापुर निवासी संतोष कुमार यादव का मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने 2,12,249 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पीड़ित ने 22 सितंबर को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद घोसी पुलिस की साइबर टीम ने काररवाई करते हुए ठगी की धनराशि होल्ड कराई। इसके बाद 28 अक्टूबर को पीड़ित के खाते में 1,12,367 रुपये वापस कराए गए। साइबर टीम में उपनि. रीक्षक प्रकाश सिंह (नोडल अधिकारी), उपनिरीक्षक दिनेश यादव (सहायक नोडल अधिक. ारी), हेड आपरेटर अरविंद यादव, महिला आरक्षी पुष्पलता पांडेय और महिला आरक्षी रूपा सिंह शामिल रहीं।

सड़क के किनारे अतिक्रमण से गमनागमन में परेशानी

अतिक्रमण हटाने की मांग

मऊ । मधुबन- बेल्थरा रोड मुख्य मार्ग स्थित मर्यादपुर बाजार में पी डब्लू डी सड़क के किनारे पक्की दुकान बना कर अतिक्रमण करने से राहगिरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर आम जनमानस में आक्रोश पनप रहा है। बावजूद इसके सम्बंधित अधिकारी कुम्भकरणीय नींद में मस्त हैं। तहसील क्षेत्र के मर्यादपुर बाजार में पी डब्लू डी की स्वामित्व वाली जमीन पर कब्जा कर किल्निक का संचालन किया जा रहा है । पी डब्लू डी की जमीन पर अवैध कब्ज़ा करने की होड़ सी मची हुई है । सड़क के दोनों फुटपातों के किनारे झुग्गी झोपड़ी और पक्का निर्माण करा लिया गया है। जिससे वाहनों के आने-जाने में हो रही दिक्कतों के साथ आम लोगों को भी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। ढ़िलई फिरोजपुर निवासी एक व्यक्ति ने पी डब्लू डी की जमीन पर हो रहे पक्के निर्माण की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया है और आरोप लगाया है कि मर्यादपुर बाजार में पी डब्लू डी की जमीन पर एक कथाकथित डाक्टर द्रारा अवैध कब्ज़ा कर पक्का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी जांच कर विधिक काररवाई की मांग किया है।

मधुबन को हराकर वाराणसी ने जीती रुपा मेमोरियल कबड्डी ट्राफी

नदवासराय (मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के शमशाबाद कुटी स्थित मेले में आयोजित रुपा मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता में न्यू ओम साईं आटो वाराणसी की टीम ने मधुबन को 26-14 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। सोमवार शाम शुरू हुई प्रतियोगिता के मुकाबले मंगलवार भोर तक चले सेमीफाइनल में मधुबन ने मऊ स्टेडियम और वाराणसी ने गाजीपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले के पहले हाफ में वाराणसी ने 13-8 की बढ़त बनाई और कप्तान विशाल यादव के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मऊ स्टेडियम की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में विजेता वाराणसी को आठ हजार, उपविज. ेता मधुबन को छह हजार और तीसरे स्थान पर रही मऊ स्टेडियम की टीम को तीन हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। तीनों टीमों को ट्राफी, मेडल, अंगवस्त्र और हनुमानजी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मनोज यादव, सुजीत सिंह और अजीत प्रताप सिंह ने किया। लकी जनसेवा की ओर से सर्वश्रेष्ठ दर्शक को भी विशेष पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार, भाजपा नेत्री उर्मिला पासी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में शमशाबाद, अखंड दीप इंफ, बंदीघाट, इब्रा. हिमपुर, बड़ागांव गाजीपुर, वाराणसी और मऊ स्टेडियम समेत कई टीमों ने प्रतिभाग किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य मुकेश सरोज, कालिका प्रसाद गोंड़, दिनेश सरोज, सुरेंद्र सरोज, प्रशांत सिंह जोशी, आकाश शर्मा, सच्चिदानंद कश्यप, अबूबकर अंसारी, विशाल कुमार, सूरज पासी, अमरदीप यादव, कुलदीप सरोज, अश्वनी सिंह और एखलाक अहमद ने सक्रिय भूमिका निभाई। रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने के लिए मेले में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

नुकसान से बचाव के लिए कृषि विभाग ने दी सलाह

मऊ। जनपद में आगामी दिनों में संभावित आंधी-तूफान एवं वर्षा को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को फसल की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। उप कृषि निदेशक, मऊ प्रेम कुमार ठाकुर ने एडवाइजरी जारी किया है कि किसानों से मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फसल कटाई, मड़ाई और भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की अपील की गई है। श्री ठाकुर के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 को पूर्वांचल के जनपदों में आंधी-तूफान एवं वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। कृषि विभाग ने सलाह दी है कि जिन किसानों की धान की फसल पककर तैयार खड़ी है, वे मौसम को ध्यान में रखते हुए तत्काल कटाई कर लें।

पशु आरोग्य मेले में २८८ पशुओं को बांटी गयीं नि:शुल्क दवाएं

सूरजपुर (मऊ)। क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को भैंसहा गांव में पशु चिकित्सालय सूरजपुर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष दरगाह हरिओम शर्मा ने गोपूजन कर किया। शिविर में 288 पशुओं को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. मोहिंदर प्रसाद ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आरके निगम ने पशुओं में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर मंडल मंत्री अभिषेक सिंह ग्राम प्रधान दिग्विजय यादव पशुधन प्रसार अधिकारी सुरेंद्र सिंह, बटोष कुमार यादव ,रवि प्रकाश, प्रिंसिपल मौर्य, भरत ,विशाल ,नागेंद्र ,सदानंद ,दीना यादव ,फागू यादव, विवेक ,श्यामसुंदर ,जयप्रकाश और मोती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

साड़ के आतंक से लोग परेशान

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के शंकर तिराहा एवं मुख्य बाजार में सांड की आतंक से लोग जहां भयभीत हैं । वहीं इस जानवर ने दो लोगों को घायल कर दिया है । जिसके चलते लोग किसी तरह से बचकर बाजारों में आ रहे हैं । खुलेआम छुट्टी पशुओं के घूमने से जहां एक तरफ सड़क एवं विभिन्न मोहल्ले में गंदगी भी व्याप्त है । वहीं इनकी देख-रेख हेतु कोई व्यवस्था नहीं है । इसके अलावा बंदरों के भी आतंक से लोग भयभीत हैं ।

दी अर्बन को-आपरेटिव बैंक की वार्षिक सामान्य सभा एक नवंबर को

मऊ। दी अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, मऊ की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन आगामी 1 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे डीसीएसके पीजी कालेज, मऊ के सभागार में आयोजित होगी। बैंक के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि, वार्षिक सामान्य सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 की बैंक की वार्षिक प्रगति आख्या एवं अंकेक्षित वार्षिक लेखा-विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

विद्युत विभाग ने दो लाख से ऊपर की किया वसूली

मऊ। विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा स्थानीय ब्लाक के ग्राम खैराबाद एवं नगर पंचायत वलीदपुर स्थित लगभग 42 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच की । जांच के दौरान चार विद्युत उपभोक्ता का विद्या परिवर्तन दो नए स्मार्ट मीटर,15 बकायेदारों का विद्युत कनेक्श काटे गए।इस दौरान राजस्व के रूप में 218300 की प्राप्ति हुई ।

संक्षिप्त समाचार

बिंदु अस्पताल में प्रत्येक गुरुवार को मरीजों को परामर्श दे रहे हैं डा. यूपी यादव

मऊ। बिंदु अस्पताल रतनपुरा में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ से जुड़े फिजिशियन डा. यूपी यादव प्रत्येक गुरुवार को मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दे रहे हैं। उनकी नियमित उपलब्धता से रतनपुरा एवं आस-पास के क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के लिए दूर जाने की परेशानी से राहत मिल रही है। डा. यादव एमबीबीएस, एमडी हैं। प्रत्येक गुरुवार को नियमित रूप से अपनी सेवाएं देने के कारण डा. यादव के पास परामर्श के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे क्षेत्र में एक अनुभवी फिजिशियन के रूप में उनकी पहचान मजबूत हुई है।

वनगमन और केवट संवाद की लीला ने दर्शकों को किया भावुक

सूरजपुर (मऊ)। मधुबन तहसील क्षेत्र के चकऊथ स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला में कलाकारों ने वनगमन निषादराज मित्रता केवट संवाद और चित्रकूट में भरत शत्रुघ्न के श्रीराम को मनाने की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला में भगवान श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन के प्रसंग का मार्मिक चित्रण किया गया। इसके बाद निषादराज से मित्रता और केवट संवाद की लीला प्रस्तुत की गई। चित्रकूट में भरत और शत्रुघ्न के अयोध्यावासियों के साथ पहुंचकर श्रीराम को अयोध्या लौटने के लिए मनाने का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

अनोखी मिठाई, नाम सुनकर मारने दौड़ते हैं लोग

भारत में कोस-कोस में बोली बदल जाती है। खान-पान बदल जाता है। हर शहर का खान-पान अलग होता है। साउथ इंडिया में तो बिल्कुल अलग ही तरह की डिश बनती हैं। इसी तरह यूपी-बिहार और राजस्थान में अलग-अलग तरह के व्यंजन बनते हैं। मिठाइयां बनती हैं। थाली में मिठाई भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। कई शहरों की पहचान मिठाई से है। इसी तरह राजस्थान के जोधपुर शहर में ऐसी ही एक मिठाई बिकती है। पिछले 86 साल से एक ही दुकान में यह मिठाई बिक रही है। इसका नाम सुनते ही लोग शरमा जाते हैं। यह मिठाई जोधपुर के मंडोर में स्वदेशी स्वीट होम में मिलती है। राजस्थान का जोधपुर शहर तीखी-टेस्टी कचौड़ी के लिए फेमस है। मिर्च बड़ा भी बहुत फेमस है। इसी शहर की एक मिठाई बहुत पॉप्युलर है। इस मिठाई के 5-5 नाम हैं। दुकान बैंक की तरह खुलती है। 10 बजे दुकान खुलती है और शाम 5 बजे बंद हो जाती है। इस मिठाई का नाम है चुंटिया चक्की। इसे स्वदेशी चूरमा चक्की, बेसन री चक्की, चुंटिया री चक्की, बेसन मावा री चक्की, बेसन की बर्फी, बेसन की चक्की के नाम से भी जाना जाता है। ठेठ मारवाड़ी में इसे चिंगटी चक्की कहते हैं। इसका बिगड़ा हुआ नाम 'चुंटिया चक्की' है। इस मिठाई के दीवाने इसे 'दिल खुशाल चक्की' भी कहते हैं।

किस्मत हो तो ऐसी

कहते हैं कि किस्मत कब और कहां पलट जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया में सोने की तलाश कर रहे एक शख्स के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। कई दिनों तक जमीन खोदने के बावजूद जब उसके हाथ कुछ खास नहीं लगा,

तो वह निराश होने लगा था, लेकिन एक दिन उसकी किस्मत ने ऐसी करवट ली कि वह खुद भी हैरान रह गया. उसे जमीन के नीचे सोने का एक बड़ा टुकड़ा मिला, जिसका वजन 1.2 किलोग्राम से ज्यादा बताया जा रहा है. इस खोज की अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है, जबकि किसी कलेक्टर को बेचने पर इसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यह अनोखी घटना ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के सुदूर उत्तर-पश्चिमी इलाके में टिबूबुरा के पास स्थित माउंट स्टुअर्ट स्टेशन की है। यहां एक शख्स काफी समय से मेटल डिटेक्टर की मदद से जमीन में सोना तलाश रहा था। कई दिनों की मेहनत के बाद भी उसे कोई बड़ी सफलता नहीं मिली थी. इसी महीने एक दिन वह लगातार खुदाई करने से थक चुका था और काम बंद करने के बारे में सोच रहा था। तभी उसके मेटल डिटेक्टर 'गोल्ड मॉन्स्टर 2000' ने जमीन के नीचे किसी धातु की मौजूदगी का संकेत दिया. दिलचस्प बात यह थी कि इतना बड़ा सोने का टुकड़ा मिलने के बावजूद मशीन का शुरुआती सिग्नल बहुत तेज नहीं था। इसके बावजूद उसने तलाश जारी रखने का फैसला किया, जो उसके लिए जिंदगी की सबसे यादगार खोज साबित हुआ. खुदाई के दौरान करीब 100 मीटर आगे बढ़ने पर मशीन से तेज आवाज आने लगी. शख्स ने जब आसपास की मिट्टी हटाई, तो उसे जमीन के भीतर एक चमकदार चीज दिखाई दी. ध्यान से देखने पर पता चला कि वह कोई साधारण धातु नहीं, बल्कि सोने का बड़ा टुकड़ा था. उसे अपनी आंखों पर यकीन करना मुश्किल हो रहा था।

१,५०७ मीटर लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म

भारत में रेलवे का जाल इतना बड़ा है कि यहां हर दिन लाखों लोग ट्रेन से सफर करते हैं। कहीं रेलवे स्टेशन अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर हैं, तो कहीं ट्रेनों की रफ्तार और अनोखे रिकॉर्ड लोगों का ध्यान खींचते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म भी भारत में ही है? इसकी लंबाई इतनी ज्यादा है कि इसे देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। खास बात यह है कि इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी जगह मिली है। दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म भारत के कर्नाटक राज्य के हुबली शहर में स्थित श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली रेलवे स्टेशन पर है। इस प्लेटफॉर्म की लंबाई 1,507 मीटर है। यानी यह 1.5 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट और प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की जानकारी के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म ने अपनी लंबाई के दम पर दुनिया भर में पहचान बनाई है। भारतीय रेलवे के लिए यह एक खास उपलब्धि है, क्योंकि इसने देश को रेलवे से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड में शीर्ष स्थान दिलाया।

दुनिया का पहला अखबार छपने की कहानी

सुबह की चाय के साथ देश-विदेश का हाल जानने के लिए लोग सुबह के समय अखबार पढ़ते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं सबसे पहली बार अखबार कहां और कब छपा था? अखबार का इतिहास जितना पुराना है, उतना ही दिलचस्प भी है। अखबार छपने की शुरुआत साल 1605 में यूरोप के स्ट्रासबर्ग शहर में हुई थी। योहान कैरोलुस नाम के एक व्यक्ति ने दुनिया का सबसे पहला प्रिंटेड अखबार प्रकाशित किया था, जिसने पत्रकारिता के इतिहास को बदल दिया। इस अखबार का नाम रिलेशन आलर फ्यूरमेन उंड गेडेंकवुर्डिगेन हिस्टोरियन रखा गया था। अखबार की प्रिंटिंग शुरू होने से पहले कैलोलुस खुद अपने हाथों से अखबार लिखा करते थे। इस अखबार में अलग-अलग देशों से जुड़ी जरूर घटनाओं की जानकारी शामिल होती थी। हालांकि, हाथ से लिखने के कारण खबरें बहुत सीमित लोगों तक ही पहुंच पाती थीं। हाथ से लिखने में समय लगता था और मेहनत भी बहुत ज्यादा होती थी, इसलिए अखबार सीमित मात्रा में ही तैयार हो पाते थे। जब उन्हें प्रिंटिंग प्रेस मिली, तो उन्होंने खबरों को एक जैसी कॉपी में छापना शुरू कर दिया। इससे एक ही खबर को एक साथ कई लोगों तक पहुंचाना आसान हो गया। यही से हर हफ्ते अखबार छापने और बांटने की व्यवस्था शुरू हुई। शुरुआत में यह अखबार साप्ताहिक आधार पर ही छपा करता था, रोज नहीं। आज के अखबार आपने देखे हैं, बड़े-बड़े पन्ने, जिनमें हर पन्ने पर अलग-अलग विषयों की खबरें छपी होती हैं। नेशनल, स्टेट, स्पोर्ट्स, संपादकीय आदि, लेकिन सबसे पहला अखबार रिलेशन ऐसा नहीं था। वह असल में एक किताब के आकार की समाचार-पुस्तिका हुआ करती थी। भले ही इसका स्वरूप अलग था, लेकिन इसमें छपने वाला कंटेंट बेहद खास होता था। इसमें अलग-अलग जगहों से इकट्ठा हुई खबरें, जैसे- राजनीतिक घटनाएं, युद्ध, राजघरानों की गतिविधियां और दूसरी जरूरी खबरें शामिल होती थीं। अलग-अलग जगहों से नियमित रूप से खबरें जुटाना और फिर उन्हें छापकर लोगों तक पहुंचाना, उस दौर में एक बिल्कुल नई और अनोखी व्यवस्था थी। कैरोलुस की इस पहल ने सूचना और समाचार के क्षेत्र में क्रांति ला दी। इसके बाद यूरोप के कई दूसरे शहरों में भी नियमित रूप से समाचारों का प्रकाशन तेजी से शुरू होने लगा, जिसने आधुनिक प्रिंट का रास्ता साफ किया।

अखबार छपने की शुरुआत साल १६०५ में यूरोप के स्ट्रासबर्ग शहर में हुई थी। योहान कैरोलुस नाम के एक व्यक्ति ने दुनिया का सबसे पहला प्रिंटेड अखबार प्रकाशित किया था, जिसने पत्रकारिता के इतिहास को बदल दिया।

आज के अखबार आपने देखे हैं, बड़े-बड़े पन्ने, जिनमें हर पन्ने पर अलग-अलग विषयों की खबरें छपी होती हैं। नेशनल, स्टेट, स्पोर्ट्स, संपादकीय आदि, लेकिन सबसे पहला अखबार रिलेशन ऐसा नहीं था। वह असल में एक किताब के आकार की समाचार-पुस्तिका हुआ करती थी। भले ही इसका स्वरूप अलग था, लेकिन इसमें छपने वाला कंटेंट बेहद खास होता था।

भीतर जो संस्कार और आकर्षण छिपे होते हैं, वे भी उसमें मिल जाते हैं। कुछ समय तक यह चलता है, परंतु बाद में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे लोग योग माया में उलझ जाते हैं, क्योंकि उन्हें सही मार्गदर्शन देने वाला कोई नहीं होता। जब यह समझ आ जाती है, तब व्यक्ति सिद्धियों में नहीं फँसता। वह अपने भीतर स्थिर रहता है, ज्ञान में स्थित रहता है। तब स्वाभाविक रूप से उसके आशीर्वाद से लोगों का कल्याण होने लगता है।

दुनियामें कुछ ऐसे देश जहांके बच्चे हैं ज्यादा शैतान

क्लास में अनुशासन, शोर और छात्रों की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता सीखने के माहौल को तय कर सकती है। प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट की हालिया रिपोर्ट से यह पता चलता है कि अलग-अलग देशों में कक्षा के व्यवहार में काफी ज्यादा अंतर है.इसमें बताया गया है कि एशिया के कुछ हिस्सों में कक्षाएं काफी शांत रहती हैं जबकि कई पश्चिमी देशों में अनुशासन बनाए रखने को लेकर ज्यादा चुनौतियां हैं. यह तुलना सिर्फ सबसे शरारती बच्चों की पहचान करने के बजाय, कक्षा में होने वाले शोर, छात्रों के ध्यान और वहां के माहौल पर केंद्रित है.जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर उन देशों में शामिल हैं जहां कक्षाएं सबसे ज्यादा अनुशासित होती हैं. इन देशों में 85 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों का कहना है कि पढ़ाई के दौरान कभी शोर नहीं होता. क्लास में शांत होने से शिक्षकों को अनुशासन बनाए रखने में वक्त बर्बाद करने के बजाय, पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है। चीन में भी क्लास काफी अनुशासित मानी जाती है। यहां छात्र

कक्षा के नियमों का सख्ती से पालन करते हैं और पढ़ाई के दौरान अपना पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर ही लगाते हैं. इन उदाहरणों से पता चलता है कि कई एशियाई देशों की शिक्षा प्रणालियों काफी अनुशासित हैं.ऑस्ट्रेलिया उन देशों में शामिल है जहां पर छात्रों का कहना है कि क्लास में पढ़ाई के दौरान काफी व्यवधान होता है. आंकड़ों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के 41 प्रतिशत छात्रों का कहना है कि उनकी क्लास में लगातार शोर होता रहता है। यह आंकड़ा 31 प्रतिशत के वैश्विक औसत से ज्यादा है जो बताता है कि ऑस्ट्रेलिया में छात्रों के बीच क्लास का शोर एक आम समस्या है। न्यूजीलैंड और यूनाइटेड किंगडम में भी क्लास मैनेजमेंट को लेकर काफी चुनौती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की तरह ही इन देशों के स्कूलों में भी अनुशासन का स्तर लगातार गिर रहा है. भारत ने प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट एसेसमेंट की इस नई रिपोर्ट में हिस्सा नहीं लिया है. यही वजह है कि इस नई रिपोर्ट में कक्षा के अनुशासन या फिर छात्रों के व्यवहार के मामले में भारत की वर्तमान स्थिति का पता नहीं चलता है. इन नतीजों के आधार पर दूसरे देशों के साथ भारत की रैंकिंग नहीं की जा सकती। इस रैंकिंग में भारत ने आखिरी बार 2009 में हिस्सा लिया था।

आजादीकी लड़ाईसे जुड़ी मिठाई

तिरंगी बर्फी काशी में शुरू हुई थी। यह मिठाई 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी हुई है। इसकी तीन रंगीन परतें राष्ट्रीय ध्वज को दर्शाती थीं। उस समय ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन में शहर में तिरंगा फहराना और देशभक्तिपूर्ण मार्च निकालना प्रतिबंध था. झंडे के रंगों को एक जानी पहचानी मिठाई में बदलकर इसे बनाने वालों ने पाबंदियों के बावजूद भी देशभक्ति की भावना को व्यक्त करने के लिए एक रचनात्मक तरीका खोजा.इस बर्फी की शुरुआत काशी या वाराणसी के ठठेरी बाजार इलाके की एक पुरानी मिठाई की दुकान राम भंडार ने की दी। इस दुकान की स्थापना 1850 के आसपास से श्री रघुनाथ दास गुप्ता ने की थी। गुप्ता परिवार ने आंदोलन के दौरान इस मिठाई को तैयार किया. 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने काशी में तिरंगा फहराने और मार्च निकालने पर सख्त पाबंदी लगा दी थी. इसके जवाब में गुप्ता परिवार ने केसरिया, सफेद और हरे रंग की बर्फी बनाई. ये तीनों रंग हमारे राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े हैं, क्योंकि ये रंग किसी असली झंडे पर नहीं बल्कि एक मिठाई में थे इस वजह से लोगों को अपनी राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक साथ रखने का एक नया जरिया मिल गया. यह विरोध का एक ऐसा तरीका बन गया जिसे असली तिरंगा साथ रखे बिना भी सबके सामने दिखाया जा सकता था. ऐसा कहा जाता है कि स्वतंत्रता सेनानी इस मिठाई को हाथों में लेकर सड़कों पर उतरते थे. इस तरह वे औपनिवेशिक पाबंदियों का विरोध भी करते थे और झंडा रखने या दिखाने पर लगी रोक से भी बच जाते थे।

खानेकी बर्बादीमें चीन सबसे आगे, भारत भी पीछे नहीं

खाने की बर्बादी अब सिर्फ घर की रसोई या शादी-पार्टियों में बची प्लेटों का मामला नहीं रह गई है। यह वैश्विक खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण से जुड़ी बड़ी चुनौती बन चुकी है. दुनिया में एक तरफ करोड़ों लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता. वहीं दूसरी तरफ हर दिन भारी मात्रा में खाना बिना खाए कूड़े में पहुंच जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किस देश में सबसे ज्यादा खाना बर्बाद किया जाता है। अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों और हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन, भारत और अमेरिका कुल खाद्य बर्बादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हैं। जानें इस लिस्ट में और कौन-कौन से देश शामिल है और किस देश में सबसे कम खाना बर्बाद होता है.रिपोर्स के मुताबिक चीन में सालाना 108 मिलियन टन से ज्यादा फूड वेस्ट होने का अनुमान है. इसके बाद भारत करीब 78 मिलियन टन और अमेरिका करीब 24 मिलियन टन के साथ बड़े फूड वेस्ट जनरेटर्स में आते हैं. चीन और भारत के आंकड़ों का एक बड़ा कारण उनकी विशाल आबादी भी है. भारत में सालाना खाद्य बर्बादी का अनुमान 78 मिलियन टन से अधिक है, लेकिन प्रति व्यक्ति आंकड़ा करीब 54 किलो सालाना बैठता है. यानी कुल मात्रा बहुत बड़ी होने के बावजूद प्रति व्यक्ति भारत कुछ दूसरे देशों के मुकाबले कम फूड वेस्ट करता है।

जब इंसानी नसोंमें बहा भेड़ का खून

आज के दौर में अस्पतालों में किसी मरीज को खून चढ़ाना एक बेहद सामान्य और सुरक्षित चिकित्सा प्रक्रिया मानी जाती है, लेकिन इसका इतिहास हैरान कर देने वाला है क्या आप जानते हैं कि मानव इतिहास में पहली बार जब किसी व्यक्ति को खून चढ़ाया गया था, तो वह किसी इंसान का नहीं बल्कि एक बेजुबान जानवर का था? सत्रहवीं शताब्दी में किया गया यह अनूठा प्रयोग आधुनिक मेडिकल साइंस के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ। आइए जानते हैं उस ऐतिहासिक प्रयोग की पूरी कहानी, जिसने रक्तदान यानी ब्लड ट्रांसफ्यूजन की दुनिया की बुनियाद रखी। दुनिया के सबसे पहले दर्ज किए गए रक्तदान का श्रेय फ्रांस के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जीन-बैप्टिस्ट डेनिस को जाता है. घटना 15 जून 1667 की है, जब एक 15 वर्षीय लड़का कई दिनों से बेहद तेज बुखार से तड़प रहा था और उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। तत्कालीन समय में दवाइयों और इलाज के विकल्प बेहद सीमित थे। ऐसे में लड़के को मौत के मुंह से निकालने के लिए डॉक्टर डेनिस ने एक बेहद अनूठा और जानलेवा जोखिम उठाने का फैसला किया। उन्होंने एक भेड़ के शरीर से खून निकालकर सीधे उस लड़के की नसों में ट्रांसफर कर दिया। उस दौर में डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को इंसानी रक्त की संरचना, घटकों या ब्लड ग्रुप के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके बावजूद यह जोखिम भरा कदम चमत्कारिक रूप से सफल रहा. भेड़ का खून चढ़ने के कुछ ही समय बाद लड़के के बुखार का असर कम होने लगा और उसकी शारीरिक स्थिति में अप्रत्याशित सुधार देखा गया. यह प्रयोग सफल रहा और वह किशोर पूरी तरह ठीक होकर जीवित बच गया। इस घटना ने पूरी दुनिया के चिकित्सा जगत को हैरान कर दिया और इसे विज्ञान का एक बड़ा चमत्कार माना गया।

५४ की हुईं रवीना टंडन-पहली ही फिल्म से जीत लिया था

जब भी 90 के दशक की चर्चित हीरोइनों का नाम लिया जाता है, तो रवीना टंडन के बिना चर्चा अधूरी होती है। साल 1991 में सिनेमा की दुनिया में इन्होंने कदम रखे। पहली ही फिल्म इंडस्ट्री के दबंग सलमान खान के साथ हुई। इस नई अभिनेत्री के पास पिता से मिली कुछ सीख थीं और अदाकारी की प्रतिभा थी। पिता से मिले सबक और उसूल हमेशा साथ रखे। अभिनय समय के साथ निखरता गया। रवीना टंडन का जन्म मुंबई में हुआ। रवीना को फिल्मों और सिनेमा का लगाव अपने पिता से मिला। वे दिवंगत निर्देशक रवि टंडन की बेटी हैं। रवीना के पिता का नाम रवि टंडन और मां का नाम वीना है। दोनों के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना रखा गया। उनके घर का नाम मुनमुन है। अभिनेत्री ने अपनी शुरुआती शिक्षा जमुनाबाई पब्लिक स्कूल से ली। इसके बाद उन्होंने स्नातक करने के लिए मीठीबाई कॉलेज में दाखिला ले लिया। उन्होंने कॉलेज के दिनों से मॉडलिंग शुरू कर दी थी। उनकी सुंदरता की वजह से उन्हें पढ़ाई के दौरान ही बहुत से ऑफर मिलने लगे थे, जिसके बाद उन्होंने ग्रेजुएशन के दूसरे साल में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। रवीना टंडन ने साल 1991 में फिल्मों में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म सलमान खान के साथ थी। इस फिल्म का नाम पत्थर के फूल था। फिल्म में रवीना की एक्टिंग और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ हुई। उन्हें न्यू फेस ऑफ द ईयर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। रवीना टंडन ने 90 के दशक में अंदाज अपना अपना से लेकर मोहरा, दुल्हे राजा और शूल जैसी फिल्मों में काम किया। फिल्म मोहरा का आइकॉनिक गाना टिप टिप बरसा पानी तो आज भी लोग यूट्यूब पर देखना पसंद करते हैं। रवीना टंडन के पिता रवि टंडन हिंदी सिनेमा के जाने माने निर्माता-निर्देशक रहे, लेकिन रवीना टंडन ने यह कभी नहीं सोचा कि उनके पिता उन्हें फिल्मों में लॉन्च करेंगे। रवीना टंडन कहती हैं, पापा ने हमेशा मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया। वह आगरा से बिना कुछ लिए आए और अपने दम पर मुंबई सब कुछ बनाया। मैंने भी सोचा कि अपने दम पर फिल्में हासिल करना है। पापा से हमेशा अपने पैरों पर खुद खड़े होने की प्रेरणा मिली। एक इंटरव्यू में रवीना ने बताया, चाहे मेरी निजी जिंदगी में या करियर का सबसे बुरा दौर चल रहा हो। मैंने पापा से सीखा है कि ईमानदारी, विनम्रता, धैर्य और आत्मबल से बड़ी से बड़ी परेशानी का मुकाबला किया जा सकता है। मुझे याद है एक बार पापा मेरी फिल्म के सेट पर आए और एक बात कही। उन्होंने कहा कि एक बच्चा जब चलना सीखता है तो बहुत बार गिरता है, लेकिन वह पसर कर बैठ नगीं जाता बल्कि वह उठता है, अपने आप को समेटता है और छोटे-छोटे कदम तब तक लेता है जब वह ठीक से चलना नहीं सीख लेता। जिंदगी में वैसे ही हमें अपने आप को समेट कर चलना सीखना होगा।

वजन बढ़ा तो ट्रोल, वजन घटा तो भी सवाल

फिल्मी सितारों की जिंदगी में कैमरा और सोशल मीडिया हमेशा उनके साथ रहता है. लेकिन कई बार किसी फिल्म, काम या उपलब्धि से ज्यादा चर्चा उनके चेहरे, कपड़ों और बॉडी को लेकर होने लगती है। खासकर अभिनेत्रियों के वजन में थोड़ा बदलाव आते ही सोशल मीडिया पर कमेंट्स की बाढ़ आ जाती है. प्रेग्नेंसी के बाद शरीर में आए बदलाव भी इससे अछूते नहीं हैं। हाल के कुछ मामले बताते हैं कि मां बनने के बाद सामान्य शारीरिक बदलाव भी किस तरह सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का कारण बन जाते हैं.हाल ही में मां बनीं कैटरीना कैफ भी इसका सामना कर चुकी हैं. सितंबर 2026 में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी समारोह में विक्की कौशल के साथ उनकी तस्वीरें और वीडियो सामने आए. इसके बाद सोशल मीडिया के एक हिस्से ने उनके पोस्ट-प्रेग्नेंसी लुक और वजन को लेकर कमेंट किए. कुछ यूजर्स ने उनके पुराने लुक से तुलना की और उम्र को लेकर भी टिप्पणियां कीं। एक पोस्ट में उनके लुक को लेकर यह सवाल भी उठाया गया कि क्या वह प्रेग्नेंसी के बाद अपनी देखभाल नहीं कर रही हैं। इसके बाद कई

लोगों ने कैटरीना का बचाव किया और कहा कि प्रेग्नेंसी के बाद शरीर में बदलाव होना सामान्य है। करीना कपूर का नाम भी उन अभिनेत्रियों में शामिल है, जिन्हें सालों से उनके शरीर और उम्र को लेकर सोशल मीडिया पर कमेंट्स का सामना करना पड़ा है। करीना दो बच्चों की मां हैं. 2025 में उन्होंने बताया था कि अपने दूसरे बच्चे जेह के जन्म के बाद उनका वजन करीब 25 किलो बढ़ गया था। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ समय के लिए उन्हें प्रेग्नेंसी से पहले वाले शरीर में वापस आने का दबाव महसूस हुआ था, हालांकि करीना के मामले में ट्रोलिंग सिर्फ वजन बढ़ने तक सीमित नहीं रही. 2019 में उनकी एक तस्वीर पर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें 'आंटी' और 'ओल्ड' कहकर ट्रोल किया था. इससे पहले उन्हें बहुत ज्यादा दुबला दिखने पर भी 'स्केलेटन' और खाना खाने की सलाह जैसे कमेंट झेलने पड़े थे। यानी वजन कम हो या ज्यादा, सोशल मीडिया पर उनके शरीर को लेकर टिप्पणियां होती रही हैं। 2022 में करीना और उनकी दोस्त अमृता अरोड़ा को एक तस्वीर पर उम्र और वजन को लेकर ट्रोल किया गया। एक कमेंट में उन्हें 'बुड्ढी' कहा गया, जिस पर करीना ने सवाल किया कि क्या यह शब्द किसी का अपमान करने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए. वहीं अमृता ने अपने वजन बढ़ने पर आए कमेंट्स का जवाब देते हुए कहा था कि उनका वजन उनकी समस्या है और इसे हर किसी का मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं. इन मामलों में एक बात बार-बार सामने आती है कि महिलाओं की बॉडी को लेकर समाज की उम्मीदें कितनी बदलती रहती हैं। वजन बढ़े तो सवाल, वजन कम हो तो सवाल और उम्र बढ़े तो भी कमेंट्स. खासकर मां बनने के बाद शरीर को तुरंत पहले जैसा दिखने की उम्मीद महिलाओं पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है।